# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शुक्रवार 20 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 300 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




ईद, सरहुल और रामनवमी के दौरान विधि एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक करते सीएम हेमंत सोरेन

## संक्षिप्त समाचार

### नीरज कुमार बने रांची के डिप्टी मेयर

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड की राजधानी रांची में गुरुवार को हुए डिप्टी मेयर चुनाव में भाजपा समर्थित वार्ड पार्षद नीरज कुमार ने शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी परमजीत सिंह बिट्टू को 23 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया। नीरज कुमार को कुल 38 वोट मिले जबकि परमजीत सिंह बिट्टू को केवल 15 वोट ही प्राप्त हो सके। इस जीत के साथ नीरज कुमार रांची नगर निगम के नए डिप्टी मेयर बन गए।

### पेड़ से टकराई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, एक की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** डुमरी-गिरिडीह मुख्य पथ पर मधुबन थाना क्षेत्र के लटकटो पिकेट के पास धावाटांड के पास गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रांची की ओर जा रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में स्कॉर्पियो सवार रांची निवासी रवि कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, वाहन चला रहे राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

### डैम में डूबने से युवक की मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र के भेड़ीफॉर्म डैम में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कान्हाचट्टी प्रखंड के बूढ़ीगढ़ा गांव निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक अपने तीन साथियों के साथ डैम में नहाने आया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और अचानक डूबने लगा। साथियों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह पानी में काफी नीचे चला गया और कुछ समय के लिए गायब हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद युवक का शव डैम से बाहर निकाला गया।

### आजसू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष गिरफ्तार

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** जिला पुलिस ने आजसू पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक जोयपॉल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आजसू नेता को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद ने पत्रकार सम्मेलन के दौरान दी। एसडीपीओ दयानंद आजाद ने बताया कि बीते 27 जनवरी को गांधी चौक के निकट स्कूल बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी थी और गांधी चौक के अलावा निजी विद्यालय के निकट सड़क जाम, आपत्तिजनक नारेबाजी, थाना सहित कई अन्य स्थानों में पथराव, मारपीट की घटना घटी थी। इस मामले में दंडाधिकारी के बयान पर पुलिस ने नामजद अभियुक्त आलोक जोयपॉल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पर्व-त्योहारों को लेकर मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की समीक्षा बैठक

# संवेदनशील इलाकों में बढ़ाएं सुरक्षा, कोई गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद मोर्चा संभालते हुए गुरुवार को अपने आवासीय कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के डीसी और एसपी के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सीएम ने साफ कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता यह है कि राज्य के लोग शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मना सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि किसी भी तरह की गड़बड़ी या अप्रिय घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी समेत तमाम बड़े अधिकारी मौजूद रहे। सीएम ने सभी जिलों के अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने और हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर नजर रखने को कहा। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन इलाकों को संवेदनशील के रूप में चिन्हित



किया गया है, वहां अतिरिक्त पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की जाए ताकि किसी भी स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा सके और माहौल बिगड़ने से पहले ही कार्रवाई हो। सीएम ने साफ कहा कि जुलूस और भीड़भाड़ वाले इलाकों पर खास नजर रखी जाए। इसके लिए सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन जैसी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे हर गतिविधि पर नजर रखना आसान होगा और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी। अफवाहों को रोकने के लिए सोशल मीडिया सेल को पूरी तरह एक्टिव कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि किसी भी तरह की भड़काऊ पोस्ट या गलत जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखें और समय पर हस्तक्षेप करें। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि वे स्थानीय शांति समितियों के साथ बैठक करें और लोगों के बीच आपसी विश्वास और भाईचारा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं और इन्हें मिल-जुलकर मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। बैठक के अंत में सीएम हेमंत सोरेन ने दोहराया कि राज्य में शांति और कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करें ताकि हर नागरिक बिना किसी डर के त्योहार का आनंद ले सके।

# टीएसपीसी के पांच नक्सली गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चतरा।** उग्रवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पिपरवार थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सुदर्शन जी गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक को 18 मार्च की रात गुप्त सूचना मिली थी कि संगठन के कुछ सदस्य बेंती मैदान के पास जुटे हैं और किसी बड़े व्यक्ति को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया गया। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ टंडवा प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम जैसे ही बेंती मैदान के पास पहुंची जहां मौजूद युवक भागने लगे। हालांकि पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए चारों ओर से घेराबंदी कर पांचों को पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में सुरेंद्र कुमार उर्फ लंबू, अशोक कुमार गंझू, हरीश महतो, सूरज कुमार भुईयां और रोनित कुमार गंझू शामिल हैं। सभी अलग-अलग स्थानों के निवासी हैं और संगठन के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, 7.62 एमएम की जिंदा गोली, टीएसपीसी के धमकी भरे पर्चे और एक चोरी की पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार ये सभी सामग्री किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। जब्त पर्चों के जरिए इलाके में दहशत फैलाने और लेवी वसूलने की साजिश रची जा रही थी। बरामद बाइक के संबंध में भी जांच शुरू कर दी गई है। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। 11 मार्च की सुबह महेंद्र गंझू के घर पर हुई फायरिंग की घटना में भी इसी गिरोह का हाथ था। गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे संगठन के विस्तार और रंगदारी वसूलने के लिए क्षेत्र में भय का माहौल बना रहे थे। इस कार्रवाई में पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क की तलाश में जुट गई है।

# पूर्व मंत्री योगेंद्र साव का घर जमींदोज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** जिले के केरेडारी प्रखंड के जोरदाग में गुरुवार को पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के घर को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई एनटीपीसी और पूर्व मंत्री के बीच लंबे समय से चल रहे जमीन एवं मुआवजा विवाद के कारण की गई। बता दें कि योगेंद्र साव अपनी पत्नी और बड़कागांव की पूर्व विधायक निर्मला देवी के साथ पिछले कई दिनों से अपने आवास स्थल पर धरना दे रहे थे। उनकी मुख्य मांग भूमि के बदले मिलने वाली मुआवजा राशि में बढ़ोतरी थी। एनटीपीसी अधिकारियों के अनुसार संबंधित भूमि के लिए निर्धारित मुआवजा राशि पहले ही तय की जा चुकी थी। योगेंद्र साव द्वारा राशि लेने से इनकार करने के बाद इसे ट्रिब्यूनल कोर्ट में जमा कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि चट्टी बरियातू कोल खनन परियोजना के विस्तार कार्य में बाधा आ रही थी जिसके कारण प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा। प्रशासन ने इस मामले में कई बार हस्तक्षेप कर समझौते का प्रयास किया था लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। इस दौरान प्रशासन और योगेंद्र साव के बीच कई बार टकराव की स्थिति भी बनी। गुरुवार को केरेडारी अंचलाधिकारी और एनटीपीसी अधिकारियों की मौजूदगी में तीन पोकलेन मशीनों की मदद से घर को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरे क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात थी।

# 40 हजार घूस लेते एमओ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**साहिबगंज।** दुमका प्रक्षेत्र की एसीबी की टीम ने साहिबगंज जिला के बरहड़वा प्रखंड कार्यालय में बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने दफ्तर से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नंदन कुमार को गिरफ्तार कर दुमका लेकर चली गई। एसीबी की ओर से बताया गया है कि उसने आलमगीर आलम नाम के डीलर से रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। इसको लेकर पीड़ित द्वारा शिकायत की गयी थी। इसके बाद पूरी प्लानिंग के तहत एसीबी की टीम बरहड़वा पहुंची और पीड़ित के द्वारा 40 हजार रुपया लेते हुए रंगेहाथों प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पकड़ लिया। प्रखंड के एमओ की गिरफ्तारी की खबर सामने आते ही प्रखंड कार्यालय में हड़कंप मच गया। एसीबी की टीम ने संबंधित थाना को सूचित कर पूरे मामला को बताया और आरोपी को अपने साथ दुमका लेकर रवाना हो गई। इससे पहले गुरुवार को एसबी की टीम चार से पांच की संख्या में बरहड़वा प्रखंड कार्यालय पहुंची थी। सभी लोग सादे लिबास में थे, इसलिए किसी को भनक तक




नहीं लगी। इसके पूर्व भी बरहेट प्रखंड के मुखिया को एसीबी की टीम ने घूस लेते हुए पकड़ जेल भेज दिया था। जिला में तीन साल पहले जिला मत्सय विभाग में एक कर्मी को घूस लेते पकड़ा था। बता दें कि हाल में झारखंड सरकार ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को बहाली कर नियुक्ति पत्र देकर जिला में पोस्टिंग हुई थी। नंदन कुमार की बरहड़वा प्रखंड में पहली पोस्टिंग थी। जिला को करीब नौ प्रखंड में सात प्रखंड में एमओ मिल गया था।

# फ्लाइओवर में दरार, हाई लेवल कमिटी करेगी जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** रांची से वाराणसी तक भारत माला प्रोजेक्ट के तहत नेशनल हाइवे 39 का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में नेशनल हाइवे 39 पर पलामू के ब्रह्मोरिया में फ्लाइओवर में दरार की खबर निकल कर सामने आई है। फ्लाइओवर में दरार के मामले की नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की हाई लेवल कमेटी जांच करेगी। पलामू सांसद विष्णुदयाल राम की तरफ से जांच की जानकारी साझा की गई है। दरअसल पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने नेशनल हाईवे 39 के मुद्दों को लेकर नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन संतोष कुमार यादव से मुलाकात की और फ्लाईओवर में आए दरार समेत कई बिंदुओं की जानकारी दी। फ्लाइओवर में आई दरार की नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया जांच करेगी



और इससे संबंधित एक रिपोर्ट तैयार करेगी। रिपोर्ट के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी। इस मुलाकात के दौरान पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने चेयरमैन से जोरकट टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को कैंप लगाकर पास वितरण करने की मांग की है। सांसद ने पलामू के पोखराहा और जोड़ में फ्लाइओवर निर्माण की मांग की है। दोनों जगहों पर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। पोखराहा और जोड़ में नेशनल हाइवे के बीच से मुख्य सड़क गुजरती है। लोहड़ा, सिंगरा और चियांकी में नेशनल हाइवे का निर्माण कार्य अधूरा है, जिसे जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है।

### भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार बरामद

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। 10 लाख के इनामी नक्सली मृत्युंजय भुईयां और 2 लाख के इनामी बब्लू राम की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों को 5 दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ की। रिमांड के दौरान दोनों के निशानदेही पर गारू थाना क्षेत्र की मिर्चइया जंगल में जमीन के अंदर छुपाकर रखे गये हथियार, गोलियां और मैगजीन बरामद किए गए। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि दोनों उग्रवादियों को 5 दिन के रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के दौरान मृत्युंजय भुईयां की निशानदेही पर एक इंसास राइफल, 70 जिंदा गोलियां, तीन मैगजीन और एक पोच बरामद की गई जबकि बब्लू राम की निशानदेही पर एक सेमी राइफल, एक 30 बोर का कार्बाइन राइफल, 100 जिंदा गोलियां, दो चितकबरा रंग का पोच बरामद किया गया है।

# रामनवमी-ईद और अन्य त्योहारों को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** आने वाले त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता कर रहा है। पुलिस किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अपनी रणनीति तैयार कर रही है। इसी सिलसिले में गुरुवार को पलामू के मेदिनीनगर में अंतिम रायट मॉक ड्रिल की गई। ड्रिल के जरिए पुलिस ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयारी दिखाई। मॉक ड्रिल के दौरान भीड़ को संभालने और आपदा की स्थिति में मदद करने के तरीके प्रदर्शित किए गए। डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि पुलिस किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। आने वाले त्योहारों को देखते हुए मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल में जवानों को जानकारी दी गई और त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की सतर्कता के बारे में लोगों को भी बताया गया। अगले कुछ दिनों में ईद, सरहुल, चैत्र छठ और रामनवमी पर्व हैं। पलामू पुलिस और प्रशासन रामनवमी के लिए खास तैयारी कर रहा है। मॉक ड्रिल के बाद रामनवमी के रूट का वेरिफिकेशन भी किया जा रहा है। हाई अलर्ट भी जारी किया गया है और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं। रामनवमी के दौरान पलामू इलाके में 405 अखाड़े रखे जाते हैं। पलामू के सभी 27 थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें हो चुकी हैं, जिसमें बुधवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई।


# चैत्र नवरात्र पर मां छिन्नमस्तिका मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** जिले के रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में चैत्र नवरात्र के पहले दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। नवरात्र की शुरुआत कलश स्थापना के साथ हुई और प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। देश के विभिन्न राज्यों झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। इतना ही नहीं विदेशों से भी भक्तों ने यहां पहुंचकर मां की आराधना की। भक्त घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए और पूरे श्रद्धाभाव से मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। मान्यता है कि नवरात्र के दौरान मां की सच्चे मन से



आराधना करने पर सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कई श्रद्धालु संकल्प लेकर नौ दिनों का अनुष्ठान शुरू कर चुके हैं और नवमी के दिन पूर्णाहुति के साथ अपनी साधना पूर्ण करेंगे। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी लोकेश पंडा ने बताया कि नवरात्र के दौरान गर्भगृह में माता का विशेष और भव्य श्रृंगार किया जाता है। हर दिन अलग-अलग भोग अर्पित किए जाते हैं और हवन कुंडों में देशभर से आए साधक नवरात्र का पाठ और साधना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। नवरात्र में माता का विशेष श्रृंगार किया जाता है। हर दिन अलग-अलग भोग चढ़ाया जाता है। देशभर से साधक यहां साधना करने आते हैं। मां की कृपा से सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। देवघर के मधुपुर से माता की आराधना और पूजा करने पहुंचे भक्त सोनू कुमार गुप्ता ने बताया कि हम लोग दूर से यहां मां के दर्शन के लिए आए हैं। यहां पर बहुत आस्था है। मां से प्रार्थना है कि सबका भला करें। हमारी मनोकामना पूरी करती हैं। मां का आशीर्वाद हमेशा मिलते रहता है। बासंतिक नवरात्र के पहले दिन से ही रजरप्पा में भक्ति का माहौल चरम पर है और आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है। यहां आने वाले सभी भक्तों की मनोकामना मां अवश्य पूर्ण करती हैं। यही विश्वास इस धाम को विशेष बनाता है। नवरात्र को लेकर मंदिर न्यास समिति और जिला प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद है।

# ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर मुख्यमंत्री ने दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। इसी क्रम में हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सभी पर्व आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हों, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी जिलों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने और गश्ती व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी भ्रामक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए मुख्यमंत्री ने पर्वों के दौरान निकलने वाले जुलूसों के लिए निर्धारित मार्गों का सख्ती से पालन कराने तथा बिना अनुमति किसी भी आयोजन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। स्थानीय प्रशासन को शांति समिति की बैठकें आयोजित कर विभिन्न समुदायों के बीच समन्वय और संवाद बनाए रखने को कहा गया है, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो इसके अलावा स्वास्थ्य एवं आपात सेवाओं को अलर्ट मोड में रखने, बिजली, पेयजल और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।रामनवमी जुलूस के दौरान महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विशेष इंतजाम करने को कहा गया है।

इसके तहत बैरिकेडिंग, महिला पुलिस बल की तैनाती और सुरक्षित स्थानों की व्यवस्था की जाएगी, जिससे लोग बिना किसी भय के पर्व में भाग ले सकें मुख्यमंत्री ने अंत में सभी अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी पर्वों का सफल आयोजन है, और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## चैत्र प्रतिपदा पर समिति द्वारा सेवा कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नव वर्ष चैत्र प्रतिपदा के शुभ अवसर पर बरनवाल महिला समिति द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों के पथ संचलन के दौरान शीतल पेय का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में समिति की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा ललिता बरनवाल ने कहा कि चैत्र प्रतिपदा से विक्रम संवत का आरंभ होता है तथा इस दिन का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व अत्यंत गहरा है। मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि की रचना प्रारंभ हुई थी कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति की बहनों—ज्योति बरनवाल, रेणु बरनवाल, रिंकी देवी, नीलम, निशा, सोनी, नूतन, रिंकी, शशि, सीमा, सुनीता, चंदा, संध्या, अनिता, पूजा, अमिता, कविता, किरण, सविता, उषा, सरिता बरनवाल सहित अन्य सदस्याओं का सराहनीय योगदान रहा।

## कलश यात्रा के साथ आज से ग्यारह दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** प्रखंड के पेटो पंचायत अंतर्गत पुरनी पेटो स्थित बुढ़िया माता मंदिर प्रांगण में शुक्रवार से ग्यारह दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। आयोजन की तैयारी पिछले दो महीनों से ग्रामीणों एवं यज्ञ समिति द्वारा की जा रही थी। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था भी की गई है। शुक्रवार सुबह निकाली जाने वाली कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर पुरनी पेटो, चट्टी पेटो, लोयसुकवार, लवणीय मोड़ के मुख्य मार्गों से होते हुए टंडवा चूंदरू धाम गेरुआ संगम नदी तट पहुंचेंगी। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन संपन्न कराया जाएगा। इसके बाद यात्रा डामाह बागी, न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल, बड़की टांड़ मार्गों से होकर पुनः बुढ़िया माता मंदिर प्रांगण पहुंचेगी।

मंदिर प्रांगण पहुंचने के उपरांत वेद मूर्ति अंकित दास उर्फ बालक दास महाकाल पुजारी, यज्ञ उपाचार्य राहुल बाबा, वैदिक मोहित, प्रिंस वैदिक एवं सुशील वैदिक के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष गुरुदयाल साव, महासचिव रविन्द्र गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष उपेंद्र रजक ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना, हवन, धार्मिक प्रवचन, भजन-कीर्तन का आयोजन होगा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहेगा। समिति ने जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, गणमान्य अतिथियों एवं क्षेत्र के श्रद्धालु महिला-पुरुषों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। आयोजन में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व मंत्री जेपी पटेल, आजमो प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सिमरिया किशुन कुमार दास, जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार, प्रमुख सुनीता देवी, उप प्रमुख अमेरिका महतो, दक्षिणी जिप सदस्य अनिता सिंह, उत्तरी जिप सदस्य गीता देवी सहित कई जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा अंचल अधिकारी राम रतन वर्णवाल, बीडीओ विवेक कुमार, थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विवेक कुमार यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष दिनेश साहू, पेटो मुखिया कौशल्या देवी, केरेडारी मुखिया बैजनाथ महतो, पचड़ा मुखिया महेश साहू, चट्टी बरियातू मुखिया झरि लाल महतो, कराली मुखिया अशोक राम, सलगा मुखिया पार्वती देवी, गरी मुखिया हितनारायण साहू, बेलतू मुखिया जितनी देवी, बैंगवरी मुखिया पति बजरंगी प्रजापति, हाइवा एसोसिएशन केरेडारी अध्यक्ष सरोज साव सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग भी शामिल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा कार्यों में जल्दबाजी के बीच अनियमितता

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनरेगा योजनाओं को बंद कर नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी के बीच जिले में अनियमितता के मामले सामने आने लगे हैं। विभागीय निर्देश के अनुसार 31 मार्च 2026 तक मनरेगा के तहत चल रही सभी योजनाओं को पूर्ण कर बंद करना है। जिसके बाद 1 अप्रैल से विकसित भारत-रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण के तहत नए कार्य शुरू होंगे। इसी जल्दबाजी में कई स्थानों पर नियमों को दरकिनार कर कार्य कराए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। बरारी प्रखंड के कावर पंचायत वार्ड संख्या 9 में मनरेगा के तहत करीब 8 से 9 लाख रुपये की लागत से आरसीसी कलभट निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें गंभीर अनियमितता का आरोप लगा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जहां मजदूरों से कार्य कराया जाना चाहिए, वहां जेसीबी मशीन का उपयोग किया जा रहा है। जो मनरेगा नियमों के विरुद्ध है। साथ ही निर्माण स्थल पर योजना से संबंधित सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व सरपंच चंदन कुमार सिंह ने इस मामले में कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम देव कुमार को आवेदन देकर जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण में 12 एमएम सरिया के स्थान पर 8 एमएम सरिया का उपयोग किया जा रहा है। जिससे गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है और भविष्य में निर्माण के क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। इस संबंध में कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम देव कुमार ने कहा कि मामले की स्थलीय जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



### दबंगों ने किसान की मखाना फसल में जहर डालकर किया बर्बाद

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मनसाही थाना क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के दहला बहियार में एक किसान के 30 डिसमिल की भूमि पर मो. मुन्ना के द्वारा लगाए गए मखाने की फसल में उनके विपक्षी द्वारा जहरीले पदार्थ देकर हरे भरे मखाना की फसल को नुकसान पहुंचा दिया जिससे कि खेत में लगे सभी मखाने के पत्ता एवं पौधा गलना शुरू हो गया। घटना को लेकर पीड़ित के भाई मो. रमजान ने संदिग्ध लोगों के खिलाफ मनसाही थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने एवं आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कारवाई की मांग की हैं। घटना को लेकर मनसाही पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित किसान से मिलकर उक्त घटना के बारे में जानकारी लेते हुए कारवाई की आश्वासन दिए हैं। इस दौरान पीड़ित किसान मोहम्मद मुन्ना ने कहा कि मेरे ही परिवार के लोगों से जमीन विवाद चल रहा हैं। हो सकता हैं कि इन लोगों के द्वारा ही यह नीच हरकत की गई हैं। बता दे कि लगातार कई महीनो से गलत तरीके से इन लोगों ने जमीन को फर्जी पंचनामा बटवारा कर अपने-अपने नाम करवा लिए हैं। हो सकता हैं इसी को लेकर इन छोटे-मोटे घटना को अंजाम दे रहे हैं एवं हम सबो को जमीन से बेदखल करने के लिए लगे हुए फसल से बर्बाद करने का काम कर रहे हैं।



### शमीम आलम ने 139 मतों से महमूद आलम को किया पराजित

**बारसोई /कटिहार (नबिटासं)।** बारसोई प्रखंड के कुल तीन पंचायतों के नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्षों का मतगणना संपन्न हुआ। जिसमें दो पैक्स अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए तथा एक पैक्स अध्यक्ष का चुनाव की गई। बुधवार की देर रात को रघुनाथपुर पैक्स अध्यक्ष का मतगणना कर सुरक्षा के बीच संपन्न हुई है। जिसमें मोहम्मद शमीम आलम विजय घोषित हुए। इस संबंध में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी बारसोई मुमताज अहमद के द्वारा जीत का प्रणाम पत्र सौंप दिया गया। नगर पंचायत बारसोई स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय बारसोई में बनाये गए मतगणना केंद्र से जारी चुनाव परिणाम के मुताबिक रघुनाथपुर से शमीम आलम एवं बेलवा पंचायत से मोहम्मद तैयब तथा चौन्दी पंचायत से हरेराम सिंह को निर्वाचित घोषित किया गया है। शमीम आलम ने कुल मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी महमूद आलम को 139 मतों से पटखनी दे दी है। वहीं बेलवा पंचायत से मोहम्मद तैयब तथा चौन्दी पंचायत से हरेराम सिंह को निर्विरोध रूप से निर्वाचित घोषित किया गया है। मौके पर सहायक निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि उक्त तीनों ही पंचायतों में सदस्य के पद पर जीत हासिल करने वाले सभी पैक्स सदस्यों को 20मार्च को प्रखंड कार्यालय बारसोई में जीत का प्रणाम पत्र दिया जाएगा। देर रात घोषित चुनाव परिणाम के पश्चात सभी विजयी उम्मीदवारों एवं उनके समर्थकों में बड़ी उत्साह देखी गई। समर्थकों ने विजयी उम्मीदवारों को फूलमाला पहनाकर जमकर अपनी-अपनी खुशियों का इजहार किया।



### महानंदा नदी में डूबने से किशोरी की मौत

**आजमनगर /कटिहार (नबिटासं)।** महानंदा नदी में नहाने के दौरान पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चली गई किशोरी की डूब कर मौत हो गई। 13 वर्षीय ऋषिका कुमारी आजमनगर बाजार स्थित शनिचरी हाट के निकट अपने मौसा शिकल साह के घर मेहमान नवाजी के लिए आई थी। मृतिका ऋषिका कुमारी 10 दिन पूर्व मौसा के घर आजमनगर आई थी। किसे पता था डूबने से उनकी मौत हो जाएगी। मृतिका ऋषिका कुमारी को तैरना नहीं आता था। महानंदा नदी में नहाने के लिए जाना उचित नहीं था। महानंदा नदी के इर्द-गिर्द में बसे लोगों का ऐसा कहना है। किनारे के बगल में ही गहरे पानी की शुरूआत हो जाती है, जिसे तैरना नहीं आता हो तो उनके लिए काफी परेशानी का सबब बन जाता है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। पोस्टमार्टम के लिए शव नहीं भेजा जा सका था। घटना करीब 10:00 दिन की बताई जा रही है। प्रशासनिक स्तर पर एसडीआरएफ की टीम बुलाकर शव बरामद किया जा सका।

# बरनवाल सेवा समिति द्वारा शीतल पेयजल व शरबत वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह ।** हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर बरनवाल सेवा समिति, गिरिडीह की ओर से शांति भवन मार्ग पर शीतल पेयजल एवं शरबत का स्टॉल लगाकर राहगीरों एवं श्रद्धालुओं की सेवा की गई। इस दौरान सेवा भाव और उत्साह का वातावरण देखने को मिला वहीं, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में सनातन धर्म का ध्वज लेकर नगर भ्रमण पर निकले।

पथ संचलन के दौरान जगह-जगह बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। बच्चे नव वर्ष मंगलमय हो, भारत माता की जय और विक्रम संवत अमर रहे जैसे जयकारे लगाते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे मौके पर समिति के सचिव राजेंद्र लाल बरनवाल ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय संस्कृति, नव वर्ष और राष्ट्र प्रेम का प्रतीक है। इसी समय से प्रकृति में भी नवजीवन और नयापन देखने को मिलता है, जो इस दिन के महत्व को और बढ़ाता है। उन्होंने सभी सनातन धर्मावलंबियों से इसे अपना नववर्ष मानने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में लखन लाल बरनवाल, राकेश रंजन, विनय बरनवाल, संजय लाल बरनवाल, अमितेश गौरव, शंकर लाल, सुभाष बरनवाल, रितेश बरनवाल, नीरज बरनवाल एवं पंकज बरनवाल सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## हिन्दू नववर्ष का स्वागत, तिलक उत्सव में गूंजे जय श्रीराम के नारे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत के पावन अवसर पर शहर के टावर चौक स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में ह्यतिलक उत्सवह्न का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एएचपी एवं राष्ट्रीय बजरंग दल, गिरिडीह इकाई के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं राहगीरों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। सभी के माथे पर चंदन और रोली का तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएँ दी गईं।

साथ ही उपस्थित लोगों के बीच मिष्ठान और प्रसाद का वितरण कर उत्सव की खुशियाँ साझा की गईं। इस अवसर पर टावर चौक एवं मंदिर परिसर को भगवा ध्वजों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो उठा। जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा ही भारतीय परंपरा के अनुसार वास्तविक नववर्ष है। उन्होंने युवाओं से अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और भारतीय संस्कृति पर गर्व करने का आह्वान किया। साथ ही समाज में समरसता बनाए रखने और धर्म की रक्षा के लिए सदैव सक्रिय रहने का संकल्प भी लिया गया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला एवं नगर स्तर के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कुटुंब प्रबोधन के तहत हिंदू नव वर्ष पर सामूहिक आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** कुटुंब प्रबोधन के तत्वावधान में हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर महिलाओं द्वारा एक भव्य एवं प्रेरणादायी सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कुटुंब प्रबोधन की प्रांत टोली सदस्य एवं समाजसेवी श्रीमती पूनम बरनवाल के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ कार्यक्रम के तहत प्रातः काल बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकत्रित होकर नववर्ष के स्वागत में उगते हुए भगवान सूर्य को श्रद्धा एवं आस्था के साथ अर्घ्य अर्पित किया।

इस दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति और उज्ज्वल भविष्य की कामना की इसके उपरांत सभी श्रद्धालु विश्वनाथ मंदिर पहुंचे, जहां सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण इस आयोजन ने उपस्थित जनसमूह में सकारात्मकता एवं उत्साह का संचार किया कार्यक्रम में संध्या, अलका, मिनी बरनवाल सहित सैकड़ों महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। इस आयोजन ने समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना एवं पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर पूनम बरनवाल ने सभी से भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं सामूहिकता को सुदृढ़ करते हैं कार्यक्रम के अंत में सभी ने देशवासियों को हिंदू नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं सभी के स्वस्थ, समृद्ध और मंगलमय जीवन की कामना की।

## ईद, सरहुल, रामनवमी व चैती नवरात्र को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** आगामी ईद, सरहुल, रामनवमी एवं चैती नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि आगामी पर्वों के दौरान उत्कृष्ट विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। साथ ही शांति समिति, समाजसेवियों एवं आमजनों से आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी जुलूस अपने निर्धारित रूट एवं समय के अनुसार ही निकलेंगे। जुलूस के साथ जनरेटर एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहेगी तथा ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। साथ ही जुलूस की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी प्रकार के अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा प्रशासन द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जुलूस के दौरान पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रमुख चौक-चौराहों पर बैरिकेडिंग की जाएगी तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती होगी। अग्निशमन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड में रखते हुए एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम एवं ट्विटर (क्स) पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या आपत्तिजनक सामग्री का प्रसार न हो सके। अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी करने के भी निर्देश दिए गए हैं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध है और सभी आवश्यक स्थानों पर तैनाती की जाएगी। उन्होंने आमजनों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का उपद्रव, अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## देवरी थाना मोड़ पर चैत्र नवरात्र पूजा महोत्सव का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवरी।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर थाना मोड़, देवरी स्थित सार्वजनिक चैती दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में भव्य नवरात्र पूजा महोत्सव का शुभारंभ विधि-विधान के साथ कलश स्थापना कर किया गया। यह महोत्सव आगामी 12 दिनों तक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा।पूजा अनुष्ठान का शुभारंभ आचार्य श्री कृष्णबल्लभ उपाध्याय, गणेश पाण्डेय, गंगा पाण्डेय तथा प्रधान पुजारी मुकेश चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की इस अवसर पर पूजा समिति के अध्यक्ष फुलचंद हाजरा, सचिव सुखदेव हाजरा, कोषाध्यक्ष बैकुंठ चौधरी सहित पुजारी मुकेश चौधरी, चेतलाल हाजरा, संतोषी राणा, राजकुमार राम, टुकलाल हाजरा, रामकिशुन हाजरा, उमेश कुमार, बबलू कुमार राम, नीरज वर्णवाल, गिरधारी तुरी, अजय कुमार, रामदेव बाबा, गणपत हाजरा, रातुल राणा, मंजीत राय, शोभन हाजरा, कालेश्वर राय, गीता देवी, बलदेव तुरी एवं दिनेश तुरी समेत समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे पूजा समिति की ओर से समस्त श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को चैत्र नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस भव्य पूजा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

# परियोजना विस्तार को लेकर पूर्व कृषि मंत्री का तोड़ा गया आवास

## एनटीपीसी चट्टीबारियातु कोल परियोजना विस्तार के तहत प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, इलाके में दिनभर हलचल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**केरेडारी (हजारीबाग)।** एनटीपीसी चट्टीबारियातु कोल परियोजना के विस्तार को लेकर बृहस्पतिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व कृषि मंत्री के जोरदाग स्थित आवास को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी तथा प्रशासनिक अधिकारी मौके पर तैनात रहे। पूरे घटनाक्रम के दौरान क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना रहा, जबकि बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौके पर जुटे रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एनटीपीसी चट्टीबारियातु कोल परियोजना के विस्तार के लिए अधिग्रहित क्षेत्र में पड़ने वाले भवनों और संरचनाओं को हटाने की प्रक्रिया के तहत यह कार्रवाई की गई। प्रशासन का कहना है कि परियोजना से संबंधित आवश्यक वैधानिक और प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद ही संबंधित भवन को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई सुबह से ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। प्रशासन ने किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए थे। मौके पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ अधिकारियों की लगातार निगरानी भी बनी रही। क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों पर भी नजर रखी गई, ताकि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रहे। मौके पर जुटी रही भीड़, पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी कार्रवाई पूर्व कृषि मंत्री के आवास पर चली इस कार्रवाई को देखने के लिए आसपास के गांवों और इलाकों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते स्थल पर भीड़ जमा हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में हलचल का माहौल बन गया।

स्थानीय लोगों के बीच इस कार्रवाई को लेकर दिनभर चचाओं का दौर चलता रहा। हालांकि प्रशासन की मौजूदगी के कारण स्थिति नियंत्रण में रही, लेकिन कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण बना रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और किसी भी तरह की अफवाह से बचने की सलाह दी। जानकारी के अनुसार, एनटीपीसी चट्टीबारियातु कोल परियोजना के विस्तार को लेकर परियोजना क्षेत्र में आने वाली जमीन, भवन और अन्य संरचनाओं को हटाने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से चल रही है। इसी क्रम में पूर्व कृषि मंत्री का जोरदाग स्थित आवास भी कार्रवाई की जद में आया। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के लिए निर्धारित क्षेत्र में आने वाले निमार्णों को हटाना आवश्यक है, ताकि आगे की विकासात्मक और खनन संबंधी गतिविधियों को गति दी जा सके। प्रशासन का दावा है कि कार्रवाई से पहले संबंधित पक्षों को नियमानुसार सूचना दी गई थी और सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया गया। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई पूर्व निर्धारित प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है। अधिकारियों के अनुसार, परियोजना विस्तार से जुड़े मामलों में सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही भवन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। हालांकि, स्थानीय स्तर पर इस कार्रवाई को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आती रहीं। कुछ लोगों ने इसे परियोजना विस्तार की अनिवार्य प्रक्रिया बताया, जबकि कुछ लोगों के बीच इसे लेकर असंतोष और सवाल भी देखे गए। कार्रवाई के बाद भी प्रशासन ने एहतियातन इलाके में पुलिस बल की तैनाती बनाए रखी है। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी भी तरह की अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए निगरानी जारी रखी जा रही है।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने की शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को मनाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खूंटी**। रामनवमी, सरहुल एवं ईद-उल-फितर पर्व 2026 के अवसर पर जिले में शांति एवं विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर आज नगर भवन, खूंटी स्थित सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी आर० रॉनिटा एवं पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो द्वारा संयुक्त रूप से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद, शांति समिति के सदस्य, जिले के गणमान्य नागरिक, सभी वरीय पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान विभिन्न प्रखंडों एवं थानों में आयोजित शांति समिति बैठकों की क्रमवार समीक्षा की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने एकमत होकर कहा कि जिले में सभी समुदायों के लोग आगामी पर्वों को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था का पूर्ण पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से मनाएंगे। इस दौरान बैठक में उपस्थित लोगों ने कई सुझाव एवं प्रस्तावों को भी जिला प्रशासन के समक्ष रखा। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक त्योहारों को शांति, सद्भाव और आपसी सहयोग के साथ मनाएं, जिससे प्रशासन को हस्तक्षेप की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि पर्वों के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रम फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के दौरान जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहेगा। शांति समिति के सदस्यों एवं आम नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना जिला प्रशासन को दें, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। रामनवमी के अवसर पर विधि-व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जुलूस मार्ग में जर्जर सड़क एवं विद्युत तार की मरम्मत करने, शराब दुकानों को बंद रखने, अवैध शराब बिक्री पर छापेमारी करने, नगर क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति एवं निर्बाध विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग सक्रिय रहे, कोई भी चिकित्सक या स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित न रहे यह सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। ससमय जुलूस निकाले जिससे समय पर सम्पन्न कराया जा सके। मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल जुलूस निकलने से लेकर समाप्ति तक अपने निर्धारित स्थान पर सक्रिय होकर ड्यूटी पर तैनात रहें। रामनवमी जुलूस के दौरान भड़काऊ, अश्लील या किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गीतों के प्रसारण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जुलूस केवल निर्धारित मार्ग पर ही निकाला जाएगा। साथ ही, सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भ्रामक, अफवाहपूर्ण या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से सख्ती से बचने की अपील की गई है। जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों को लेकर शुभकामनाएं देते हुए सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की है।

## मध्य विद्यालय ऊब में हिंदी व अंग्रेजी के शिक्षक नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के ओबरा प्रखंड के मध्य विद्यालय ऊब में शिक्षक का काफी अभाव है। शिक्षकों के न रहने से परेशानी होती है। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ रही है परंतु शिक्षक कम हो रहे हैं। महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं हैं जिस कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हैं। विद्यालय में वर्ग एक से आठ तक की पढ़ाई होती है। वर्ग सात की प्रीति कुमारी सहित बताते हैं यहां महत्वपूर्ण विषय के शिक्षक नहीं है जिस कारण शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या 200 है। प्रतिदिन करीब 180 की संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय आते हैं। हिंदी-अंग्रेजी के शिक्षक छात्रों के साथ कमी कचौट रही है। विद्यालय में शिक्षकों की संख्या प्रधानाध्यापक समेत नौ है। वर्ग छह से आठ में मात्र तीन शिक्षक हैं। यहां दो शौचालय है। शौचालय की स्थिति ठीक नहीं है। प्रधानाध्यापक की माने तो चाहरदीवारी नहीं रहने से परिसर में पशुओं का चारागाह बन गया है।

# एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया द्वारा उपलब्ध कराई गई तीन एम्बुलेंस का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खूंटी**। समाहरणालय परिसर, खूंटी में सीएसआर योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा किए गए एमओयू के अनुसार उपलब्ध कराए गए प्रदत्त तीन ईको एम्बुलेंस वाहनों का लोकार्पण उपायुक्त आर० रॉनिटा एवं निदेशक, बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची विनोद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस वाहनों को विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि इन एम्बुलेंस वाहनों के संचालन से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। विशेष रूप से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएसआर के तहत इस प्रकार की जनकल्याणकारी पहल समाज के लिए अत्यंत उपयोगी है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, जिला योजना पदाधिकारी, जिला विकास शाखा पदाधिकारी, प्रभारी सिविल सर्जन, नोडल पदाधिकारी सीएसआर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। "जल महोत्सव पखवाड़ा" के तहत जल अर्पण कार्यक्रम खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड के अम्मा पंचायत के कनकलोया ग्राम में आयोजित किया गया। उपायुक्त आर० रॉनिटा के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त श्री आलोक कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित ग्रामीण एवं जलसहिया के माध्यम से स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।



स्वागत भाषण कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल खूंटी के द्वारा दिया गया, जिसमें मुख्य रूप से अतिथियों का स्वागत करते हुए जलापूर्ति योजनाओं के संपोषण एवं रखरखाव विषय पर विस्तार से चर्चा किया गया। जल अर्पण कार्यक्रम, जल बंधन एवं जल वंदना विषय पर उप विकास आयुक्त द्वारा सूत्र बांधा गया और दीप प्रज्वलित कर जल वंदना कार्यक्रम किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा कनकलोया जलापूर्ति योजना में लाभान्वित लोगों से जल संरक्षण, जल संचय, ज्यूडिशियल यूज ऑफ वॉटर विषय पर चर्चा की गई। साथ हीं लोगों से प्रतिदिन एक रुपये जलकर के रूप में देने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया और बताया गया की संचय की गई राशि से जलापूर्ति योजना का रखरखाव किया जाएगा। जिला समन्वय खूंटी द्वारा बताया गया अम्मा पंचायत के कनकलोया ग्राम में कुल 255 एफएचटीसी क्रमशः कनकलोया, टोला 1, टोला 2, बरटोली, पुटकल टोली, और करको टोली में आच्छादित है। जल शपथ के पश्चात जिला समन्वयक द्वारा कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। जल अर्पण कार्यक्रम में मुखिया, सभी प्रखंड समन्वयक, जलसहिया, स्थानीय ग्रामीण समेत अन्य उपस्थित थे।

# सीआईएससीई से मान्यता प्राप्त कर स्कूल ने रचा नया इतिहास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)**। चंदवारा प्रखंड के तिलैया डैम रोड तितरचाँच गांव स्थित दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि विद्यालय को काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) नई दिल्ली द्वारा कक्षा दसवीं तक की आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई है यह मान्यता शैक्षणिक सत्र 2026- 27 से प्रभावित होगी इस उपलब्धि से ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों एवं शिक्षकों में उत्साह है ग्रामीणों में क्षेत्रीय शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पूरे विद्यालय परिवार और क्षेत्र के लिए करो का चांद बताया उन्होंने कहा कि यह सफलता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वाधिक विकास के प्रति विद्यालय की प्रतिबंद्वता का परिणाम है उन्होंने कहा कि नए सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को कई रियायत दी जाएगी बीपीएल परिवार के छात्र छात्रा को 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता युक्त आधुनिक एवं मूल्य आधारित




शिक्षा प्रदान करना है विद्यालय में योग प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों की टीम द्वारा नवीन शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से शिक्षण कार्य संचालित हो रही है शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय एमटीएस स्कॉलर एवं आवासीय बोर्डिंग दोनों सुविधा उपलब्ध है। मौके पर प्रधानाध्यापिका किरण ठाकुर ने कहा कि इस विद्यालय को मान्यता मिलने का मुख्य उद्देश्य विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। मौके पर सहदेव प्रसाद यादव, मनीष कुमार, विनय कुमार, मनोज कुमार पंडित, अर्जुन प्रसाद विद्यालय परिवार एवं कई का निर्माण लोग मौजूद थे।

## नवलशाही थाना में रामनवमी, ईद एवं सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)**। ईद, रामनवमी, सरहुल त्योहार को लेकर नवलशाही थाना परिसर में शांति समिति कि बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मरकच्चो अंचलाधिकारी जबकि संचालन थाना प्रभारी सुमन कुमार ने किया बैठक में सभी समुदाय के लोग शामिल हुए।मौके पर हाई कोर्ट के निर्देशानुसार डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। कोई भी व्यक्ति अफवाह न फैलाएं कानून को हाथ में लेने वालों पर शख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया में अगर कोई अफवाह फैलाएंगे तो, उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी सुमन कुमार ने कहा कि रामनवमी पर्व को लेकर पूरे थाना क्षेत्र में ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी। साथ ही मेले में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। थाना प्रभारी सुमन कुमार ने कहा कि रामनवमी में प्रशासन की पैनी नजर रहेगी जो भी शिकायत हो तुरंत प्रशासन को जानकारी दें।

# आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालयों पर चोरों की नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)**। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत रायडीह गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र मे बुधवार रात चोरी हुई जबकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय रायडीह में चोरो ने जमकर उत्पात मचाया है। जहां चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र व विद्यालय के सभी कक्षाओं में लगे दरवाजों को तोड़ते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामले की जानकारी देते हुए आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका रंजू देवी ने बताई कि गुरुवार की सुबह उन्हें सूचना मिली की आंगनबाड़ी केंद्र में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इसके पश्चात वे आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची और जांच पड़ताल की तो पाया कि आंगनवाड़ी केंद्र का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था और अंदर में रखा बच्चों के खिलाने हेतु रखा हुआ खाद्य सामग्री तथा बर्तन गायब था। वहीं केंद्र में बच्चों के उपयोग के लिए रखी गई सारी दवाइयां जमीन पर बिखरी हुई थी। उन्होंने बताया कि केंद्र में बच्चों के खाने के लिए रखे हुए 1 महीने का खाद्द सामग्री को चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। इधर इसी गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य निरंजन कुमार सिन्हा ने बताया कि उनके विद्यालय में अज्ञात चोरों ने चोरी के नियत से बुधवार की रात विद्यालय पहुंचकर कक्षा में लगे दरवाजों को तोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी सूचना गुरुवार की सुबह गांव के कुछ लोगों द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि कुछ ग्रामीण विद्यालय के बाहर स्थित मैदान में सुबह में टहलने आए हुए थे। इसी दौरान उनकी नजर विद्यालय के कक्षाओं के दरवाजों पर पड़े, जो कि टूटे हुए थे। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना विद्यालय के अध्यक्ष, ग्रामीण व चौकीदार को दी। जिसके बाद सभी लोग वहां पहुंचे और देखा कि विद्यालय के सभी कक्षाओं के दरवाजे टूटे हुए थे। लेकिन चोरों द्वारा किसी भी सामान की चोरी नहीं की गई। हालांकि कंप्यूटर रूम के अंदर रखे कई सारे सामान जमीन पर बिखरे पड़े थे। चोरी की उक्त दोनों घटनाओं में आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्राचार्य द्वारा नवलशाही थाना में लिखित शिकायत कर अज्ञात चोरों को ढूंढने सहित विद्यालय के इर्द गिर्द पुलिसिया पहरा लगाए जाने की गुजारिश की गई है। इधर विद्यालय समिति ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि वह जल्द से जल्द नए दरवाजे विद्यालय को मुहैया कराएं ताकि विद्यालय में रखे कीमती सामान और जरूरी कागजात सुरक्षित रह सके।


## पूर्व रेलवे

**शुद्धिपत्र**

निविदा सूचना संख्या : ओ-एसी-टी-147 से 149 (खुली), दिनांक 20.02.2026 जो पूर्व में वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/पूर्व रेलवे/आसनसोल द्वारा प्रकाशित की गई थी, इस निविदा की केस संख्या : ओ-एसी-टी-148 से 149-25-26 के लिए **अंतिम तिथि** 18.03.2026 के बदले 20.03.2026 पढ़ी जानी चाहिए। अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

ASN-399/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# ईद के मद्देनज़र शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। ईद पर्व को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग की अध्यक्षता में बुंदेलखंड थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना एवं सौहार्दपूर्ण माहौल सुनिश्चित करना था।




बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से ईद मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईद आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है, जिसे सभी को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर हुलास कुमार ने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह पर तुरंत कार्रवाई करने की बात कही।

उन्होंने आमजनों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन या पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से भी परहेज करने की सलाह दी गई।

# स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह और उल्लास देखा गया।

संघ के जिला प्रचार प्रमुख कवि दयानंद प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हिंदी नव वर्ष के साथ विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ हुआ है। इसी पावन अवसर पर संघ के संस्थापक परम पूज्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की 137वीं जयंती भी मनाई गई। स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में 'आद्य सरसंघचालक प्रणाम' कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने नव वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ था, महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की थी तथा विक्रमादित्य ने विक्रम संवत की शुरुआत की थी। इसके अलावा सिख धर्म के द्वितीय गुरु अंगद देव जी का जन्म तथा नवरात्र की शुरुआत भी इसी दिन मानी जाती है। गांधी स्कूल स्थित केशव शाखा में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवा ध्वज फहराने से हुई, जिसके बाद सामूहिक गीत, व्यक्तिगत प्रस्तुति और अमृत वचन का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य शिक्षक संजीत कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए भारतीय संस्कृति की प्राचीनता और उसकी वैश्विक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार एक जन्मजात देशभक्त थे, जिनके आदर्शों पर चलकर आज स्वयंसेवक देश-विदेश में राष्ट्र सेवा का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत संघ के निर्देशानुसार विभिन्न शाखाओं द्वारा पूर्ण गणवेश में पथ संचलन भी निकाला गया। गांधी स्कूल शाखा का पथ संचलन जमुना पथ, दुर्गा मंडल एवं नटराज सिनेमा मार्ग होते हुए पुनः गांधी इंटर विद्यालय में संपन्न हुआ। इसके बाद स्वयंसेवकों ने प्रसाद ग्रहण कर एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सह विभाग कार्यवाह प्रदीप कुमार, शाखा मुख्य शिक्षक अरुण कुमार, विनय अग्रवाल, ध्रुव भगत, भाजपा नेता सूर्यनारायण गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पीड़ित परिजन से मिले लोजपा नेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। अकौना बाजार स्थित वीणा ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना के बाद लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेताओं ने पीड़ित व्यापारी से मुलाकात कर उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। लोजपा (आर) के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और पीड़ित परिवार का हाल जाना। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एवं पार्टी नेतृत्व की सोच व्यापारियों के प्रति सदैव सकारात्मक रही है। देश में कहीं भी व्यापारियों के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी रहती है।

इसके बाद अशोक कुमार वर्मा ने नवादा के पुलिस अधीक्षक अनुभव धीमन (आईपीएस) से उनके कार्यालय में मुलाकात कर घटना पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान पीड़ित व्यापारी भी मौजूद रहे और प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्टि जताई। श्री वर्मा ने जिले में व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक को व्यापारी समिति गठित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इस समिति में विभिन्न व्यवसायों के प्रतिनिधि शामिल हों और इसका नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक करें, ताकि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

इधर, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रवि गुप्ता ने भी पीड़ित व्यापारी से मुलाकात कर परिवार को ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि लूट कांड में शामिल अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा किया जाए, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके। इस मौके पर लोजपा (आर) जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, अयोध्या पासवान, सतेंद्र यादव, अमित गुड्डू, देवेंद्र देव वर्मा एवं रंजीत कुमार शाह सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एमडीएम निदेशक ने विद्यालय का लिया जायजा

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। गुरुवार को मध्याह्न भोजन निदेशक विनायक मिश्रा ने पकरीबरावां प्रखण्ड के रामधन पुरी इंटर विद्यालय बुधौली का निरीक्षण किया। निदेशक ने मॉडल विद्यालय के लिए किए गए ऑनलाइन इन्ट्री का बिंदुवार जांच की। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट क्लास, वर्ग कक्ष, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, शौचालय आदि का जायजा लिया। विषयवार शिक्षकों की स्थिति की जानकारी ली गई। विद्यालय में चल रही परीक्षा का भी निरीक्षण किया। इसके पूर्व विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. दिनेश कुमार ने निदेशक को एवं प्लस टू के शिक्षक डॉ. रंजन आर्य ने डीपीओ मध्याह्न भोजन रिशुराज सिंह को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।


## पूर्व रेलवे

**आरएफक्यू सं. ईएलईजी-आरएफक्यू-पीपीपी**-1230-2025-26-आर **दिनांकः** 12.03.2026

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)/सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए नीचे मैनुअल निविदा में वर्णित अनुसार निर्धारित प्रारूप में पर्याप्त अनुभव, क्षमता एवं अपेक्षित प्रतिष्ठान रखने वाले ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों से मैनुअल निविदा के माध्यम से रिक्वेस्ट फॉर क्वालिफिकेशन (आरएफक्यू) आमंत्रित किया जाता हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** खुले विज्ञापन के माध्यम से बाहरी एजेंसी द्वारा टर्नकी आधार पर, सियालदह मंडल के अंतर्गत काँचरापाड़ा वर्कशॉप क्षेत्र में पीपीपी मॉडल के तहत, सीधे 25केवी, 1फेज़, 50 हट्र्ज ट्रैक्शन ओएचई में सौर ऊर्जा प्रवाहित करने के लिए 3.0 एमडब्ल्यू (एसी क्षमता) वाले ग्रिड-कनेक्टेड ग्राउंड/वाटर बॉडी आधारित सोलर फोटोवोल्टेक पावर प्लांट का डिज़ाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ जिसमें वारंटी, संचालन और रखरखाव शामिल है। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** पीपीपी मॉडल, बोलीदाताओं द्वारा कोट किया जाएगा। **कार्य की समापन अवधिः** पीपीए के हस्ताक्षर से 12 माह। **आरएफक्यू की विज्ञापन अवधिः** 12.03.2026 से 27.04.2026 तक। **निविदा बॉक्स** : निविदा बॉक्स वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा./सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग की दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 के कार्यालय में उपलब्ध होगा। **आरएफक्यू के बंद होने एवं खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 27.04.2026 को 14.00 बजे (बंद किया जाना) एवं 14.30 बजे (खोला जाना)। **निविदा (आरएफक्यू) के खुलने का स्थान** :वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा./ पूर्व रेलवे, सियालदह का कार्यालय। **वेबसाइट का विवरण और कार्यालय का पता जहाँ से आरएफक्यू का क्रय आदि किया जा सकता हैः** आरएफक्यू कागजात वेबसाइट http://www.er.indianrailways. gov.in पर उपलब्ध है, कार्यालयः वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा./सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग की दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014, ई-मेलः sr.dee.gen.sdah@gmail.com **आरएफक्यू कागजात का मूल्यः** रु.10,000/- (जीएसटी सहित) जो एफए एण्ड सीएओ/पूर्व रेलवे/केकेके के पक्ष में एनईएफटी/आरटीजीएस ट्रांसफर के माध्यम से जमा किया जाएगा (अकाउंट नं. 30605498212, आईएफएससी कोडः SBIN0000001), **बोली प्रतिभूति/बयाना राशिः** रु.21,53,200/- जो आरएफक्यू कागजात में वर्णित प्रारूप में आरएफक्यू के प्रत्युत्तर के साथ जमा की जानी चाहिए। **नाम, पदनाम, पता एवं अन्य विवरण (आरएफक्यू/आरएफपी के प्रत्युत्तर में जमा करने के लिए)** :वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा./ सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग की दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014, आरएफक्यू और तकनीकी उपयुक्तता के साथ-साथ निविदाओं की वित्तीय उपयुक्तता के लिए अनुरोध किए गए अन्य विवरण जैसे प्रमाणपत्र, लाइसेंस आदि के बारे में सभी पूछताछ के लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), सियालदह कंट्रोल बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 के कार्यालय का दौरा करें।

SDAH-445/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शिविर लगाकर अपार्टमेंटों में दिया जा रहा गैस कनेक्शन

## 500 में मिलेगा कनेक्शन, तुरंत लगेगा मीटर ☐ लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शहर में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार से विशेष अभियान की शुरूआत कर दी गई है। इसके तहत अपार्टमेंट और रिहायशी परिसरों में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में लोगों को मौके पर ही कनेक्शन देने की सुविधा मिलेगी। कंपनी का लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा घरों तक पाइप गैस पहुंचाना है।

इस अभियान के तहत हर महीने करीब 3000 नए उपभोक्ता जोड़ने की योजना है। आने वाले 7 महीनों में कुल 21,000 नए कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है।



खास बात यह है कि ये कनेक्शन उन्हीं घरों को दिए जाएंगे जहां पहले से पाइपलाइन पहुंच चुकी है, लेकिन किसी कारणवश लोगों ने अब तक कनेक्शन नहीं लिया था। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को सिर्फ 500 शुल्क देना होगा शिविर स्थल पर ही कंपनी के कर्मचारी मीटर इंस्टॉल कर देंगे।

इससे लोगों को बार-बार ऑफिस के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पूरी प्रक्रिया को आसान और तेज बनाया गया है। यह पहल लोगों को गैस कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित करेगी। अभियान की शुरूआत से पहले ही इसका असर दिखने लगा है। पिछले चार दिनों में करीब 400 लोगों ने पीएनजी कनेक्शन लिया है।

इससे साफ है कि लोगों में पाइप गैस को लेकर रुचि बढ़ रही है। सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए लोग तेजी से जुड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

पीएनजी गैस सिलेंडर के मुकाबले अधिक सुरक्षित मानी जाती है। इसमें गैस खत्म होने की चिंता नहीं रहती। साथ ही यह पर्यावरण के लिए भी बेहतर विकल्प है।

सरकार और कंपनियां इसे बढ़ावा देने पर जोर दे रही हैं। यह अभियान शहर में गैस व्यवस्था को मजबूत करेगा।

प्रशासन और गैस कंपनी ने लोगों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर कनेक्शन लें। कम शुल्क और आसान प्रक्रिया का लाभ उठाएं। इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि सुविधा भी बढ़ेगी। आने वाले समय में पीएनजी शहर की जरूरत बनती जा रही है।

## ईद और सरहुल को ले बदला ट्रैफिक रुट

**रांची।** ईद और सरहुल का त्योहार शनिवार को मनाया जायेगा। ईद पर्व के अवसर पर विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों के पास भारी संख्या में लोग एकत्रित होकर नमाज अदा करेंगे, वहीं सरहुल पर्व पर श्रद्धालु सरना स्थलों पर पूजा पाठ कर शोभा यात्रा निकालेंगे। इसे देखते हुए रांची यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की है।

हरमू बाईपास रोड सुबह छह बजे से नमाज समाप्ति तक, किशोरगंज चौक से रातू रोड चौराहा के बीच दोनों तरफ से बंद रहेगा। छोटे वाहन किशोरगंज चौक से रांची लेक रोड होते हुए अपर बाजार की ओर भेजे जाएंगे। दूसरी ओर से आने वाले वाहन भी इसी मार्ग का उपयोग करेंगे। इस दौरान सभी प्रकार के व्यवसायिक छोटे-बड़े वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

अम्बेडकर चौक से राजेंद्र चौक के बीच मार्ग बंद रहेगा। वाहन युवराज होटल की ओर से राजेंद्र चौक के पश्चिम भाग से जा सकेंगे। नमाज के बाद ओवरब्रिज और युवराज होटल के बीच थाना प्रभारी यातायात नियंत्रित करेंगे।

# श्रद्धालुओं ने की शैल पुत्री की अराधना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सीतामढ़ी।** चैत्र नवरात्रि की शुरूआत गुरुवार को कलश स्थापना के साथ हो गई। जिलेभर के देवी मंदिरों, पूजा पंडालों और घरों में श्रद्धालु विधि-विधान से कलश स्थापित कर मां दुर्गा की आराधना में जुट गए हैं। नवरात्र के प्रथम दिन मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की जा रही है।

शहर के प्रमुख मंदिरों में जानकी मंदिर के समीप स्थित दुर्गा मंदिर, थाना रोड का माता वैष्णव मंदिर, गुदड़ी रोड स्थित महारानी स्थान, हॉस्पिटल रोड का दुर्गा मंदिर, चकमहिला और मधुबन के महारानी स्थान तथा डुमरा शंकर चौक स्थित मां काली मंदिर सहित विभिन्न पूजा स्थलों पर विशेष पूजन का आयोजन किया गया है। यहां कलश स्थापना के साथ-साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ भी जारी है।

कलश स्थापना से पूर्व डुमरा के सिमरा, सुरसंड, चोरौत और पुपरी समेत कई इलाकों में श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली। पूरे माहौल में भक्ति और उत्साह का रंग देखने को मिला। पूजा पंडालों और मंदिरों में शाम के समय महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा कई मठ-मंदिरों में नवाह यज्ञ भी शुरू हो गया है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

नवरात्र के इस पावन अवसर पर पूरे जिले में धार्मिक वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालु शक्ति की उपासना में लीन हैं।

# बैठक कर किया गया पदों का पुनर्गठन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** जिले के बाराचट्टी में मगध विकास भारती शोभ के संयोजन कार्यालय में बुधवार को कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अनिल कुमार ने की। बैठक में संस्था के मंत्री शिवनंदन प्रसाद यादव के अस्वस्थ होने के कारण पद का पुनर्गठन किया गया। बैठक में सहायक मंत्री, सुरेंद्र कुमार को मंत्री, सदस्य प्रतिमा कुमारी को सहायक मंत्री बनाया गया जबकि शिवनंदन प्रसाद यादव को सदस्य बनाया गया।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नए पद धारकों को हार्दिक अभिनंदन और शुभकामनाएं दी। बैठक में अध्यक्ष अनिल कुमार, सदस्य शिवनंदन प्रसाद यादव, सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष और सदस्यों में अहसन मजहरी, डॉ. विनोद कुमार मंडल, बाल गोविंद प्रसाद, विनय कुमार, महेश प्रसाद, रंजीत प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## स्थापना दिवस पर हंगामा

**पूर्णिया।** पूर्णिया विश्वविद्यालय के 9वें स्थापना दिवस समारोह में उस समय हंगामा मच गया जब जश्न का माहौल विरोध प्रदर्शन में बदल गया। एक ओर सीनेट हॉल में आधिकारिक कार्यक्रम चल रहा था, वहीं दूसरी ओर छात्र नेता धरने पर बैठकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। मामला तब और गंभीर हो गया जब राजद से जुड़े छात्र नेता पीयूष पुजारा पेट्रोल से भरी बोतल लेकर सीनेट हॉल पहुंच गए और आत्मदाह की धमकी देने लगे। उन्होंने बोतल खोलकर चेतावनी दी कि यदि उन्हें रोका गया तो वे खुद को आग लगा लेंगे। इस घटना से समारोह स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कार्यक्रम कुछ देर के लिए बाधित हो गया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन मौके पर पहुंचा। कुलपति विवेकानंद सिंह स्वयं छात्रों को समझाने पहुंचे, लेकिन स्थिति संभलने के बजाय और तनावपूर्ण हो गई। इसी दौरान एक भावुक दृश्य देखने को मिला जब पीयूष पुजारा एक पदाधिकारी के पैरों पर गिरकर रोने लगे।

# अनंत सिंह की वापसी पर गांव में उत्सवी माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। विधायक अनंत सिंह को बड़ी राहत मिली है। दुलारचंद यादव हत्याकांड में चार महीने से जेल में बंद अनंत सिंह को उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है। कागजी प्रक्रिया पूरी होते ही वे एक-दो दिन में जेल से बाहर आ सकते हैं। उनकी रिहाई को लेकर समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

जमानत की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव नदावां में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। समर्थकों ने आतिशबाजी की और रंग-अबीर लगाकर जश्न मनाया। लोगों ने मिठाइयां बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। ग्रामीणों ने इसे होली और दिवाली एक साथ मनाने जैसा बताया।

सिर्फ गांव ही नहीं, पूरे बाढ़ अनुमंडल में कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह जश्न मनाया।

समर्थक संजू सिंह ने कहा कि विधायक जी को जमानत मिलने से सभी बेहद खुश हैं। अब वे जल्द जनता के बीच लौटकर सेवा करेंगे।

## चार महीनों से थे जेल में बंद

समर्थकों का कहना है कि अनंत सिंह को इस केस में राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया था। करीबी जेपी सिंह ने बताया कि एक-दो दिनों में विधायक जी लोगों के बीच होंगे। उनकी वापसी से क्षेत्र की राजनीति फिर गरमा गई है।

30 अक्टूबर 2025 को दुलारचंद यादव की हत्या के बाद अनंत सिंह की गिरफ्तारी हुई थी। तब से वे बेऊर जेल में बंद थे। करीब चार महीने बाद अब उन्हें राहत मिली है। इस बीच उनका नाम लगातार सुर्खियों में बना रहा।

अनंत सिंह पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वे सक्रिय राजनीति से दूरी बना सकते हैं।

बताया जा रहा है कि वे अपने बड़े बेटे को राजनीति में आगे बढ़ाने की तैयारी में हैं। हालांकि, उनकी वापसी के बाद सियासी हलचल और तेज हो सकती है।

# शांति समिति की बैठक में आपसी सौहार्द्र और शांति पूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत आगामी ईद उल फितर एवं चैत्र नवरात्र, रामनवमी पर्व को लेकर गुरुवार को हथौड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मौसम ने की, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं दोनों समुदायों के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष मौसम ने कहा कि सभी पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द्र का प्रतीक होते हैं, इसलिए इन अवसरों को शांति एवं सद्भाव के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न द, यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि त्योहारों के दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई माहौल बिगाड़ने या आपसी सौहार्द्र को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पर्व के दौरान क्षेत्र में पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। अपर थानाध्यक्ष मुखराम सिंह ने भी उपस्थित लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन और जनता के सामूहिक प्रयास से ही पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी लोग प्रशासन के दिशा-निदेर्शों का पालन करें और सामाजिक एकता का परिचय दें। बैठक में एसआई विनोद कुमार, सरपंच रविंद्र प्रसाद चौधरी, पूर्व मुखिया राजेश कुमार पासवान, ललित कुमार सिंह सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में क्षेत्र में शांति, सौहार्द्र एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया।



# जिले के सभी पदाधिकारियों व कर्मियों की छुट्टियां रद्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले में ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी है। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक राज के संयुक्त आदेश के तहत सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद कर दी गई हैं। पूरे जिले में हाई अलर्ट घोषित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया है।

प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, जिले के कुल 155 संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर 320 मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को भी लगाया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। सभी 38 थानों में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की 24 घंटे तैनाती सुनिश्चित की गई है। आरा शहर में विशेष सतर्कता बरतते हुए पांच गस्ती मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गई है, जो लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखेंगे। वहीं जिले के सभी महत्वपूर्ण मस्जिदों एवं मंदिरों के आसपास विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि आपसी सौहार्द बना रहे और पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। ईद के मौके पर विधि-व्यवस्था की वरीय जिम्मेदारी उप विकास आयुक्त (डीडीसी) एवं मुख्यालय डीएसपी को सौंपी गई है, जो पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे।

इसके अलावा, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहेंगे। गुरुवार को कलेक्ट्रेट में मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी के साथ वरीय पदाधिकारी ने संयुक्त ब्रीफिंग करते हुए सभी को समय से अपने-अपने जगह पर तैनात होने के साथ कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या गड़बड़ी फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें।

जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य एवं अग्निशमन विभाग को भी पूरी तरह अलर्ट मोड में रहने का आदेश दिया है। सभी अस्पतालों में चिकित्सकीय दल को तैयार रखा गया है, जबकि अग्निशमन वाहनों को भी त्वरित कार्रवाई के लिए तत्पर रहने को कहा गया है। आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष को लगातार 48 घंटे तक सक्रिय रखा जाएगा, जहां से पूरे जिले की निगरानी की जाएगी।

# कांग्रेस ने फूंका पीएम का पुतला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बढ़ती महंगाई और एलपीजी सिलेंडर की किल्लत ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। कांग्रेस ने आज पटना की सड़कों पर बिहार सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार का जमकर विरोध किया। इस दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कंप्रोमाइज पीएम नहीं चलेगा, 56 इंच का सीना कहां है, जवाब दो, एलपीजी की किल्लत क्यों? मोदी सरकार जवाब दो, के खूब नारे लगाए। आज कांग्रेस का यह प्रदर्शन इनकम टैक्स गोलंबर पर हुआ। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का पुतला दहन किया।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला किया।उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में गैस सिलेंडर की भारी किल्लत हो गई है और आम जनता को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में गैस के लिए लाइन में लगे बुजुर्गों की मौत की खबरें सामने आई हैं, जो बेहद दुखद और चिंताजनक है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि यह स्थिति केंद्र सरकार की नाकामी और कुप्रबंधन का सीधा उदाहरण है। सरकार आम जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह विफल हो चुकी है, जबकि प्रधानमंत्री और उनके मंत्री केवल प्रचार में व्यस्त हैं। राजेश राम ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आज देश की आम जनता महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की कमी से त्रस्त है। एलपीजी सिलेंडर की किल्लत ने आम लोगों के घरों का चूल्हा ठंडा कर दिया है, जबकि लगातार बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है।

## टोटो चालक के अपहरण का प्रयास

**शेखपुरा।** जिले के टाउन थाना क्षेत्र के चांदनी चौक के पास टोटो चालक मोहम्मद छोटु के अपहरण का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिहार सरकार लिखी गाड़ी में सवार दो व्यक्तियों ने टोटो चालक को मार-पीट कर जबरन गाड़ी में बिठाने की कोशिश की। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना गुरुवार को हुई, जब चांदनी चौक और कटरा चौक के बीच टोटो और गाड़ी की टक्कर हुई। कथित रूप से प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अभिषेक आनंद गाड़ी से बाहर निकले और टोटो चालक को जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। घटना की सूचना यातायात पुलिस के सिपाही ने तत्काल यातायात थाना अध्यक्ष सदाशिव कुमार साहा को दी। यातायात थानाध्यक्ष ने तुरंत आसपास के थानों को सूचना देकर नाकाबंदी कर वाहन जांच करने का आदेश दिया। नाकाबंदी के दौरान गाड़ी मेहुस मोड़ के पास बरामद की गई और दोनों व्यक्तियों तथा टोटो चालक को थाने लाया गया। पीड़ित टोटो चालक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि वह जबरन गाड़ी में बैठाया गया था और पुलिस के आने तक मार-पीट का सामना करना पड़ा।हालांकि, पूरे मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

# मनाई गई जेपी आंदोलन की वर्षगांठ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सारण।** बिहार में जेपी आंदोलन जो 18 मार्च 1974 को प्रारम्भ हुआ था उसके यादगार दिवस के रूप जेपी सेनानी कार्यालय गुरु जी मार्केट प्रभु नाथ नगर में सवालिया गिरी जिला जेपी सेनानी अध्यक्ष के नेतृत्व में मनाया गया। अध्यक्ष ने 1974 आन्दोलन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1974 में देश की अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, शिक्षा, भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर थी। महंगाई भी अपने चरम सीमा पर पहुंच चुका था। इसी को लेकर गुजरात में आंदोलन चला लेकिन नेतृत्व विहीन होने के कारण सफल नहीं हो पाया। उसी की चिंगारी बिहार आ गया। उन्होंने कहा कि यहां भी छात्रों ने बिना नेतृत्व को आंदोलन प्रारम्भ किया था परंतु जेपी का नेतृत्व मिलने से आंदोलन पूरे देश में फैल गया और सफल रहा।

श्री गिरी ने बताया कि आपातकाल से भी हिंसक आंदोलन 1974 में था। बिहार में एकमा, मैरवां तथा दिघवारा सहित अन्य स्थानों पर गोलियां चली, आंदोलनकारी मारे गए। पुलिस द्वारा 1974 में बहुत ज्यादती किया गया था। श्री सवालिया के साथ अन्य साथियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। नागेश्वर सिंह,चंदेश्वर भारती, योगेन्द्र सिंह प्रेम सिंह गामा राम, अरुण मिश्रा चंद्र भूषण सिंह चन्द्र शेखर सिंह भारत भूषण सिंह, भोला नाथ गुप्ता, बागेश्वर गिरी, बांके दूबे, हरिनारायण सिंह सहित अन्य सेनानियों ने भी समारोह में भाग लिया।

# विनोबा भावे के पूर्व निजी सचिव विजय भाई टैमेकर का निधन

## सच्चे गांधीवादी और खादी सेवक थे टैमेकर


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र पवनार आश्रम संत में विनोबा भावे के पूर्व निजी सचिव व खादी मिशन के राष्ट्रीय संयोजक वयोवृद्ध गांधीवादी बाल विजय भाई टैमेकर का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया।

बता दें कि वे करीब सौ वर्ष के थे। उनका पूरा जीवन खादी और सर्वोदय के लिए समर्पित था। वे एक सच्चे गांधीवादी और खादी सेवक थे। इनके निधन से खादी और सर्वोदय के क्षेत्र में पूरे देश में एक अपूरणीय क्षति हुई है।

स्व. टैमेकर के निधन की खबर की सूचना पर बिहार के सर्वोदय और खादी जनों ने गहरी संवेदना प्रकट किया है।

उनके निधन पर लोकसमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरजा सतीश, सर्वोदय मंडल के चंद्रभूषण खादी के प्रभाकर कुमार, अरविद कुमार, जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव, अभय कुमार, सुनील कुमार, राम विनोद चौबे, ललन मिश्रा, पंकज कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र सुमन, कौशल गणेश आजाद, शिवजी सिंह और जीवनारायण प्रसाद सहित ने शोक संवेदना प्रकट किया है।



## प्रेमी जोड़े ने भाग कर रचायी शादी

**जमुई।** जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र में एक प्रेमी जोड़े द्वारा घर से फरार होकर मंदिर में शादी करने का मामला सामने आया है। शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई। जानकारी के अनुसार, पतौना गांव की 19 वर्षीय युवती और कोल्हुआ केवाल गांव के 20 वर्षीय युवक के बीच पिछले 5 वर्षों से प्रेम संबंध था। दोनों की मुलाकात कोचिंग के दौरान हुई थी, जहां से धीरे-धीरे उनकी नजदीकियां बढ़ीं और रिश्ता गहरा हो गया। हालांकि, यह संबंध अंतरजातीय होने के कारण युवती के परिजन इसके खिलाफ थे। बताया जाता है कि दोनों कोचिंग जाने की बात कहकर अपने-अपने घरों से निकले, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों को बिना जानकारी दिए दोनों फरार हो गए। इसके बाद बुधवार को दोनों ने लक्ष्मीपुर स्थित देवरा पहाड़ के शिव मंदिर में विवाह कर लिया। शादी के दौरान युवक के कुछ मित्र भी वहां मौजूद थे। विवाह के बाद दोनों ने मंदिर में मौजूद लोगों से आशीर्वाद लिया। अब इसका वीडियो गुरुवार से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# गैस किल्लत में एजेंसी की भूमिका, अनियमितता का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** शहर में रसोई गैस की किल्लत के बीच बड़ा अनियमितता का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ गैस एजेंसियां शहरी उपभोक्ताओं को कागजों पर ग्रामीण दिखाकर गैस वितरण में देरी कर रही हैं, जिससे लोगों को 20 दिन तक अतिरिक्त इंतजार करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, नियमों के तहत शहरी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मिलने के बाद अगली बुकिंग के लिए 25 दिन का इंतजार करना होता है, जबकि ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए यह अवधि 45 दिन निर्धारित है। ऐसे में शहरी उपभोक्ताओं को रिकॉर्ड में ग्रामीण दिखाए जाने से उन्हें अनावश्यक रूप से लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। शहर के कई मोहल्लों से इस तरह की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि वे वर्षों से शहरी क्षेत्र में रह रहे हैं, इसके बावजूद एजेंसी के रिकॉर्ड में उन्हें ग्रामीण निवासी दिखाया गया है। इससे समय पर गैस नहीं मिलने के कारण घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि गैस की कमी के बीच एजेंसियां जानबूझकर इस तरह की गड़बड़ी कर रही हैं, ताकि वितरण प्रक्रिया को अपने हिसाब से नियंत्रित किया जा सके। हालांकि, इस मामले में संबंधित एजेंसियों की ओर से अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए गया के एसडीओ अशोक कुमार चौधरी ने संज्ञान लिया है।

उन्होंने गैस एजेंसियों के संचालकों को निर्देश दिया है कि गड़बड़ी को तुरंत ठीक किया जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए। इस पूरे मामले ने गैस वितरण प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल उपभोक्ता प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# डॉग फीडिंग जोन की पहल हुई तेज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम शहर के करीब तीन लाख आवारा कुत्तों के बेहतर प्रबंधन और उनके लिए निर्धारित स्थान पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए एक अहम पहल की है। निगम के इंजीनियरिंग सेक्शन की ओर से डॉग फीडिंग जोन के निर्माण के लिए टेंडर जारी किया गया है। निगम इस योजना को जल्द जमीन पर उतारना चाहता है।

जारी टेंडर के अनुसार, शहर के विभिन्न स्थानों पर डॉग फीडिंग जोन बनाए जाएंगे ताकि उक्त वार्ड के कुत्ता प्रेमी आवारा कुत्तों को एक स्थान पर आकर भोजन करा पाएं या वहां भोजन रख दें।

रांची नगर निगम की मुख्य स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ किरण ने बताया कि पूरे झारखंड में पहली बार इस तरह की पहल की जा रही है, ताकि शहर के आवारा कुत्तों उचित स्थान पर भोजन मिल सके और वार्ड में गंदगी भी न फैले।

उन्होंने बताया कि रांची में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे कई इलाकों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार कुत्तों के झुंड के कारण सड़क हादसे और काटने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं।

ऐसे में डॉग फीडिंग जोन बनने से कुत्तों को नियंत्रित तरीके से भोजन उपलब्ध कराया जा सकेगा और उनके मूवमेंट को भी सीमित किया जा सकेगा। निगम इस योजना के तहत शहर के प्रमुख वार्डों और संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां फीडिंग जोन विकसित करेगा।

भविष्य में इन जोन के साथ नसबंदी और टीकाकरण अभियान को भी जोड़ा जा सकता है, ताकि कुत्तों की संख्या और उनके व्यवहार दोनों को नियंत्रित किया जा सके।

इस कार्य की अनुमानित लागत 20,53,637 रुपये निर्धारित की गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह आनलाइन माध्यम से झारखंड टेंडर पोर्टल के जरिए होगी

इस परियोजना को पूरा करने के लिए चयनित एजेंसी को 90 दिनों का समय दिया जाएगा। निगम के अधिकारियों का कहना है कि शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या को देखते हुए यह पहल की जा रही है, ताकि उन्हें एक निर्धारित स्थान पर भोजन उपलब्ध कराया जा सके और शहर में अव्यवस्था कम हो।

## संपादकीय

# ताक पर मानवता-स्कूल और मासूमों को बनाया जा रहा निशाना

दुनिया भर में बढ़ते युद्धों के बीच मानवीय मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय नियमों की अनदेखी हो रही है। काबुल, लेबनान, यूक्रेन और ईरान में अस्पतालों, स्कूलों और चिकित्सा सुविधाओं पर हमलों से बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए। जिनेवा कन्वेंशन के बावजूद ऐसे हमले जारी हैं।युद्ध के मौजूदा दौर में मानवीय मूल्यों को ताक पर रखा जा रहा है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल पर पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हैं। हाल में यह इस तरह की अकेली घटना नहीं है।इस मामले में पाकिस्तान की दलील है कि उसने सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया था। हालांकि यह उसकी अपनी करतूतों पर पर्दा डालने की एक नाकाम कोशिश है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे सैन्य कार्रवाई के नाम पर किया गया नरसंहार बताया है। पिछले साल भी जब पाकिस्तान-अफगानिस्तान में टकराव हुआ था, तो पाकिस्तानी सेना ने अफगानी क्रिकेटर्स को निशाना बनाया था।यूक्रेन युद्ध से लेकर ईरान तक, जैसे-जैसे संघर्ष का दायरा बढ़ रहा है, मानवता को आघात पहुंच रहा है। पिछले शुक्रवार को दक्षिण लेबनान में एक मेडिकल सेंटर पर इस्राइल ने हमला किया था, जिसमें 12 स्वास्थ्यकर्मियों की जान चली गई। लेबनान का दावा है कि मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से चिकित्सा सुविधाओं पर कम से कम 37 हमले हुए हैं और 31 हेल्थकेयर स्टाफ की मौतें हुई हैं। इसी तरह, ईरान पर हमले के पहले ही दिन अमेरिका-इस्राइल की मिसाइल एक स्कूल पर जा गिरी थी, जिसमें लगभग 170 लोगों की मौत हो गई और इसमें ज्यादातर बच्चे थे।अंतरराष्ट्रीय कानून, खासकर जिनेवा कन्वेंशन कहता है कि जीवन के लिए जरूरी बुनियादी ढांचों पर हमला नहीं किया जा सकता। मेडिकल स्टाफ को हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। ऐसे हमले कानूनी ही नहीं, नैतिक रूप से भी गलत हैं। लेकिन, आंकड़े कहते हैं कि आज किसी को न नैतिकता की पड़ी है और न नियमों की। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, केवल यूक्रेन में ही 2022 के बाद से अभी तक हेल्थ केयर फैसिलिटीज पर 2881 हमले हो चुके हैं। और हॉस्पिटल ही नहीं, पश्चिम एशिया संकट में तो पानी और तेल के ठिकाने भी निशाना बन रहे हैं।इस तरह की घटनाएं बार-बार इसलिए हो रही हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अब कोई वास्तविक ताकत नहीं बची। वर्ल्ड ऑर्डर में केवल एक चीज मायने रख रही है - कौन किस पर किस तरह से हावी हो सकता है। जरूरत निंदा और आलोचना से आगे ठोस कार्रवाई की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मिलकर यह तय करना होगा कि ऐसे हमलों की निष्पक्ष जांच की जाए और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय हो।

# महाशक्तियों की जंग के बीच भारत की कूटनीति का दमदार प्रदर्शन, बन रहा है नया वैश्विक शक्ति संतुलन

**(नीरज कुमार दुबे)**

देखा जाये तो आज अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश है। उसका रक्षा बजट लगभग 1000 अरब डॉलर के आसपास है। चीन लगभग 314 अरब डॉलर के सैन्य बजट के साथ दूसरे स्थान पर है और वह पिछले दो दशकों से अपनी सैन्य शक्ति को बेहद तेजी से विस्तार दे रहा है।

21वीं सदी की वैश्विक राजनीति का सबसे बड़ा शक्ति संघर्ष

**देखा जाये तो आज अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश है। उसका रक्षा बजट लगभग 1000 अरब डॉलर के आसपास है। चीन लगभग 314 अरब डॉलर के सैन्य बजट के साथ दूसरे स्थान पर है और वह पिछले दो दशकों से अपनी सैन्य शक्ति को बेहद तेजी से विस्तार दे रहा है। भारत लगभग 80 से 85 अरब डॉलर के रक्षा बजट के साथ दुनिया के शीर्ष सैन्य खर्च करने वाले देशों में शामिल है। हालांकि बजट के लिहाज से भारत अभी दोनों महाशक्तियों से पीछे है, लेकिन उसकी रणनीतिक स्थिति और भौगोलिक ताकत उसे वैश्विक शक्ति संतुलन में बेहद महत्वपूर्ण बनाती है। हम आपको बता दें कि भारत की विदेश नीति का सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत है रणनीतिक स्वायत्तता। इसका अर्थ यह है कि भारत किसी भी शक्ति खेमे में पूरी तरह शामिल हुए बिना अपने हितों के आधार पर निर्णय लेता है।**

अमेरिका और चीन के बीच तेजी से आकार ले रहा है। यह केवल आर्थिक प्रतिस्पर्धा नहीं है, बल्कि सैन्य ताकत, तकनीकी वर्चस्व और भू रणनीतिक प्रभुत्व की निर्णायक होड़ है। वहीं इस महाशक्ति संघर्ष के बीच भारत एक बेहद संतुलित लेकिन आक्रामक कूटनीति गढ़ रहा है। भारत की रणनीति स्पष्ट है कि किसी गुट का पिछलग्गू बने बिना अपनी सामरिक ताकत को इतना मजबूत करना है कि बदलते वैश्विक समीकरणों में वह निर्णायक शक्ति बन सके।

देखा जाये तो आज अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश है। उसका रक्षा बजट लगभग 1000 अरब डॉलर के आसपास है। चीन लगभग 314 अरब डॉलर के सैन्य बजट के साथ दूसरे स्थान पर है और वह पिछले दो दशकों से अपनी सैन्य शक्ति को बेहद तेजी से विस्तार दे रहा है। भारत लगभग 80 से 85 अरब डॉलर के रक्षा बजट के साथ दुनिया के शीर्ष सैन्य खर्च करने वाले देशों में शामिल है। हालांकि बजट के लिहाज से भारत अभी दोनों महाशक्तियों से पीछे है, लेकिन उसकी रणनीतिक स्थिति और भौगोलिक ताकत उसे वैश्विक शक्ति संतुलन में बेहद महत्वपूर्ण बनाती है।

हम आपको बता दें कि भारत की विदेश नीति का सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत है रणनीतिक स्वायत्तता। इसका अर्थ यह है कि भारत किसी भी शक्ति खेमे में पूरी तरह शामिल हुए बिना अपने हितों के आधार पर निर्णय लेता है। यही कारण है कि एक ओर भारत अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वॉड मंच में सक्रिय भूमिका निभाता है, वहीं दूसरी ओर ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर चीन और रूस के साथ भी सहयोग बनाए रखता है। यह संतुलन आधारित नीति भारत को दोनों पक्षों के साथ काम करने की स्वतंत्रता देती है और उसे एक निर्णायक मध्य शक्ति के रूप में स्थापित करती है।

इसके अलावा, हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग है और चीन की समुद्री महत्वाकांक्षाओं के कारण यहां शक्ति संतुलन का सवाल बेहद संवेदनशील बन चुका है। चीन ने पिछले एक दशक में दक्षिण चीन सागर से लेकर हिंद महासागर तक अपनी नौसैनिक उपस्थिति बढ़ाई है। इसके जवाब में भारत ने समुद्री रणनीति को अपनी सुरक्षा नीति का केंद्रीय स्तंभ बना दिया है।



हम आपको बता दें कि भारतीय नौसेना का तेजी से होता आधुनिकीकरण इसी रणनीति का हिस्सा है। भारत अगले दस वर्षों में युद्धपोतों, पनडुब्बियों और समुद्री निगरानी तंत्र के विस्तार पर लगभग 40 अरब डॉलर खर्च करने की योजना पर काम कर रहा है। स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत के शामिल होने से भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जिनके पास विमान वाहक पोत बनाने की क्षमता है। इसके साथ ही अंडमान निकोबार द्वीप समूह में सैन्य ढांचे का विस्तार हिंद महासागर में भारत की रणनीतिक बढ़त को और मजबूत कर रहा है।

यह भी दिलचस्प तथ्य है कि किसी संभावित संघर्ष की स्थिति में चीन अपनी कुल सैन्य शक्ति का सीमित हिस्सा ही हिंद महासागर में तैनात कर सकता है, क्योंकि उसका मुख्य सैन्य ढांचा प्रशांत क्षेत्र में केंद्रित है। इसके विपरीत भारत को भौगोलिक लाभ प्राप्त है और हिंद महासागर उसके लिए प्राकृतिक रणनीतिक क्षेत्र है। यही कारण है कि समुद्री शक्ति को मजबूत करना भारत की दीर्घकालिक सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा बन चुका है।

भारत की सामरिक तैयारी केवल समुद्र तक सीमित नहीं है। हिमालयी सीमाओं पर भी बड़े पैमाने पर सैन्य ढांचे का विस्तार किया जा रहा है। लद्दाख संकट के बाद भारत ने सीमा सड़कों, सुरंगों, हवाई पट्टियों और उन्नत मिसाइल प्रणालियों का तेजी से निर्माण किया है। इससे वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य संतुलन काफी हद तक भारत के पक्ष में मजबूत हुआ है।

इसके अलावा, तकनीकी क्षेत्र में भी भारत तेजी से अपनी क्षमता बढ़ा रहा है। आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक है। भारतीय सशस्त्र बलों में लगभग पंद्रह लाख सक्रिय सैनिक हैं, जबकि रिजर्व और अर्धसैनिक बलों को मिलाकर कुल सैन्य शक्ति पचास लाख से अधिक है। इसके साथ ही भारत ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा और अंतरिक्ष आधारित सैन्य तकनीकों पर तेजी से काम कर रहा है।

रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता भी भारत की रणनीतिक नीति का अहम हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने रक्षा निर्यात को तेजी से बढ़ाया है और स्वदेशी हथियार निर्माण को प्रोत्साहन दिया है। इसका उद्देश्य केवल आयात पर निर्भरता कम करना नहीं बल्कि भारत को वैश्विक रक्षा उद्योग का महत्वपूर्ण केंद्र बनाना है।

इसके अलावा, अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते टकराव में भारत की कूटनीति के प्रभाव केवल एशिया तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसके व्यापक वैश्विक निहितार्थ भी सामने आ रहे हैं। भारत आज उस स्थिति में पहुंच चुका है जहां उसकी नीति विश्व शक्ति संतुलन को प्रभावित करने लगी है। यदि भारत अमेरिका के साथ गहरे सामरिक सहयोग को आगे बढ़ाता है तो हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के विस्तार को रोकने वाला एक मजबूत संतुलन बन सकता है। दूसरी ओर यदि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए बहुध्रुवीय व्यवस्था को मजबूत करता है तो विश्व राजनीति में शक्ति का केंद्रीकरण कम होगा और कई क्षेत्रीय शक्तियों को उभरने का अवसर मिलेगा। ऊर्जा आपूर्ति मार्गों, वैश्विक व्यापार, तकनीकी आपूर्ति शृंखलाओं और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भारत की भूमिका लगातार निर्णायक बन रही है। यही कारण है कि आज यूरोप, पश्चिम एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के कई देश भारत को उस शक्ति के रूप में देख रहे हैं जो अमेरिका चीन प्रतिस्पर्धा के बीच वैश्विक स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

बहरहाल, अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दौर में भारत की कूटनीति संतुलन की नीति है। भारत सीधे किसी शक्ति के खिलाफ खड़ा होने की बजाय अपनी सैन्य क्षमता, आर्थिक ताकत और तकनीकी शक्ति को मजबूत करते हुए वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि यही रणनीति आगे भी जारी रही तो आने वाले दशकों में अमेरिका और चीन की प्रतिस्पर्धा के बीच भारत केवल एक संतुलनकारी शक्ति नहीं रहेगा बल्कि वह वैश्विक राजनीति का वह निर्णायक केंद्र बन सकता है जो एशिया ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के शक्ति समीकरणों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# वैश्विक दबंगई देखने को लाचार संयुक्त राष्ट्र



**(उमेश चतुर्वेदी)**

कह सकते हैं कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका ऐसे समन्वय केंद्र के रूप में कार्य करने की सोची गई, जिसके मंच पर विश्व के सभी राष्ट्र उसके साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकें। लेकिन सवाल यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र संघ ऐसा कर सका है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है।

ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इजरायली कार्रवाई के बाद एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका और औचित्य दोनों पर सवाल उठा है। दिलचस्प यह है कि अमेरिका ने अतीत में जब भी ऐसी कार्रवाई की, उसने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों को लागू करने का बहाना बनाया। चूंकि मौजूदा अमेरिकी राष्ट्र डोनाल्ड ट्रंप अलबेले राजनेता हैं, उनके लिए नियम-कायदों और जगतगति से ज्यादा उनकी अपनी जुबान और सोच मायने रखत हैं। इसलिए ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की ओट लेने की औपचारिकता भी नहीं निभाई।

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना का सबसे बड़ा कारण प्रथम विश्व युद्ध के बाद गठित लीग ऑफ नेशन्स की असफलता रही। अमेरिकी राष्ट्रपति वुडरो विल्सन की पहल पर प्रथम विश्व युद्ध के बाद 10 जनवरी 1920 को स्थापित लीग ऑफ नेशन्स पहला ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन था, जिसका मुख्य उद्देश्य कूटनीति और सामूहिक सुरक्षा के जरिए विश्व शांति बनाए रखना था। लीग ऑफ नेशन्स का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रों के बीच के विवादों को सुलझाना, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और वैश्विक स्तर पर निरस्त्रीकरण को अमली-जामा पहनाना रहा। लेकिन जिनेवा में स्थित वह संस्था ऐसा करने में पूरी तरह नाकाम रही। उसकी नाकामी के चलते जर्मनी और जापान ने विस्तारवादी नीतियां ना सिर्फ अपनाईं, बल्कि रोजाना नए-नए राष्ट्रों पर कब्जा और हमला करने लगे। इसके बाद जो हुआ, वह विश्व इतिहास के काले पन्नों में दर्ज है। बेशक लीग ऑफ नेशन्स को 20 अप्रैल 1946 को आधिकारिक रूप से भंग किया गया, लेकिन इसके पहले ही 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र की स्थापना कर दी गई। इसकी स्थापना के लिए बड़ा आधार जापान पर हुए अमेरिकी अणुबम हमले के बाद उपजी मानवीय त्रासदी रही। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका से बचाना और विश्व में शांति और सुरक्षा बनाए रखना था। लेकिन सवाल यह है कि क्या वह अपने इस प्राथमिक उद्देश्य में सफल है? इस पर चर्चा से पहले संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर ध्यान देना जरूरी है, जिसके अनुसार संयुक्त राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य, दुनिया भर में शांति बनाए रखना और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान करना है। इसके साथ ही उसका एक और मकसद, राष्ट्रों के बीच समानता और आत्म-निर्णय के सिद्धांतों के आधार पर दोस्ताना संबंधों का विकास करना भी रहा है। संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में साफ लिखा है कि यह अंतरराष्ट्रीय संगठन बिना किसी जाति, लिंग, भाषा या धर्म के भेदभाव के पूरी दुनिया के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देगा। उसका मकसद, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय समस्याओं को हल करने के लिए राष्ट्रों के बीच सहयोग स्थापित करने के साथ ही, गरीबी दूर करने, भूख, बीमारी और निरक्षरता से लड़ने और प्राकृतिक आपदाओं के समय सहायता प्रदान करने के लिए कार्य करना भी है। इसके साथ ही उसकी भूमिका अंतरराष्ट्रीय संधियों और कानूनों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए प्रयास करने की भी है।

कह सकते हैं कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका ऐसे समन्वय केंद्र के रूप में कार्य करने की सोची गई, जिसके मंच पर विश्व के सभी राष्ट्र उसके साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकें। लेकिन सवाल यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र संघ ऐसा कर सका है? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र की हालत सड़क के किनारे बैठे उस असहाय व्यक्ति जैसी हो गई है, जो सड़क पर जारी मारपीट को असहाय भाव से टुकुर-टुकुर देखते को मजबूर रहता है।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का सबसे प्रमुख उद्देश्य युद्धों को रोकना है। लेकिन ना तो यह शीत युद्ध को रोक सका, ना ही मौजूदा दौर के संघर्षों को रोक पा रहा है। 1991 के खाड़ी युद्ध के लिए तो अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज बुश ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव को ही बहाना बनाया था। 2001 में भी जार्ज बुश के बेटे जूनियर जार्ज बुश और तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने भी इराक और अफगानिस्तान पर हमले के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों और उसकी सेना की ओट ली थी।

# राजनीतिक जंग के आगाज में लोकतांत्रिक मूल्य फिर दांव पर

**भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने-अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है-भारत का चुनाव आयोग।**

**(ललित गर्ग)**

इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है।

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने-अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है-भारत का चुनाव आयोग। यही संस्था सुनिश्चित करती है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इस बार असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे चार बड़े राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन पांचों स्थानों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है और देश के 17.4 करोड मतदाताओं के मन एवं मानसिकता की जानकारी भी मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान कम चरणों में संपन्न कराया जा रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं-पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों की ओर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि इनके परिणाम केवल इन राज्यों की राजनीति ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकते हैं।

इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है। लोकतंत्र का मूल आधार यह है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस आदर्श को बनाए रखना आसान नहीं है। चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इसके लिए आयोग को सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता जैसे अनेक पहलुओं पर लगातार निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के आचरण पर भी नजर रखना जरूरी होता है ताकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो।



इन चुनावों के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से वहां राजनीतिक हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस बार वहां सत्ता परिवर्तन की संभावना के कारण राजनीतिक संघर्ष और तीखा हो सकता है। सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है। इन राज्यों में चुनावी प्रतिस्पर्धा तीव्र होती है, किंतु अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की परंपरा भी देखने को मिलती है। असम की स्थिति भी अलग है, जहां पूर्वोत्तर भारत की राजनीति के संदर्भ में चुनाव के परिणाम महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यदि वहां सत्तारूढ़ दल फिर से सत्ता में लौटता है तो यह क्षेत्रीय राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाएगा।

हालांकि इन सभी चुनावों के संदर्भ में एक प्रश्न लगातार उठता है कि क्या राजनीतिक दल लोकतंत्र की मर्यादाओं का पालन करने के लिए पर्याप्त गंभीर हैं। चुनावी राजनीति में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा हिंसा, घृणा और असहिष्णुता में बदल जाती है तो लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचती है। दुर्भाग्य से कई बार राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में लोकतांत्रिक शालीनता को नजरअंदाज कर देते हैं। आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत हमले और हिंसक घटनाएं इस प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। इस स्थिति में यह केवल चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं रह जाती कि वह चुनाव को निष्पक्ष बनाए। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखें। यदि दल स्वयं ही आचार संहिता का सम्मान करें और अपने कार्यकर्ताओं को संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें तो चुनावी प्रक्रिया कहीं अधिक स्वस्थ और सकारात्मक बन सकती है। लोकतंत्र की सफलता केवल संस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि राजनीतिक संस्कृति और सामाजिक चेतना पर भी निर्भर करती है। इसके साथ ही मतदाताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। यदि मतदाता जागरूक और सजग हों तो वे ऐसे नेताओं और दलों को प्रोत्साहित करेंगे जो लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हैं। मतदाताओं को यह समझना होगा कि उनका वोट केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा तय करने वाला निर्णय भी है। इन पांच क्षेत्रों में होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे यह संदेश देंगे कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि ये चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होते हैं तो यह न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण होगा। भारत को अक्सर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में देखा जाता है, इसलिए यहां होने वाली चुनावी प्रक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नजर रहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनिहारी थाना परिसर में ईद व रामनवमी हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनिहारी में धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण ईद और रामनवमी पर्वों को लेकर मनिहारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष पंकज आनंद ने की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में क्षेत्र में अमन-चैन और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते



हुए अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकीनाथ सिंह ने बताया कि ईद और रामनवमी हमारे देश की गंगा-जमुनी तहजीब के प्रतीक हैं।कहा कि मनिहारी की पहचान आपसी प्रेम,भाईचारा और एकता से है। इसे बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी लोग त्योहारों को मिल-जुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या समस्या की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके और माहौल बिगड़ने न पाए। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों से अपील की कि दोनों पर्वों के दौरान संयम और सजगता बनाए रखें तथा प्रशासन का पूरा सहयोग करें। जद यू प्रखंड अध्यक्ष मंजय साह ने कहा कि मनिहारी हमेशा से भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता आया है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि इस परंपरा को कायम रखें। किसी भी अफवाह या भड़काऊ बातों से दूर रहें और मिल-जुलकर त्योहार मनाएं, तभी समाज में शांति बनी रहेगी। बैठक में विनोद कुमार,जदयू प्रखंड अध्यक्ष मंजय साह, नगर अध्यक्ष प्रकाश मुआर,सरपंच गोला सिंह, पंचायत समिति सदस्य कुंदन कुमार पासवान, जिला परिषद सदस्य सुमति एवं उप मुखिया रंजीत कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि ईद और रामनवमी के दौरान क्षेत्र में शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारा बनाए रखेंगे तथा किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देंगे।

### धनपाड़ा के छात्र-छात्राओं ने किया नेपाल कोसी बराज का परिभ्रमण

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना कार्यक्रम के तहत आदर्श मध्य विद्यालय धनपाड़ा के छात्र - छात्राओं को नेपाल के भीम नगर कोसी बैराज सहित गणपत नगर सुपौल विष्णु मंदिर का परिभ्रमण कराया गया। इस संदर्भ में भ्रमण दल के वरीय शिक्षक कालेश्वर साह ने बताया कि शैक्षिक परिभ्रमण का मुख्य उद्देश्य किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना यह कक्षा के



बाहर वास्तविक अवलोकन ऐतिहासिक स्थल और वैज्ञानिक केंद्रो के भ्रमण के माध्यम से छात्रों को रुचि जगाने,आत्मनिर्भरता बढ़ाने और सांस्कृतिक समझ विकसित करने के लिए कराया जाता हैं । इस परिभ्रमण से बच्चों में व्यावहारिक ज्ञान का अनुभव आत्मक शिक्षा अवलोकन और विश्लेषण सांस्कृतिक और ऐतिहासिक ज्ञान सामाजिक कौशल के साथ आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास बढ़ेगा। इस अवसर पर शिक्षकों में सियाराम यादव,श्वेता सिंह,तारकेश्वर कुमार ऋषि, छात्र - छात्राओं में सुहानी भारती,कीर्ति कुमारी, नैंसी कुमारी,साक्षी प्रिया,जानवी शर्मा स्वीटी कुमारी, शिवानी, तान्या,काजल कुमारी, साक्षी प्रिया,शगुन दास,अमर कुमार, विकास आदि उपस्थित रहे ।

### क्षेत्र भ्रमण कर विधायक ने लिया समस्याओं का जायजा

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** कदवा विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी ने गुरुवार को एनडीए कार्यकताओं के साथ प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया।इस दौरान उन्होंने कारकताओं एवं जनप्रतिनिधियों से चिरलंबित समस्याओं की जानकारी ली।वहीं समस्या के समाधान को लेकर विभिन्न स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर समाधान को लेकर पदाधिकारियों से भी बात की।विधायक श्री गोस्वामी ने महेशपुर पंचायत के लेटा धार,पहाड़पुर घाट पसंटा पुल रायपुर पंचायत के गोरफर घाट,कसमा धार का निरीक्षण कर समस्याओं से रुबरु हुए।वहीं नवादा, बिजैली,जबरा,सोंती, घोघरा आदि गांवों में आमजनों से मिलकर उनके पक्ष में मतदान करने का आभार जताया तथा नीजी और सामुहिक समस्या से रुबरु होकर निदान का आश्वासन दिया। इस बाबत विधायक ने कहा कि प्रखंड में तीन पुलों एवं कई छोटी बड़ी सड़कों के साथ शवदाह गृह का निर्माण कराना मेरी प्राथमिकता सूची में है।जिस पर आगामी वित्तीय वर्ष में कार्य शुरू कराने के प्रयासरत हूं।पसंटा पुल का निरीक्षण कर विधायक ने कहा कि पुल लगभग बन गया है,दोनों तरफ सड़क भी बना हुआ है। लेकिन एक पाया निर्माण का काम नीजी जमीन होने के कारण नहीं बन पाने से



तीन -चार वर्षो से पुल अधूरा पड़ा है।उन्होंने बताया कि पुलिस अधूरा रहने से एक बड़ी आबादी को बरसात के दिनों में आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि रैयत से बात कर मुआवजा भुगतान कराते हुए जल्द हीं पुल निर्माण का कार्य पूरा कराया जाएगा।इस दौरान उनके साथ ग्रामीण कार्य विभाग बारसोई प्रमंडल के सहायक अभियंता चंदन कुमार, कनीय अभियंता बीरेन्द्र कुमार, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सह रायपुर मुखिया आलोक चौहान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष कुंदन महतो, रमेश मंडल, मनोज साह, इंद्रजीत सिंह नरेश मंडल,पंसस बसंत चौहान एवं बरुण राय, राजकुमार मिश्र, मनोज ठाकुर,विशाल शर्मा सहित अन्य एनडीए नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# रसोई गैस की नहीं है कमी, कालाबाजारियों पर होगी कारवाई : जिला पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति भी सामान्य है। रसोई गैस को लेकर घरेलू उपभोक्ताओं को घबराने की जरुरत नहीं है और न हीं गैस वितरकों के यहॉ में अनावश्यक भीड़ जमा होना। यह जानकारी जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं आरक्षी अधीक्षक शिखर चौधरी ने संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता आयोजित कर दी है। उन्होंने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और तनाव के कारण रसोई गैस की किल्लत को लेकर फैल रही अफवाहों पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ा रुख अपनाया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से भ्रामक खबरों पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए कहा है कि जिले



के तीनों अनुमंडलों में कार्यरत सभी 54 गैस वितरकों के पास उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध हैं। वर्तमान में जिले में कुल 20,558 घरेलू और 1,033 व्यवसायिक सिलेंडर का भंडार है। 18 मार्च को 4926 बुकिंग के विरुद्ध 4,791 सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। वहीं गुरुवार को भी विभिन्न कंपनियों से 13,360 नए सिलेंडरों की खेप जिले को प्राप्त होने वाली है।

उन्होंने कहा है कि गैस के किल्लत की अफवाह का फायदा उठाकर अवैध वसूली और कालाबाजारी करने वालों से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया है। सभी प्रखंडों के लिए गठित विशेष धावा दल लगातार निगरानी कर रहा है। एसपी ने बताया कि 18 मार्च को शहर में गैस वितरण में अनियमितता पाए जाने पर एक एजेंसी के कर्मियों के विरुद्ध सहायक थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एचपीसीएल, बीपीसीएल और आइओसीएल के अधिकारियों के साथ लगातार बैठक किया जा रही है, ताकि आपूर्ति श्रृंखला बाधित नहीं हो। डीएम ने बताया कि गैस प्राप्ति में कठिनाई या अधिक कीमत वसूली की शिकायत उपभोक्ता जिला के हेल्पलाइन नंबर 06452-239025 एवं 239026 पर दर्ज करा सकते हैं। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुशील कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# विद्यार्थी परिषद ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। राज्य के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु तैयार ड्राफ्ट में सुधार के लिए पत्र सौंपा। इस मौके पर प्रांत सह मंत्री विनय सिंह ने कहा कि बिहार की उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण एवं भारत केंद्रित बनाने हेतु विद्यार्थी परिषद निरंतर प्रयास कर रही है ' विगत कुछ वर्षों में बिहार के उच्च शिक्षा संस्थानों में भौतिक प्रगति दृष्टिगोचर हुई है किंतु शैक्षणिक गुणवत्ता के दृष्किोण से हम आज भी काफी पिछड़े हुए हैं।



मौके पर विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह ने कहा कि विगत कई वर्षो से बिहार के उच्च शिक्षा संस्थान शिक्षकों की कमी के कारण शोध नवाचार एवं अन्य क्षेत्रों में पिछड़ते जा रहे हैं ' इस स्थिति में बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के माध्यम से शिक्षकों की नियुक्ति हेतु ड्राफ्ट तैयार किया गया है ' जिला संयोजक रोहन प्रसाद ने कहा कि यह ड्राफ्ट जैसे ही आम जनमानस के बीच आया तो इसमें कई प्रकार की विसंगतियां सामने आई है' अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस ड्राफ्ट में सुधार हेतु आग्रह करती है। जिसमें बिहार में लगभग 1500 अतिथि शिक्षक लंबे समय से अपनी सेवा दे रहे हैं ' नए प्रस्तावित मसौदे के अनुसार इनमें से अधिकांश उम्र सीमा के कारण आगामी बहाली प्रक्रिया से वंचित हो जाएंगे ' इस हेतु उम्र सीमा में परिवर्तन किया जाए। विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा हेतु नियुक्त होने वाले शिक्षकों की परीक्षा में 80 फीसदी हिस्सा केबल लिखित परीक्षा का देना अनैतिक है ' उनके शोध कार्य, पब्लिकेशन , शिक्षण अनुभव एवं अकादमिक उपलब्धियां को सीधे तौर पर दरकिनार कर दिया गया है। सहायक प्राध्यापक नियुक्ति हेतु राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले नेट की परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों एवं बिना नेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों दोनों के लिए समान अवसर तथा योग्यता रखना राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नेट परीक्षा के महत्व को नकारती है। ड्राफ्ट में अभ्यार्थियों के लिए एक ही विषय से स्नातक, स्नातकोत्तर एवं नेट या पीएचडी की उत्तीर्णता आवश्यक है। जबकि पूर्व में केवल स्नातकोत्तर तथा नेट के विषय के आधार पर ही नियुक्ति होती रही है ' ऐसी परिस्थितियों में जब सम्बध्द विषयों में बहाली की चर्चा ड्राफ्ट में है तो फिर एक ही विषय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की बाध्यता समाप्त होनी चाहिए। आगामी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया हेतु आयोजित होने वाली परीक्षाओं में ऑब्जेक्टिव एवं सब्जेक्टिव दोनों प्रकार के प्रश्न पूछे जाने चाहिए ताकि कदाचार की संभावना भी नहीं रहे एवं परीक्षार्थियों के विश्लेषणात्मक ज्ञान का भी परीक्षण हो सके ।

# चार पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष परिणाम घोषित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायतों में जिला कृषि साख सहयोग समिति पैक्स अध्यक्ष पद के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। एक बार फिर से चुनाव में अधिकांश जगहों पर पूर्व अध्यक्षों ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की है। धुरियाही पंचायत में विनोद कुमार यादव ने 533 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी विक्रम कुमार यादव को 503 वोट मिले।



वहीं दिलारपुर पंचायत में दिलीप यादव ने 618 मतों के साथ शानदार जीत दर्ज की। जबकि रंजीत पंडित को 205 मतों से संतोष करना पड़ा। नारायणपुर पंचायत में उत्तम सिंह ने 479 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंदी श्याम सुन्दर सिंह को 363 वोट मिले। वहीं नीमा पंचायत में रामबालक निर्विरोध पैक्स अध्यक्ष चुने गए। चुनाव परिणाम की घोषणा प्रखंड विकास पदाधिकारी सनत कुमार द्वारा की गई। उन्होंने सभी निर्वाचित अध्यक्षों को प्रमाण पत्र प्रदान कर जीत की बधाई दी।परिणाम घोषित होते ही विजयी उम्मीदवारों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और कई जगहों पर जश्न का माहौल देखने को मिला।

### दो चोरों को मोटर चोरी करते किसानों ने रंगे हाथ पकड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मनसाही थाना क्षेत्र के कुरेठा पंचायत में दो चोरों के द्वारा एक किसान के मोटर चोरी करते हुए किसान ने रंगे हाथ पकड़ लिया। इस दौरान हो हल्ला होने पर आसपास के कई गांव के लोग जूट गए । फिर देर किस बात की थी चोरों को पिलर में बांधकर जमकर धुनाई की घटना को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने दोनों पक्षों के साथ बैठक कर समझौता कराने के साथ साथ एक बंधक पत्र बनाकर दोनों चोरों को ग्रामीणों की भीड़ से मुक्त किया। आये दिन कुरेठा एवं सहजा क्षेत्र में किसानों के खेत खलियानों से बराबर मोटर चोरी की घटना होती रहती हैं अब तक में दर्जनों किसान के मोटर चोरी हो चुके हैं।

# वार्षिक उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** प्रखंड के सभी संकुल संसाधन केंद्र में वार्षिक उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन की शुरूआत हुई। इस मौके पर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रानीपतरा सिंघिया बड़ी बथना के संकुल समन्वयक अखिलेश कुमार यादव ने बताया कि संकुल अंतर्गत आदर्श मध्य विद्यालय रानीपतरा सिंघियाबड़ी बथना, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चित्तौड़िया, प्राथमिक विद्यालय गुमटी टोला, प्राथमिक विद्यालय नया टोला, प्राथमिक विद्यालय छोटी बथना मूसहरी टोला एवं प्राथमिक विद्यालय बीच चित्तौड़िया के वर्ग शिक्षक वार्षिक



उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन में भाग लिए हैं। उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन गुरुवार को शुरू हुआ जो 24 मार्च को संपन्न हो जाएगा। विद्यालय में हुए वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का जांच संकुल में किया जा रहा हैं । इस अवसर पर सभी विद्यालय के नामित वर्ग शिक्षक उपस्थित रहे ।

# स्वाति गैस एजेंसी का एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण

## संचालक को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बारसोई प्रखंड के स्वाति गैस एजेंसी में बारसोई अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार,आपूर्ति निरीक्षक बारसोई सृजन श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से स्वाति गैस एजेंसी में औचक निरीक्षण किया।

संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजू कुमार ने गैस एजेंसी संचालक को स्पष्ट निर्देश दिया कि एलपीजी गैस सिलेंडर का जो भी उपभोक्ता बुकिंग कराए हैं। उन्हें तीन से चार दिन के निर्धारित समय सीमा में घर पर ही फ्री होम डिलीवरी की जाए। उपभोक्ताओं से अपील करते हुए



एसडीएम ने कहा कि गैस एजेंसी परिसर में भीड़ न लगाए। इसकी सूचना गैस एजेंसी गोदाम में पोस्टर के माध्यम से दीवार पर चिपकाकर दे दी जाए। सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से भी इसका प्रचार प्रसार हो। गैस गोदाम के जांच में 700 खाली गैस सिलेंडर एवं 480 भरा हुआ पाया गया। प्रतिदिन स्वाति गैस एजेंसी में 1000 का लोड एचपीसीएल द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। गाड़ियों पर गैस सिलेंडर फ्री होम डिलीवरी शुरू कर दी गई। जांच में सब कुछ ठीक-ठाक पाया गया। यह जानकारी देते हुए एसडीएम राजू कुमार ने बताया कि धावादल लगातार निरीक्षण गैस एजेंसी मैं कर रहे हैं। कालाबाजारी एवं अफवाह फैलाने वालों से शक्ति से निपटा जाएगा।

# एनएफ रेलवे एम्पलाइज यूनियन का आंदोलन समाप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** एनएफ रेलवे एम्पलाइज यूनियन कटिहार मंडल समिति के कर्मचारियों के विभिन्न हितों से जुड़े 206 महत्वपूर्ण एजेंडा प्रशासन को सौंपे गए थे। लंबित मुद्दों एवं प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में यूनियन को अनिश्चितकालीन रिले भूख हड़ताल प्रारंभ करनी पड़ी। यूनियन के सकारात्मक दबाव के फलस्वरूप प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की।



भूख हड़ताल के पहले दिन से जहाँ रेल प्रशासन द्वारा हड़ताल खत्म करने का अनुरोध जारी था वही मंडल सचिव ने सीधा सीधा कहा कि जब तक इन मुद्दों पर मंडल रेल प्रबंधक महोदय की स्वीकृति नहीं होगी तब तक यह हड़ताल जारी रहेगा। वही दूसरे दिन डीआरएम के पहल पर उनकी अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई। जिसमें एडीआरएम एवं सभी शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में सभी मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में लगभग सभी मांगों को वैध मानते हुए स्वीकृति प्रदान की गई तथा शीघ्र क्रियान्वयन का आश्वासन दिया गया। इसके उपरांत डीआरएम एवं प्रशासनिक टीम ने धरनास्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों को संबोधित किया और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया, जिसके बाद उन्होंने मंडल मंत्री को जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त किया। इस आंदोलन के प्रमुख परिणामों में लंबित एमएसीपी एवं प्रमोशन मामलों का समाधान, विभिन्न प्रशासनिक समस्याओं का निराकरण तथा रेलवे स्टाफ कैंटीन का पुनः संचालन शामिल है।

### जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं में दिखी प्रतिभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** समग्र शिक्षा अभियान की ओर से मनिहारी मोड़ स्थित इंदिरा गांधी पुस्तकालय में जिलास्तरीय क्विज, गणित ओलिंपियाड और चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समग्र शिक्षा अभियान के संभाग प्रभारी सुधीर कुमार झा और निर्णायक मंडली के सदस्य दिनेश दुबे, मनोज भगत, विप्लव कुमार, प्रेम परदेशी, राकेश कुमार एवं राजदेव झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से अलग- अलग विधाओं के लिए के चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# गीतों की गूंज के साथ मनाया गया भारतीय नव वर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** चैत्र माह के प्रथम दिन और भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभ अवसर पर कोशी क्षेत्रीय विकलांग विधवा वृद्ध कल्याण समिति द्वारा एक भव्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के मेजर आशुतोष पार्क हरदयाल टॉकीज के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि अपनी कला का प्रदर्शन भी किया। हमारी संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है। आज हमारे दिव्यांग साथियों ने जिस प्रकार गीतों के माध्यम से अपनी खुशी और प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, वह प्रेरणादायक है। हम संकल्प लेते हैं कि आने वाले वर्ष में दिव्यांगों के कल्याण, मान-सम्मान और उनके अधिकारों के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

समिति के सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर नव वर्ष की बधाई दी। कार्यक्रम में



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिव्यांग जनों द्वारा प्रस्तुत किए गए देशभक्ति और लोक गीत रहे। कई दिव्यांग साथियों ने सुरीले अंदाज में गाना गाकर समां बांध दिया, जिससे पूरा पार्क तालियों की गूँज से भर उठा। संगीत के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि दिव्यांगता उनकी प्रतिभा और उत्साह के आड़े नहीं आती। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, बिहार राज्य सलाहकार बोर्ड सदस्य समाज कल्याण विभाग के सदस्य श्री शिव शंकर रमाणी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय नव वर्ष उपस्थित शिव शंकर रामानी के अलावे सामाजिक कार्यकर्ता छाया तिवारी, वासुदेव नायक, डॉ अवधेश कुमार देव, जयप्रकाश बारीक, अभिषेक तिवारी, सरदार अमर सिंह, भवानी देवी, सुश्री गुंजन कुमारी, जुगल मंडल, तारा देवी, रवि कुमार दास, राजीव कुमार सिंह, स्वीटी शर्मा, प्रशांत अधिकारी, डेजी कुमारी, लक्ष्मी देवी, उषा घोष, जूली शर्मा, मुन्ना साह, सुभद्रा देवी, तारा देवी, बिंदेश्वरी शर्मा, निर्मला देवी, जूली शर्मा, शिवसागर कुमार ,सुनीता देवी आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# सेमापुर मंडल में भाजपा का प्रशिक्षण महाभियान संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत गुरुवार को सेमापुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेमापुर मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार भगत ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज राय उपस्थित रहे, जबकि कोढ़ा विधायक कविता पासवान ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। प्रशिक्षण वर्ग के मुख्य वक्ता एवं कटिहार के पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह ने संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और



कार्यकताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत को भाजपा की मूल प्रेरणा बताते हुए कार्यकताओं से इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।इस मौके पर बरारी के पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी,विधानसभा प्रभारी शम्भूनाथ चौधरी, जिला महामंत्री गोविन्द अधिकारी, रामनाथ पांडेय तथा सौरभ मालाकार भी मंचासीन रहे। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती, अनुशासन और सक्रियता पर बल देते हुए कार्यकताओं को आगामी चुनावी तैयारियों के प्रति सजग रहने की सलाह दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंडल प्रभारी,मंडल महामंत्री, उपाध्यक्ष,मंत्री,विभिन्न पंचायतों के अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के संयोजक, मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित मंडल क्षेत्र के अनेक जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं को संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर सक्रियता, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के विषय में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार भगत ने सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाते हैं।

22 लाख करोड़ के पार गया डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन

## रिफंड जारी करने में आई गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में




उछाल आया है। कर विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 17 मार्च, 2026 तक भारत का डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन वार्षिक आधार पर 7.19 प्रतिशत बढ़कर 22.80 लाख करोड़ हो गया है। यह वृद्धि कर रिफंड की धीमी गति और कंपनी कर संग्रह में वृद्धि के कारण हुई। कड़ों के मुताबिक कुल नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 10.91 लाख करोड़ का नेट कॉर्पोरेट टैक्स, 11.32 लाख करोड़ का नॉन-कॉर्पोरेट टैक्स और 55,717 करोड़ का सिक्योरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स (एसटीटी) शामिल है। इस अवधि के दौरान टैक्स रिफंड जारी करने में छह प्रतिशत की गिरावट आई और यह 4.34 लाख करोड़ रुपये रहा। आयकर विभाग ने एडवांस टैक्स कलेक्शन के बारे में बताया कि चार किस्तों में एडवांस टैक्स कलेक्शन 6.4 प्रतिशत बढ़कर 11.13 लाख करोड़ रुपये रहा। एडवांस टैक्स कलेक्शन की अंतिम किस्त 15 मार्च को समाप्त हुई। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 में ग्रॉस टैक्स रेवेन्यू, आठ प्रतिशत की वृद्धि के साथ 44.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान लगाया है। वित्त वर्ष 2026-27 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 11.73 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 14.66 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 का संशोधित अनुमान 13.12 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2026-27 में कॉरपोरेट कर संग्रह 11 प्रतिशत बढ़कर 12.31 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष यह 11.09 लाख करोड़ रुपये था। एसटीटी संग्रह का अनुमान 73,700 करोड़ रुपये लगाया गया है, जो वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान (आरई) 63,670 करोड़ रुपये से अधिक है।

## बैंक लगातार कई दिन बंद रहेंगे, गुड़ी पड़वा से ईद तक छुट्टी ही छुट्टी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** किंग से जुड़े काम करने वालों के लिए जरूरी खबर है। 19 मार्च यानी आज से त्योहारों और वीकेंड के




चलते कई दिनों तक अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। यह लंबी श्रृंखला गुड़ी पड़वा, उगादी, ईद-उल-फितर और राम नवमी जैसे बड़े त्योहारों की वजह से है। 9 मार्च को गुड़ी पड़वा, उगादी, तेलुगु नव वर्ष, चेइराओबा और नवरात्रि के पहले दिन के अवसर पर महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, गोवा, आंध्र प्रदेश, मणिपुर और जम्मू-कश्मीर के कई शहरों में बैंक बंद रहेंगे। ड़ी पड़वा मराठी नव वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। यह त्योहार मुख्य रूप से महाराष्ट्र और गोवा में धूमधाम से मनाया जाता है। साल 2026 में यह पर्व 19 मार्च (गुरुवार) को मनाया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, यह चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को पड़ता है। इस बार प्रतिपदा तिथि 19 मार्च सुबह 6:52 बजे से शुरू होकर 20 मार्च सुबह 4:52 बजे तक रहेगी, इसलिए 19 मार्च को ही यह त्योहार मनाया जाएगा। 0 मार्च को जुमात-उल-विदा और ईद-उल-फितर के चलते जम्मू-कश्मीर, केरल और आंध्र प्रदेश के कुछ शहरों में बैंक बंद रहेंगे। सके बाद 21 मार्च को ईद-उल-फितर के मौके पर देश के कई बड़े राज्यों जैसे दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, बिहार, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में बैंक अवकाश रहेगा। 22 माच: रविवार होने के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। इसके बाद भी मार्च में कई छुट्टियां हैं 6 माच: श्री राम नवमी (कई राज्यों में बैंक बंद) 7 माच: कुछ राज्यों में राम नवमी (चैते दशैन) 8 माच: चौथा शनिवार (सभी बैंक बंद) 9 माच: रविवार (साप्ताहिक अवकाश) 1 माच: महावीर जयंती (कई राज्यों में अवकाश) नी मार्च के आखिरी हिस्से में बैंकिंग कामों की प्लानिंग पहले से करना जरूरी है। रहने के बावजूद ग्राहकों को ज्यादा परेशानी नहीं होगी, क्योंकि डिजिटल बैंकिंग सेवाएं जारी रहेंगी। आप छुट्टी के दिन भी से भुगतान कर सकते हैं। नेट बैंकिंग से पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। नलाइन सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं यानी बैंक बंद होने के बावजूद जरूरी काम आसानी से किए जा सकते हैं। कुल मिलाकर, 19 मार्च से शुरू हो रही बैंक छुट्टियों की यह लंबी श्रृंखला आम लोगों के लिए अहम है।


सोने के भाव में भी गिरावट

# चांदी के रेट 2.45 लाख के नीचे

### सोने-चांदी के रेट में बदलाव के कारण, डॉलर कमजोर, गिरावट पर लगा ब्रेक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजरायल युद्ध के बीच सोने-चांदी की कीमतें पिघल रही हैं। आज चांदी में 1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि सोने की कीमतों में भी कमजोरी देखने को मिली। इस गिरावट की बड़ी वजह अमेरिकी फेडरल रिजर्व का सख्त रुख और ब्याज दरों में कटौती को लेकर कम उम्मीदें हैं। रेलू बाजार में एमसीएक्स पर चांदी का भाव 1.5 प्रतिशत गिरकर 2,44,342 प्रति किलोग्राम पर आ गया। वहीं सोने की कीमत भी 0.8 प्रतिशत टूटकर 1,51,712 प्रति 10 ग्राम पर थी। यह गिरावट निवेशकों के बदलते रुख और वैश्विक संकेतों का असर दिखाती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हालांकि अलग तस्वीर देखने को मिली। स्पॉट सिल्वर 1.5 प्रतिशत बढ़कर 76.52 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। जबकि, स्पॉट गोल्ड 0.8 प्रतिशत बढ़कर 4,856 डॉलर प्रति औंस पर था। यानी वैश्विक बाजार में हल्की रिकवरी के संकेत मिले हैं।

कीमती धातुओं में गिरावट का सबसे बड़ा कारण फेडरल रिजर्व का रुख है। फेड ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया और इस साल केवल एक बार कटौती का संकेत दिया। फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने साफ कहा कि महंगाई पर काबू आने तक दरों में कटौती नहीं होगी। बता दें ऊंची ब्याज दरें सोने-चांदी जैसे बिना ब्याज वाले निवेश को कम आकर्षक बनाती हैं। युद्ध और तेल कीमतों का भी असर मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव ने भी बाजार को प्रभावित किया



है। कच्चा तेल 110 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गया है। इससे ऊर्जा लागत बढ़ने से महंगाई का खतरा बढ़ गया है। इससे एक तरफ कीमतों पर दबाव है, तो दूसरी तरफ सुरक्षित निवेश यानी सोने की मांग भी बढ़ रही है।

डॉलर में कमजोरी आने से सोने-चांदी की गिरावट कुछ हद तक सीमित रही। आमतौर पर डॉलर कमजोर होने पर कीमती धातुओं को सपोर्ट मिलता है।

विशेषज्ञों के अनुसार शॉर्ट टर्म में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। ब्याज दरें और युद्ध की स्थिति अहम फैक्टर होंगे। सुरक्षित निवेश के रूप में सोना-चांदी की मांग बनी रह सकती है। यानी कीमती धातुओं के बाजार में फिलहाल अनिश्चितता बनी हुई है। फेड की सख्त नीति, बढ़ती तेल कीमतें और भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोना-चांदी दबाव और सपोर्ट दोनों के बीच फंसे हुए हैं। आने वाले समय में इनकी दिशा वैश्विक संकेतों पर निर्भर करेगी।

## एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती का इस्तीफा

● एथिक्स पर उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े निजी बैंकों में से एक एचडीएफसी बैंक से बड़ी खबर सामने आई है। बैंक के पार्ट-टाइम चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक अतनु चक्रवर्ती ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे में बैंक के कुछ कामकाज और प्रथाओं को लेकर गंभीर चिंता जताई है। इस खबर के बाद आज एचडीएफसी बैंक के शेयरों पर प्रेशर दिख सकता है। बुधवार को एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.40 प्रतिशत टूटकर 842 रुपये पर बंद हुए थे। तनु चक्रवर्ती ने 15 मार्च को दिए अपने इस्तीफे में लिखा कि पिछले दो वर्षों में बैंक में कुछ ऐसी घटनाएं और प्रक्रियाएं देखी गईं, जो उनके व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं थीं। उन्होंने साफ कहा कि यही उनके इस्तीफे की मुख्य वजह है और इसके अलावा कोई अन्य कारण नहीं है। क ने 18 मार्च को आधिकारिक रूप से इस इस्तीफे की पुष्टि की। बैंक के अनुसार इस्तीफे के पीछे वही कारण हैं, जो चक्रवर्ती ने बताए। उनके कार्यकाल के योगदान के लिए धन्यवाद भी दिया गया।

अतनु चक्रवर्ती मई 2021 में बोर्ड से जुड़े थे और उनके कार्यकाल में बैंक ने एक बड़ा बदलाव देखा। इसी दौरान मर्जर हुआ, जिससे बैंक देश का दूसरा सबसे बड़ा लेंडर बन गया।

हालांकि, चक्रवर्ती ने यह भी संकेत दिया कि इस मर्जर का पूरा फायदा अभी सामने आना बाकी है। हालांकि उन्होंने किसी खास मुद्दे का जिक्र नहीं किया, लेकिन 'एथिक्स' और 'प्रैक्टिसेस' को लेकर उनकी टिप्पणी ने बैंक की आंतरिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खास बात यह है कि उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब बड़े वित्तीय संस्थानों की गवर्नेंस पर पहले से नजर रखी जा रही है। चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद भारतीय रिजर्व बैंक ने केकी मिस्त्री को अंतरिम पार्ट-टाइम चेयरमैन नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति 19 मार्च 2026 से 3 महीने के लिए प्रभावी होगी। अपने इस्तीफे में चक्रवर्ती ने बैंक के कर्मचारियों, खासकर मिड और जूनियर लेवल स्टाफ की ऊर्जा और काम के प्रति उत्साह की सराहना की।

## मोरबी की सिरेमिक इंडस्ट्री पर गैस संकट की मार

### तीन हफ्ते के लिए 430 फैक्ट्रियां बंद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण गैस आपूर्ति बाधित होने से गुजरात के मोरबी का प्रसिद्ध सिरेमिक उद्योग गहरे संकट में है। लगभग 430 सिरेमिक यूनिट्स कम से कम तीन हफ्तों तक बंद रहेंगी। मोरबी को दुनिया में सिरेमिक टाइल्स बनाने का दूसरा सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है। है। मोरबी सिरेमिक मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अरवड़िया ने बताया कि प्रोपेन गैस का उपयोग करने वाली सिरेमिक इकाइयां सबसे पहले बंद



प्रोपेन और प्राकृतिक गैस की कमी के चलते यहां की लगभग 430 इकाइयों ने कम से कम 3 हफ्ते तक काम बंद रखने का सामूहिक निर्णय लिया है। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सिरेमिक केंद्र मोरबी में पहले ही 670 में से करीब 450 कारखाने बंद हो चुके हैं। क्रिसिल रेटिंग्स के अनुसार, निर्यात और उत्पादन प्रभावित होने से इस साल उद्योग के राजस्व में 1.2 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। डस्ट्री के एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष की वजह से गैस की सप्लाई रुक गई है। इससे गुजरात के मोरबी की गैस की कमी के कारण लगभग 450 पहले ही बंद हो चुके हैं। रबी सिरेमिक मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अरवड़िया ने कहा कि मंगलवार को मोरबी की सिरेमिक इकाइयों की एक विशेष बैठक हुई जिसमें लगभग 430 मालिकों ने गैस संकट और दूसरी समस्याओं पर चर्चा की। सबने मिलकर अपने कारखाने बंद करने का फैसला लिया।यदि यह संकट जारी रहा तो आने वाले दिनों में कई और कारखाने बंद हो सकते हैं। सिरेमिक उद्योग उत्पादन के लिए प्रोपेन या प्राकृतिक गैस पर निर्भर हुई क्योंकि इसकी आपूर्ति समाप्त हो गई थी। बाद में, प्राकृतिक गैस का उपयोग करने वाली इकाइयां भी बंद हो गई।

### 430 इकाइयों ने काम बंद रखने का किया फैसला

अरवादिया ने कहा कि लगभग 430 इकाइयों ने 10 से 15 अप्रैल तक काम बंद रखने और इस दौरान मशीनों की मरम्मत करने का फैसला किया है। गैस की नई सप्लाई मिलने पर वे सब फिर से काम शुरू करेंगे। पूरी स्थिति ईरान, अमेरिका और इजरायल के टकराव के हल और गैस की नियमित सप्लाई पर निर्भर है।

#### युद्ध का दोहरा प्रभाव

एजेंसी के अनुसार 53,000 करोड़ रुपये के इस उद्योग पर युद्ध का दोहरा प्रभाव पड़ रहा है। पहला प्रभाव यह है कि रसद की चुनौतियों के कारण मध्य पूर्व को होने वाला निर्यात प्रभावित हुआ है और दूसरा प्रभाव एलएनजी तथा प्रोपेन गैस की आपूर्ति में कटौती है। ये दोनों प्रमुख कच्चे माल हैं जो कुल लागत का 35 प्रतिशत हिस्सा होते हैं और इनके अभाव में अधिकांश संयंत्रों को या तो उत्पादन बंद करना पड़ा है या बहुत कम स्तर पर काम करना पड़ रहा है।

### 1.2 प्रतिशत की गिरावट के आसार

इस बीच क्रिसिल रेटिंग्स ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण उत्पादन और निर्यात प्रभावित हो रहे हैं और आपूर्ति में बाधा आ रही है जिससे भारतीय सिरेमिक टाइल्स उद्योग के राजस्व में इस वित्तीय वर्ष 1.2 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

# होटल ताज की नौकरी छोड़ी, सिर्फ 30,000 से शुरू किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सारा पटका मायानगरी मुंबई की रहने वाली हैं। कुछ ही सालों में उन्होंने अपना सफल कन्फेक्शनरी ब्रांड खड़ा कर दिया है। इसका नाम 'लव एंड फ्लावर' है। इसकी नींव सारा ने 2015 में रखी थी। यह 'जीरो-वेस्टेज' और 'प्री-ऑर्डर' (पहले से ऑर्डर देने) मॉडल पर काम करता है। 'द ताज होटल' में शेफ की नौकरी छोड़ने के बाद सिर्फ 30,000 रुपये से सारा ने अपने वेंचर की शुरुआत की थी। इसे उन्होंने घर से शुरू किया था। यह केक, कपकेक, केक पॉप्स, मठिाई और ब्राउनी जैसे डेजर्ट आइटम बनाता और बेचता है। आज इस वेंचर से उनकी लाखों की कमाई हो रही है। आइए, यहां सारा पटका की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। रा पटका मुंबई के एक ऐसे परिवार से आती हैं जहां महिलाओं को काम करने की पूरी आजादी रही। उनकी मां एक बुटीक स्टोर चलाती थीं। सारा ने साल 2014 में होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई पूरी की। उनकी मां और कजिन्स ने उनकी खाने में दलिचस्पी को पहचानकर उन्हें इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के दौरान एक बार केक में ज्यादा बेकिंग सोडा डल जाने से उनका आत्मविश्वास थोड़ा डगमगाया था। लेकिन, ताज होटल में काम करते हुए -17 डिग्री सेल्सियस के फ्रीजर में चॉकलेट एक्लेयर्स सजाते समय उन्हें एहसास हुआ कि बेकिंग ही उनकी असली मंजिल है। पारिवार के एक दोस्त के सुझाव पर उन्होंने सितंबर 2014 में घर से ही अपना काम शुरू करने का मन बनाया।

### अब लाखों की कमाई, ऐसे बनी पहचान

जीरो वेस्टेज मॉडल बना खूबी नौकरी करते हुए सारा देख चुकी थीं कि इस इंडस्ट्री में खाना कितनी बेदर्दी से बर्बाद होता है।




लिहाजा, उन्होंने 'लव एंड फ्लावर' को पूरी तरह से 'प्री-ऑर्डर' मॉडल पर बेस्ड रखा। 'जीरो वेस्टेज' उनके ब्रांड की सबसे बड़ी खूबी है। यहां तक कि केक के बचे हुए टुकड़ों (स्क्रैप्स) का इस्तेमाल 'केक पॉप्स' बनाने में किया जाता है। सारा मानती हैं कि घर से काम करने का मतलब यह नहीं कि यह सिर्फ एक 'हॉबी' है। वह अपने वेंचर को एक व्यावसायिक उद्यम की तरह चलाती हैं।

### सोशल मीडिया से मार्केटिंग

सारा पटका ने वेंचर की शुरुआत के वक्त सब कुछ खुद किया। बेकिंग से लेकर अकाउंटिंग और मार्केटिंग तक वह अपने आप हैंडल करती थीं। प्रोफेशनल फोटोग्राफरों की मोटी फीस देखकर उन्होंने अपना डीएसएलआर खरीदा। सोशल मीडिया के लिए कंटेंट बनाना सीखा। उनका 'कुकी पिज्जा' इंटरनेट पर पापुलर हो गया। आज यह उनके सबसे ज्यादा बिकने वाले प्रोडक्ट्स में से एक है। 2015 में 30,000 रुपये के रेवेन्यू से शुरू हुआ यह सफर 2017 में ऑनलाइन पार्टनरशिप और 2023 में अपनी खुद की वेबसाइट तक पहुंच गया।

**अब लाखों की कमाई:** सारा पटका का बिजनेस लॉन्च के एक साल के भीतर ही मुनाफे में आ गया था। 2023 में इसने 6 लाख रुपये के रेवेन्यू से बढ़ते हुए 2025 में 11 लाख रुपये का आंकड़ा पार कर लिया। वर्तमान में सारा मुंबई, पुणे और ठाणे जैसे शहरों में 2,000 से ज्यादा क्लाइंट्स को सर्विसेज दे रही हैं। साल 2026 के अंत तक वह 13.5 रुपये लाख के रेवेन्यू और 3,000 से ज्यादा ग्राहकों का टारगेट लेकर चल रही हैं। सारा का विजन अपने वेंचर को एक लक्जरी बुटीक कन्फेक्शनरी ब्रांड बनाने का है।

# डेल ने गुपचुप तरीके से 11000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डेल टेक्नोलॉजीज ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान गुपचुप तरीके से अपने ग्लोबल कर्मचारियों की संख्या में लगभग 11,000 की कटौती की है। यह इस बात का संकेत है कि एआई सर्वर निर्माता कंपनी लागत कम करने के लिए बाहरी भर्तियों को सीमित कर रही है। हालांकि डेल ने छंटनी के बारे में कोई बड़ी सार्वजनिक घोषणा नहीं की लेकिन कंपनी ने वार्षिक रिपोर्ट में जो आंकड़े दिए हैं उससे छंटनी की तस्वीर साफ हो जाती है।

वार्षिक रिपोर्ट में डेल ने बताया कि वर्कफोर्स कटौती उसके कुल कर्मचारियों का लगभग 10 प्रतिशत है, जिससे कर्मचारियों की संख्या जनवरी 2025 में लगभग 1,08,000 से घटकर 31 जनवरी 2026 तक लगभग 97,000 हो गई है। कंपनी ने छंटनी मुआवजे पर 569 मिलियन डॉलर खर्च किए जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 693 मिलियन डॉलर था। टेक्नोलॉजी क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान लागत नियंत्रण और बिजनेस मॉडर्नाइजेशन पर अपना फोकस बनाए रखने की बात कही है। कंपनी के अनुसार, खर्चों को नियंत्रित करने के लिए कर्मचारी पुनर्गठन, बाहरी भर्तियों में कमी और निवेश को रणनीतिक प्राथमिकताओं के अनुरूप ढालने जैसे उपाय किए गए हैं। ये कदम कंपनी के लॉन्ग टर्म डेवलपमेंट और ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप सेवाएं बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाए गए हैं।

बता दें कि बीते कुछ समय से टेक कंपनियां एआई के कारण बड़े पैमाने पर छंटनी कर रही हैं। इस साल 60 टेक कंपनियों ने




38,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। यह जानकारी वेबसाइट से मिली है। यह अलग-अलग क्षेत्रों में छंटनी पर नजर रखती है। रॉयटर्स की एक खबर के मुताबिक सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी मेटा बड़े पैमाने पर छंटनी की योजना बना रही है, जिससे उसके 20 प्रतिशत या उससे अधिक कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं।

**डेल का राजस्व:** बीते दिनों कंपनी ने कहा कि उसे अपने प्रमुख एआई-अनुकूलित सर्वर व्यवसाय से होने वाले राजस्व में वित्त वर्ष 2027 में दोगुनी वृद्धि की उम्मीद है और उसने शेयरधारकों को अधिक नकदी वापस करने का वादा किया है। कंपनी ने अपने कैश डिविडेंड में 20 प्रतिशत की वृद्धि और अपने शेयर बायबैक प्रोग्राम के लिए अतिरिक्त 10 अरब डॉलर की घोषणा की। डेल को प्रति शेयर 12.90 की वार्षिक आय की उम्मीद है, जो 11.59 के अनुमान से अधिक है। पहली तिमाही में डेल को 34.7 बिलियन और 35.7 बिलियन के बीच राजस्व की उम्मीद है, जो 29.13 बिलियन के अनुमान से अधिक है। पहली तिमाही के लिए प्रति शेयर आय का पूर्वानुमान 2.90 था, जो 2.37 के अनुमान से अधिक था। इस कंपनी ने चौथी तिमाही में 33.4 बिलियन का रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किया, जो 31.73 बिलियन के अनुमान से अधिक था।

## पेट्रोल-डीजल और एलपीजी सिलेंडर के भाव नहीं बढ़े, कच्चा तेल 111 डॉलर के पार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पेट्रोल-डीजल के उपभोक्ताओं के लिए राहत है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के रेट नहीं बढ़ाए हैं। वह भी तब जब कच्चे तेल की कीमतों में आग लगी है। ब्रेंट क्रूड 4.45 डॉलर प्रति बैरल उछलकर 111.83 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। जबकि,डब्ल्यूटीआई में 3.40 डॉलर की तेजी है। यह 99.72 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। बता दें क्रूड में हर 1 डॉलर की बढ़ोतरी से सालाना भारत के आयात बिल में लगभग 2 अरब डॉलर का इजाफा होता है। ज 19 मार्च की सुबह छह बजे जारी रेट के मुताबिक दिल्ली में इंडियन ऑयल के पंपों पर पेट्रोल की रिटेल कीमत 94.77 और डीजल 87.67 रुपये लीटर है। पोर्ट ब्लेयर में पेट्रोल 82.46 प्रति लीटर है तो डीजल 78.05 प्रति लीटर। ईटानगर में पेट्रोल 90.87 प्रति लीटर है जबकि, डीजल 80.38 प्रति लीटर। सिलवासा, दादरा और नगर हवेली में पेट्रोल 92.37 प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 104.99, कृष्णानगर में 106.07, मेदिनीपुर में 105.37, पुरुलिया में 106.05, रायगंज में 105.36, सूरी में 105.43 और तामलुक में 104.61 प्रति लीटर है। अलीपुर में पेट्रोल 104.99 प्रति लीटर, बहरामपुर में 106.12, बांकुड़ा में 105.19, बारासात में 105.24, वर्धमान में 105.33, कूचबिहार में 106.14, हुगली में 105.52, हावड़ा में 104.99 लीटर है। सभी शहरों में कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# पूर्व मंत्री के घर पर चला बुलडोजर

## इलाके में तनाव का माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग जिले के जोरदाग झुमरी टांड़ में स्थित पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता योगेंद्र साव के घर को गुरुवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई एनटीपीसी द्वारा भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच की गई।

जानकारी के अनुसार, यह मकान चट्टी बरियातू कोल माइंस परियोजना क्षेत्र के सामने स्थित था और जिस जमीन पर बना था, वह पहले से खनन कार्य के लिए कंपनी को आवंटित की जा चुकी थी। एनटीपीसी की टीम पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेरकर कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए इलाके में आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई थी।

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही योगेंद्र साव ने कंपनी और उसके कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए थे और कथित रूप से उनके खिलाफ आक्रामक रवैया भी अपनाया था। इसके बाद प्रशासन ने स्थिति को संवेदनशील मानते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।



कार्रवाई के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और मजदूर मौके पर जमा हो गए थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझाते हुए कहा कि यह कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है और जमीन कंपनी को खनन कार्य के लिए आवंटित है। वहीं योगेंद्र साव ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने हेमंत सोरेन पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड में गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है और सरकार उनकी हितैषी नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता सरकार की नीतियों को देख रही है और समय आने पर इसका जवाब देगी।

## नवादा में बनेगी चीनी मिल

**नवादा।** जिला के वारिसलीगंज प्रखंड में चीनी मिल स्थापना के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। करीब एक सौ एकड़ भूमि का प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। वारिसलीगंज के अंचल अधिकारी ने पिछले ही महीने 28 फरवरी को पत्रांक 240 के माध्यम से नवादा डीएम रवि प्रकाश को भूमि चिह्नित करते हुए प्रतिवेदन सौंपा। जिसके बाद डीएम ने गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव को संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध करा दिया है। सीओ ने वारिसलीगंज स्थित मकनपुर मौजा के थाना नंबर 474 में करीब एक सौ निजी और सरकारी जमीन को चिह्नित किया है, जिसमें अनावाद बिहार सरकार एवं अनावाद सर्वसाधारण खाता के साथ कुछ रैयती जमीन भी शामिल है। पूरी जमीन का रकबा करीब 102 एकड़ सात डिसमिल है, इसमें करीब 12 एकड़ पांच डिसमिल की जमीन रैयती है। फिलहाल, डीएम इस रिपोर्ट को गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव को उपलब्ध करा चुके हैं। साथ ही पूर्ण विवरण प्रपत्र क, ख, ग एवं ट्रेस नक्शा के साथ अन्य दस्तावेज भी भेजे गए हैं।

# सरहुल की तैयारी में जुटीं छात्र-छात्राएं

## विश्वविद्यालय परिसर में दिख रही आदिवासी संस्कृति की झलक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी स्थित रांची विवि के सेंट्रल फॉर ट्राइबल एंड रीजनल लैंग्वेज विभाग में प्रकृति पर्व सरहुल को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। विभाग में नौ क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई होती है और हर वर्ष की तरह इस बार भी सरहुल को पारंपरिक तरीके से मनाने की तैयारी की जा रही है। पूरे परिसर में आदिवासी संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। मौके पर पारंपरिक आदिवासी नृत्य और लोक संगीत की प्रस्तुतियों के लिए छात्र-छात्राएं लगातार रिहर्सल कर रहे हैं। इस दौरान वे पारंपरिक वेशभूषा में नजर आ रहे हैं और ढोल-नगाड़ों की थाप पर अभ्यास कर रहे हैं। रिहर्सल के साथ ही परिसर का माहौल धीरे-धीरे उत्सवमय होता जा रहा है।



आयोजन के मुख्य कार्यक्रम को लेकर भी उत्साह बना हुआ है। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ने की उम्मीद है। विभाग और विवि प्रशासन भी कार्यक्रम को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है। सरहुल प्रकृति की पूजा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन साल वृक्ष की पूजा की जाती है, जिसे जीवन और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व आदिवासी समाज की सांस्कृतिक परंपराओं और प्रकृति के प्रति उनके गहरे संबंध को दर्शाता है।

रीजनल लैंग्वेज विभाग के छात्र-छात्राओं में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। छात्र राजीव महतो, चंचला कुमारी, रिंकी कुमारी, काजल कृष्णा, सुभाष महतो और राजीव कुमार ने कहा कि सरहुल केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि उनकी संस्कृति और पहचान का अहम हिस्सा है।

# सदर अस्पताल में एमएनसीयू का उद्घाटन

## हर गरीब विश्वास के साथ सदर अस्पताल में करा सकेगा इलाज : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त सन्नी राज तथा अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर आज सदर अस्पताल के नवनिर्मित मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री की सोच है कि राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा मिले। इलाज के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की जब से जबर्दस्ती पैसे न लगे। उनकी सोच को ध्यान में रखते हुए सदर अस्पताल में एमएनसीयू शुरू किया है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का यह संयुक्त प्रयास आम जनता को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले दिनों में सदर अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाया जाएगा।



उन्होंने बताया कि एमएनसीयू के साथ पेडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीआईसीयू), वैक्सीनेशन सेंटर, नर्सिंग स्टेशन, जलपान एवं भोजन कक्ष, किचन गार्डन, रजिस्ट्रेशन सह आयुष्मान मित्र कउंटर, पावर बैकअप के अलावा अन्य सुविधाएं प्रदान की गई है।

कहा कि इन अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रारंभ होने से जिले में गंभीर रूप से बीमार बच्चों को समय पर समुचित इलाज मिलेगा। वहीं एमएनसीयू में नवजात शिशुओं की एक ही स्थान पर समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण देखभाल होगी। पीआईसीयू गंभीर रूप से बीमार बच्चों के इलाज के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इससे अब जिले के मरीजों को बाहर रेफर होने की आवश्यकता नहीं होगी। जबकि वैक्सीनेशन सेंटर के सुदृढ़ होने से नियमित टीकाकरण एवं विशेष अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किए जा सकेगा।

वहीं सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि एमएनसीयू में अलग-अलग शिफ्ट में डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ अजहरउल हक साही, डॉ विश्वजीत प्रसाद सिंह, डॉ नौशाद आलम, डॉ मनोज हेंब्रम, डॉ पल्लवी एवं डॉ कुमार गौतम रहेंगे।

उद्घाटन से पूर्व एमएनसीयू पहुंचने पर उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल दंडाधिकारी का पारंपरिक रीति रिवाज एवं लोटा पानी से स्वागत किया गया।

उद्घाटन के मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद, डीपीएम प्रतिमा कुमारी, यूनियन बैंक के रीजनल डायरेक्टर दीपमाला लकड़ा, चिफ मैनेजर अमित कुमार, एलसी रोड ब्रांच के मैनेजर अरविंद सिंह के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने शराब भट्ठियों को किया नष्ट

**हाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर एक्साइज टीम हाजीपुर, रूस्तमपुर थाना की पुलिस ने गुरुवार की दोपहर में गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर सुकुमारपुर दियारा नदी के किनारे एवं जंगल झाड़ी में संचालित 10, देशी शराब की भट्ठीयों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस टीम ने करीब 36 हजार लीटर कच्चा जावा को नष्ट कर शराब बनाने वाला उपकरण को आग लगाकर जला दिया। पुलिस ने मौके से प्लास्टिक ड्रम, टिन का ड्रम अन्य सामान को नष्ट कर दिया। हालांकि इस दौरान पुलिस किसी तस्कर को गिरफ्तार नहीं कर सकी। पुलिस को दूर से आता हुआ देख शराब तस्कर फरार हो गया। उक्त कारवाई रुस्तमपुर थाना अध्यक्ष कुमार अभिषेक द्वारा की गई है। कुमार अभिषेक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सुकुमारपुर दियारा में 10 देशी शराब की भट्ठी को ध्वस्त किया गया। इस दौरान 36 हजार लीटर कच्चा जावा, शराब तैयार करने वाले उपकरण को नष्ट कर दिया गया है।

# स्वर्णरेखा नदी में मिले विस्फोटक

## प्रशासन ने सील की जगह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बहरागोड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पानीपड़ा स्थित स्वर्णरेखा नदी में बीते मंगलवार को मिली रहस्यमयी लोहे की वस्तु को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। रांची से पहुंची बम निरोधक दस्ता ने प्रारंभिक जांच के बाद पुष्टि की है कि यह एक शक्तिशाली बम है।

दस्ते के प्रभारी नंदकिशोर सिंह ने बताया कि बरामद बम आकार में बड़ा और अत्यंत घातक है। इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए इसे सामान्य तरीके से निष्क्रिय करना संभव नहीं है।

इसे सुरक्षित ढंग से निष्क्रिय करने के लिए उच्च स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता है, जो केवल भारतीय सेना के पास उपलब्ध है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने बम मिलने वाले क्षेत्र को पूरी तरह सील कर दिया है। साथ ही आसपास के ग्रामीणों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे उस स्थान के निकट न जाएं और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ से बचें।

उल्लेखनीय है कि लगभग सात माह पूर्व पश्चिम बंगाल के गोपीबल्लापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आशुई के निकट भरमपुर गांव के समीप स्वर्णरेखा नदी में इसी प्रकार का एक बम मिला था।

उस समय पश्चिम बंगाल प्रशासन के द्वारा कोलाईकुंडा एयर फोर्स के अधिकारियों की मदद से उसे सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया गया था।

प्रशासन के द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

# दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के सभी फेरे किये गये रद्द

## यात्रियों की बढ़ेगी मुश्किलें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** रेलवे ने धनबाद, गोमो और बोकारो होकर चलने वाली दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के आगामी सभी फेरे रद कर दिए हैं। रांची से धनबाद होकर दरभंगा, मधुबनी के रास्ते उत्तर बिहार के झंझारपुर तक चलने वाली स्पेशल ट्रेन अब नहीं चलेगी। रांची से बोकारो, गोमो, कोडरमा, गया होकर गोरखपुर तक चलने वाली स्पेशल ट्रेन के पहिए भी थम गए हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे ने परिचालनिक कारणों से ट्रेनों को रद करने की घोषणा की है।

धनबाद से गोरखपुर के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन की सेवा 23 व 30 मार्च को जारी रहेगी। मौर्य एक्सप्रेस में वेटिंगलिस्ट रहने से धनबाद-गोरखपुर स्पेशल यात्रियों के लिए बेहतर विकल्प है। इस ट्रेन में स्लीपर से एसी तक पर्याप्त सीटें उपलब्ध हैं। दूसरी ओर, उत्तर बिहार जानेवाली राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस में भी सभी श्रेणियों में सीटें खाली हैं। गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की मुश्किल बढ़ेगी। रेलवे ने टाटा-जम्मूतवी और संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस को मई व जून की अलग-अलग तिथियों में परिवर्तित मार्ग से चलाने की घोषणा की है। कानपुर व दिल्ली होकर चलने वाली ट्रेनें मेरठ सिटी, सहारनपुर और अंबाला कैंट होकर चलेंगी। उत्तर रेलवे में होनेवाले विकास कार्यों के कारण ट्रेनें मार्ग बदल कर चलेंगी।



## सरहुल पर तीन दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के तत्वावधान में सरहुल महापर्व को लेकर सरना टोली हातमा स्थित केंद्रीय सरना पूजा स्थल पर तैयारी बैठक सह प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान समिति ने राज्य सरकार से सरहुल के अवसर पर तीन दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्य पहान जगलल पाहन ने सरहुल पर्व के धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को चैत शुक्ल द्वितीया के दिन उपवास, केकड़ा-मछली पकड़ाई और रात्रि में जल रखाई पूजा होगी। शनिवार को चैत शुक्ल तृतीया के दिन मुख्य पूजा, वर्षा भविष्यवाणी और दोपहर 1:30 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जबकि रविवार को फूल खोशी (पुष्प अर्पण) का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पर्व मनाने की अपील की।

समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि सरहुल जैसे पवित्र पर्व के दौरान कुछ लोग डीजे और राजनीति के माध्यम से माहौल को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने समाज से इस प्रकार की गतिविधियों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से सरहुल शोभायात्रा के दिन पूरे झारखंड में शराबबंदी लागू करने की मांग की।

समिति ने रांची नगर निगम प्रशासन से पूजा स्थलों की साफ-सफाई, बिजली, चलंत शौचालय और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की। इसके साथ ही शोभायात्रा के दिन सभी सुलभ शौचालयों को निशुल्क करने की मांग भी रखी गई।

समिति ने प्रशासन से शोभायात्रा के दिन शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने और प्रत्येक चौक-चौराहे पर मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की।

## अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का

# जिला महानगर अध्यक्ष रंजीत कुमार व महामंत्री अशोक कुमार मनोनीत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** लुंबी सर्कुलर रोड स्थित विवाह भवन में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के धनबाद जिला समिति के अध्यक्ष बिनोद रवानी के नेतृत्व में धनबाद जिला महानगर कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में रंजीत कुमार और महामंत्री के रूप में अशोक कुमार चुने गए, कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव गुड्डू रवानी ने किया, धन्यवाद ज्ञापन राजेंद्र बर्मा ने किया। अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि इस कमेटी से शहर को मजबूती मिलेगा। अतिथि के रूप में उपस्थित युवा प्रदेश अध्यक्ष अकाश रवानी ने कहा कि सामाजिक संगठन परिवार के जैसा होता है परिवार पर यदि कोई आँखें दिखाएगा तो इट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा।

जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष रवानी ने नवगठित कमेटी को बधाई देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व धनबाद महानगर में चंद्रवंशी परिवार का विकास हो ऐसा कामना करते हैं। सभा के अध्यक्ष जिला अध्यक्ष विनोद रवानी ने अपने अध्यक्ष भाषण में कहां की मेरा एक ही उद्देश्य समाज में सभी को साथ लेकर चलना और सभी समस्याओं का सार्वजनिक रूप से समाधान करना रहा हूं और करता भी रहूंगा। मौके पर मुख्य रूप से धीरेन रवानी जगदीश रवानी विजय राम रवानी प्रदेश संगठन सचिव शक्ति रवानी अमरजीत कुमार दीपक रवानी रवि रवानी आचार्य जगदीश चंद्र रवानी भोला राम संजय रवानी हरिपद रवानी अजय रवानी जीरखान सिंह नागेंद्र रवानी पिंटू रवानी सुनील रवानी विकाश सिंह अजय रवानी विजय रवानी विष्णु रवानी वरुण रवानी विकास बजरंगी राहुल चंद्रवंशी पवन रवानी कुणाल चंद्रवंशी समीर रवानी एवं अन्य मौजूद थे।

## एसएनएमएमसीएच को मिला उन्नत आर्थोपेडिक ओटी टेबल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** बैंक ऑफ इंडिया, धनबाद जोन ने सीएसआर के तहत शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को एक उन्नत आर्थोपेडिक ओटी टेबल प्रदान किया। यह टेबल फ्रैक्चर एवं हड्डी संबंधी सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाएगी। डॉ. दिनेश कुमार गिंदोरिया के निर्देशन में स्थापित इस उपकरण का उद्घाटन 18 मार्च 2026 को किया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय प्रताप सिन्हा सहित बैंक के आंचलिक प्रबंधक दिनेश प्रसाद, अभ्रतनु चंद, के.पी. सिंह छाबरा एवं बी.पी. सिंह उपस्थित रहे। दिनेश प्रसाद ने इसे बैंक की सामाजिक प्रतिबद्धता बताया, वहीं डॉ. गिंदोरिया ने कहा कि इससे मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा।बैंक ऑफ इंडिया देशभर में 5000+ शाखाओं के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा व सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान दे रहा है।

# गरीबरथ एक्सप्रेस में लावारिस हालत में मिली शराब, तस्करी की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर (मुंगेर)।** आनंद विहार टर्मिनल से भागलपुर जा रही 22406 गरीब रथ एक्सप्रेस में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की। जी-2 कोच में की गई इस कार्रवाई में छोटा-बड़ा मिलाकर कुल 74 बोतल यानी 18.450 लीटर शराब जब्त की गई। टीम में एक महिला पुलिस अधिकारी सहित सादे लिबास में चार जवान शामिल थे। सूचना मिलते ही टीम ने बिना देर किए कोच की तलाशी शुरू कर दी और संदिग्ध सामान की जांच की गई।

जानकारी के अनुसार यह ट्रेन प्लेटफार्म संख्या एक पर सुबह 9:10 बजे के बजाय 11:38 बजे पहुंची। इसी दौरान उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली कि कोच में शराब छिपाकर ले जाई जा रही है।



सूचना मिलते ही टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कोच में छापेमारी की। तलाशी के दौरान सीटों के नीचे और सामान के बीच छिपाकर रखी गई शराब बरामद की गई।

उत्पाद विभाग के दरोगा धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बरामद शराब लावारिस हालत में मिली है। प्रथम दृष्टया यह मामला अवैध शराब तस्करी से जुड़ा प्रतीत होता है। शराब को इस तरह छिपाकर रखा गया था कि सामान्य जांच में पकड़ में न आए।

इससे यह भी संकेत मिलता है कि तस्कर लगातार नए तरीके अपनाकर पुलिस को चकमा देने की कोशिश कर रहे हैं।

कार्रवाई की खास बात यह रही कि इसकी जानकारी न तो रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को लगी और न ही सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) को। उत्पाद विभाग ने पूरी कार्रवाई गुप्त तरीके से अंजाम दी। इससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

अधिकारियों के अनुसार पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि शराब किसने रखी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। साथ ही इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान भी की जा रही है। विभाग ने संकेत दिए हैं कि आगे भी ट्रेनों में सघन जांच अभियान चलाया जाएगा, ताकि इस तरह की तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

# इफ्तार पार्टी में दिग्गजों का हुआ महाजुटान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संस्थापक एवं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने अपने पटना आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इसमें सीएम, उपमुख्यमंत्री , विस अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के साथ एनडीए सरकार के कई मंत्री-विधायक पहुंचे।

इस मौके पर राज्य के अगले सीएम के सवाल पर मांझी ने कहा कि मुझे लगता है, सम्राट चौधरी सीएम पद के लिए नीतीश कुमार की पसंद हो सकते हैं। नीतीश कुमार पारदर्शी हैं, जो मन में सोचते हैं वही करते हैं। वह कहते नहीं हैं। यदि वह संकेत दे रहे हैं, तो माना जा सकता है कि वह इससे पीछे नहीं हटेंगे। अपना उदाहरण देते हुए मांझी ने कहा कि मुझे भी नीतीश कुमार ने ही अपनी पसंद से मुख्यमंत्री बनाया था। नीतीश कुमार के मन से जो भी मुख्यमंत्री बनेंगे, हम सबको खुशी होगी।

वहीं, हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्य सरकार में मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने तेजस्वी यादव के गायब रहने के सवाल पर कहा कि वह भगोड़े हैं। पहले चुनाव में हार के बाद रण छोड़ के भाग गए। अब राज्यसभा में हार के बाद कोलकाता भाग गए हैं। राजनीति में हार-जीत लगी रहती हैं। लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष जरूरी है, मगर तेजस्वी यादव हार बर्दाश्त नहीं कर पा रहे। दूसरी ओर, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के माध्यम से राज्यवासियों को विकास की नयी-नयी सौगातें दे रहे हैं। इस यात्रा को लेकर आम जनता में अत्यंत उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री स्वयं विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं और सीधे जनता से संवाद स्थापित कर आम लोगों की मूलभूत समस्याओं तथा आवश्यकताओं को गंभीरता से सुन रहे हैं।

# लिवरपूल 2022 के बाद चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में

- गैलेटसाराय को हराया, मोहम्मद सलाह 50 गोल करने वाले पहले अफ्रीकी खिलाड़ी बने



**गैलेटसाराय (एजेंसी)।** लिवरपूल ने 2022 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को एनफील्ड के मैदान पर खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में तुर्की क्लब गैलेटसाराय को 4-0 से हराया। इससे कुल मिलाकर 4-1 से लिवरपूल आगे बढ़ गया। पहले लेग में गैलेटसाराय ने 1-0 से जीता था।

- **मोहम्मद सलाह चैंपियंस लीग में 50 गोल करने वाले पहले अफ्रीकी बने–** मैच के हीरो एक बार फिर मोहम्मद सलाह रहे। उन्होंने शुरुआत में एक पेनल्टी मिस कर दी थी, लेकिन बाद में शानदार वापसी करते हुए एक गोल किया और एक असिस्ट भी दिया। इस प्रदर्शन के साथ वह चैंपियंस लीग में 50 गोल करने वाले पहले अफ्रीकी खिलाड़ी बन गए। इसके अलावा, वह एंफील्ड में लिवरपूल के लिए 201 गोल में योगदान देने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। एंफील्ड लिवरपूल का घरेलू मैदान है। यहां सलाह ने 211 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 140 गोल किए और 61 असिस्ट दिए हैं।
- **टीम मैनेजर ने सलाह की तारीफ की–** हाफ-टाइम तक चर्चा सलाह की उस पेनल्टी को लेकर थी, जिसे वे गोल में नहीं बदल सके। सलाह जैसे खिलाड़ी के लिए यह एक कमजोर प्रयास था। हालांकि, मैनेजर अर्ने स्लॉट ने उनकी मानसिक मजबूती की तारीफ करते हुए कहा, पेनल्टी चूकना एक कठिन पल था, लेकिन दूसरे हाफ में उन्होंने जिस तरह से वापसी की, एक शानदार असिस्ट दिया और फिर अपना ट्रेडमार्क गोल किया, वह उनकी मेंटल स्ट्रेंथ को दर्शाता है।
- सलाह ने मैच के 74वें मिनट में चोट की आशंका के चलते खुद को सब्स्टीट्यूट करने को कहा, जिससे फैंस थोड़ी चिंता में दिखे।

# ईरान की महिला फुटबॉल टीम स्वदेश लौटी

- 2 प्लेयर्स ने ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने का फैसला किया, एशिया कप में राष्ट्रगान नहीं गाया था

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगने के विवाद के बाद ईरान की महिला फुटबॉल टीम स्वदेश लौट आई है। ईरानी मीडिया के अनुसार, टीम तुर्की के रास्ते ईरान पहुंची, जहां सीमा पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम पहले तुर्की उतरी और वहां से बस के जरिए ईरान की सीमा में



दाखिल हुई। इस दौरान कुछ अधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस मामले ने तब सुर्खियां बटोरी थीं जब टीम की कुछ खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी। हालांकि, बाद में कई खिलाड़ियों ने अपना फैसला बदल लिया और टीम के साथ वापस लौट आईं। वहीं, दो खिलाड़ी (फातेमेह पसंदिदेह और अतेफेह रमेजानिसादेह) ने ऑस्ट्रेलिया में ही रहने का फैसला किया है।

### 3 दिन पहले दिन प्लेयर्स घर लौटी थीं

3 दिन पहले 15 मार्च को 7 में से 3 खिलाड़ियों ने अपना निर्णय बदला और अपने देश लौट आईं। ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने एक बयान में इसकी जानकारी दी थी। तीन सदस्य सिडनी से कुआलालंपुर (मलेशिया) के लिए रवाना हुए। इनमें दो खिलाड़ी और एक सपोर्ट स्टाफ शामिल रहे। ईरान की टीम ऑस्ट्रेलिया से निकलने के बाद से कुआलालंपुर में ही रुकी हुई है।

### गौतम गंभीर की पहचान का हो रहा गलत इस्तेमाल

# हाई कोर्ट पहुंचे भारतीय कोच



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के आईसीसी व्हाइट-बॉल वर्ल्ड कप चैंपियन, अर्जुन अवॉर्ड विजेता, पद्म श्री से सम्मानित पूर्व सांसद और भारतीय पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने दिल्ली हाई कोर्ट (सीएस सीओएमएम आफ 2026) में एक सिविल केस दायर किया है। इसमें उन्होंने डिजिटल रूप से किसी और की पहचान अपनाने, एआई से बने डीपफेक और बिना इजाजत के कमर्शियल इस्तेमाल के एक सुनियोजित अभियान के खिलाफ अपने व्यक्तित्व और पब्लिसिटी अधिकारों की पूरी सुरक्षा की मांग की है।

एक प्रेस रिलीज के मुताबिक 2025 के आखिर से गंभीर की लीगल टीम ने इंस्ट्राग्राम एक्स और फेसबुक पर मनगढ़ंत डिजिटल कंटेंट में अचानक और चिंताजनक बढ़ोतरी देखी। कई अकाउंट्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फेस-स्वैपिंग और वॉइस-क्लोनिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके ऐसे असली जैसे वीडियो बनाए जिनमें गलत तरीके से दिखाया गया कि गंभीर ऐसे बयान दे रहे हैं जो उन्होंने कभी नहीं दिए। इनमें एक फर्जी इस्तीफे का ऐलान भी शामिल है जिसे 29 लाख से ज्यादा बार देखा गया और एक मनगढ़ंत क्लिप जिसमें उन्हें सीनियर क्रिकेटरों के वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के बारे में टिप्पणी करते हुए दिखाया गया था, जिसे 17 लाख से ज़्यादा बार देखा गया।

सोशल मीडिया के अलावा बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म भी बिना किसी इजाजत के उनके नाम और तस्वीर वाले पोस्टर और सामान बेचने में मदद कर रहे थे। यह केस 16 प्रतिवादियों के खिलाफ दायर किया गया है। 2.5 करोड़ रुपए के हर्जाने की मांग की गई है, साथ ही हिसाब-किताब पेश करने, स्थायी रोक लगाने और सभी उल्लंघनकारी सामग्री को हटाने की भी प्रार्थना की गई है। गौतम गंभीर ने कहा, मेरी पहचान, मेरा नाम, मेरा चेहरा, मेरी आवाज को कुछ गुमनाम खातों द्वारा गलत जानकारी फैलाने और मेरे नाम पर पैसे कमाने के लिए एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। यह सिर्फ निजी ठेस का मामला नहीं है; यह कानून, गरिमा और उस सुरक्षा का मामला है, जिसका हर सार्वजनिक हस्ती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में हकदार है।

इस मुकदमे में सभी प्रतिवादियों पर स्थायी रोक लगाने की मांग की गई है, ताकि वे गंभीर के नाम, छवि, आवाज या व्यक्तित्व का एआई डीपफेक तकनीक, मॉर्फिंग और फेस-स्वैपिंग सहित किसी भी माध्यम से उनकी स्पष्ट लिखित सहमति के बिना उपयोग, पुनरुत्पादन या दुरुपयोग न कर सकें। इसके साथ ही सीपीसी के आदेश एक्सएक्सएक्सआईएक्स नियम 1 और 2 के तहत एकपक्षीय अंतरिम रोक के लिए एक तत्काल आवेदन भी दायर किया गया है जिसमें सभी उल्लंघनकारी सामग्री को तुरंत हटाने और अंतिम सुनवाई होने तक उसके आगे प्रसार पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है।

# मेसी ने 900 गोल का आंकड़ा छुआ

### रोनाल्डो के क्लब में शामिल, 1142 मैच में हासिल की उपलब्धि, इंटर मियामी कॉन्काकैफ कप से बाहर



**अर्जेंटीना (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर और इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मेसी आधिकारिक मैचों में 900 गोल करने वाले दुनिया के दूसरे पुरुष फुटबॉलर बन गए हैं। उन्होंने यह मुकाम नैशविले एससी के खिलाफ कॉन्काकैफ चैंपियंस कप के दूसरे लेग में हासिल किया। हालांकि, मेसी के इस गोल के बावजूद इंटर मियामी का सफर टूर्नामेंट में आगे नहीं बढ़ सका। मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा, जिसमें नैशविले के लिए क्रिस्टियन एस्पिनोजा ने गोल किया। पहला लेग नैशविले के घरेलू मैदान पर खेला गया था, जो 0-0 से ड्रॉ रहा। इसके बाद दूसरा लेग इंटर मियामी के होम ग्राउंड पर खेला गया, जहां दोनों टीमों ने एक-एक गोल किया और मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों लेग के बाद कुल स्कोर बराबर रहने पर 'अवे गोल' नियम लागू किया गया। इस नियम के तहत जो टीम विपक्षी मैदान पर अधिक गोल करती है, उसे बढ़त मिलती है। इसी आधार पर नैशविले एससी अगले दौर में पहुंच गया, जबकि इंटर मियामी टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इंटर मियामी के फॉरवर्ड लियोनेल मेसी ने अपने बाएं पैर से करियर का 900वां गोल दागा।

### रोनाल्डो के नाम 965 गोल

मेसी अब क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ 900 गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि सितंबर 2024 में हासिल की थी और उनके नाम फिलहाल 965 गोल हैं। मेसी ने 1142 मैच में 900 गोल पूरे किए, जबकि रोनाल्डो ने 1236 मैच खेले थे। ब्राजील के दिग्गज पेले 765 गोल के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि मौजूदा खिलाड़ियों में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की 690 गोल के साथ पीछे हैं।

### कोच बोले- जिम्मेदारी मेरी

मैच के बाद इंटर मियामी के कोच जेवियर मस्केरानो ने हार की जिम्मेदारी खुद ली। उन्होंने कहा, यह निराशाजनक रात है। हमने बढ़त बनाई थी और पहले हाफ में कई मौके भी बनाए, लेकिन हम उन्हें गोल में नहीं बदल सके।

उन्होंने कहा कि टीम ने पूरी कोशिश की, लेकिन अंत में नतीजा उनके पक्ष में नहीं गया। वहीं, नशविल के कोच बीजे कैलाघन ने मेसी की तारीफ करते हुए कहा, '900 गोल, उन्हें बधाई। वह सबसे बेहतरीन हैं।'

- **बार्सिलोना के लिए किए सबसे ज्यादा गोल, 2012 रहा करियर का बेस्ट साल–** मेसी ने 16 अक्टूबर 2004 को बार्सिलोना के लिए अपना प्रोफेशनल डेब्यू किया था और क्लब के लिए 672 गोल किए। इसके बाद उन्होंने पेरिस सेंट जर्मेन के लिए 32 और इंटर मियामी के लिए 81 गोल किए हैं।
- **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने अर्जेंटीना के लिए 115 गोल किए हैं–** मेसी के करियर का सबसे शानदार साल 2012 रहा था। उस एक कैलेंडर ईयर में उन्होंने क्लब और देश के लिए कुल 91 गोल दागे थे, जो आज भी एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। हाल के प्रदर्शन की बात करें तो मेसी ने 2025 एमएलएस सीजन में 29 गोल कर गोल्डन बूट जीता और लगातार दूसरी बार एमवीपी अवॉर्ड भी हासिल किया।

# अहमदाबाद में खुलने जा रही तेंदुलकर की वर्ल्ड-क्लास स्पोर्ट्स एकेडमी



अहमदाबाद (एजेंसी)। अहमदाबाद में जमीनी स्तर के खेलों के विकास में एक बड़ा बदलाव आने वाला है। सचिन तेंडुलकर द्वारा समर्थित एसआरटी 0 अल्टेवोल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट एकेडमी शुरू होने जा रही है जो एक हाई-परफॉरमेंस ट्रेनिंग सेंटर है। 10 अप्रैल से शुरू होने वाली इस एकेडमी का लक्ष्य 5 साल और उससे अधिक उम्र के उभरते खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय क्रिकेट ट्रेनिंग उपलब्ध कराना है। हालांकि इसके लॉन्च की योजना पिछले साल ही बना ली गई थी, लेकिन अब यह एकेडमी तकनीक, फिटनेस और भविष्य की तैयारी पर केंद्रित ट्रेनिंग मॉड्यूल के साथ अपना कामकाज शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

यह विशाल 40,000 स्क्वायर यार्ड का स्पोर्ट्स कैंपस खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक संपूर्ण इकोसिस्टम के रूप में तैयार किया गया है। यहां व्यवस्थित कोचिंग प्रोग्राम के साथ-साथ विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं, जिनमें प्रोफेशनल क्रिकेट नेट्स, मैच के लिए तैयार अपना निजी मैदान, हाई-परफॉरमेंस जिम और एक रनिंग ट्रैक शामिल है-ये ऐसी सुविधाएं हैं जो आमतौर पर केवल एलीट ट्रेनिंग सेंटर्स में ही देखने को मिलती हैं। अहमदाबाद में इसकी शुरुआत एसआरटी 10 के उस मजबूत आधार पर टिकी है, जिसकी पहचान नवी मुंबई के डी.वाई. पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में बनी इसकी मुख्य एसआरटी10 ग्लोबल एकेडमी से है।

यह सेंटर पहले से ही खेल ट्रेनिंग के लिए एक बेहतरीन जगह बन चुका है। यहाँ इंटरनेशनल लेवल की सुविधाओं और एक खास ट्रेनिंग कोर्स का मेल है, जिसका मकसद न केवल अच्छे खिलाड़ी तैयार करना है, बल्कि बच्चों का हर तरह से विकास करना भी है। यह विस्तार एसआरटी10 की उस बड़ी योजना का हिस्सा है, जिसके तहत प्रोफेशनल स्पोर्ट्स ट्रेनिंग को बड़े महानगरों से बाहर ले जाया जा रहा है। इसका मकसद भारत को खेलों की दुनिया में एक मजबूत देश बनाना है। यह नया सेंटर न केवल अहमदाबाद के युवाओं को, बल्कि आस-पास के इलाकों के उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी आकर्षित करेगा जो अच्छी और व्यवस्थित ट्रेनिंग की तलाश में हैं।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य बेहतरीन ट्रेनिंग सिस्टम के ज़रिए युवा प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें आगे बढ़ने के मौके देना है। एकेडमी का ट्रेनिंग प्रोग्राम सिर्फ खेल की तकनीक पर ही नहीं, बल्कि अनुशासन, मैच की समझ, फिटनेस और मानसिक मज़बूती पर भी ध्यान देता है। टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी और फस्ट-क्लास क्रिकेटर्स इन युवा खिलाड़ियों को रास्ता दिखाएंगे। यहाँ के कोचों को खास तौर पर एसआरटी10 के तरीके से ट्रेनिंग दी गई है, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोचिंग दे सकें। इस पूरे प्रोग्राम की कमान डॉ. अतुल गायकवाड़ (ग्लोबल हेड कोच, एसआरटी10) के हाथों में है, जिन्हें क्रिकेट की हाई-परफॉरमेंस ट्रेनिंग का गहरा अनुभव है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए डॉ. गायकवाड़ ने कहा, 'सचिन सर के सफर से प्रेरित होकर, हम यहां सिर्फ एक कोचिंग सेंटर नहीं, बल्कि एक गंभीर ट्रेनिंग का माहौल तैयार कर रहे हैं। हमारा पूरा ध्यान इस बात पर है कि बच्चे शुरुआत से ही बुनियादी चीज़ों को सही से सीखें, उन्हें मैच की असली स्थितियों का अनुभव मिले और वे खेल को सिर्फ खेलें नहीं, बल्कि उसकी बारीकियों को समझें। समय के साथ, यही व्यवस्थित और निरंतर ट्रेनिंग ही एक साधारण खिलाड़ी और एक मंझे हुए खिलाड़ी के बीच का अंतर तय करती है। हमारा लक्ष्य अहमदाबाद के युवा खिलाड़ियों को पहले दिन से ही वह बढ़त दिलाना है।

अहमदाबाद की यह एकेडमी बच्चों और खेल प्रेमियों के लिए इसी गहरे दृष्टिकोण को शहर और उसके बाहर तक फैलाती है।

# अगरकर ने 2027 वर्ल्डकप तक कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने की मांग की

- बीसीसीआई से रिक्वेस्ट की, 2023 में पद संभाला था, पहले भी मिल चुका है एक्सटेंशन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने अपने कॉन्ट्रैक्ट को 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक बढ़ाने की इच्छा जताई है। उन्होंने इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से एक्सटेंशन मांगा है। अगरकर का मौजूदा कार्यकाल पहले ही बढ़ाया जा चुका है। 2025 आईपीएल से पहले बीसीसीआई ने उनका कॉन्ट्रैक्ट एक साल के लिए बढ़ाकर जून 2026 तक कर दिया था। पूर्व तेज गेंदबाज अगरकर को जुलाई 2023 में टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया था।

- **अगरकर के कार्यकाल में भारत ने तीन खिताब जीते–** अगरकर के कार्यकाल में टीम इंडिया 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप और पिछले साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी। जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली थी। इसके अलावा टीम ने हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप खिताब भी डिफेंड किया।
- **बीसीसीआई के मंजूरी का इंतजार–** रिपोर्ट के मुताबिक, इस मुद्दे पर पहले ही चर्चा हो चुकी है। अब देखना यह है कि क्या बीसीसीआई अगरकर के रिक्वेस्ट को मंजूरी देता है या नहीं।

हालांकि फिलहाल, बोर्ड के पास इस पद के लिए कोई मजबूत विकल्प नहीं है। भारतीय टीम के लिए अगली चुनौती वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप है।



### 349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं

अगरकर करियर में 349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं। उन्होंने टेस्ट में 58, वनडे में 288 और टी-20 इंटरनेशनल में 3 विकेट लिए हैं।

- **टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे –** अजित अगरकर 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 15 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया था। साउथ अफ्रीका में हुए टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था।
- **वनडे में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय –** अजित अगरकर वनडे में सबसे तेज हाफ सेंचुरी जमाने वाले भारतीय बैटर हैं। उन्होंने साल 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 21 बॉल पर अर्धशतक जमाया था।
- **सबसे तेज 50 विकेट लिए –** अगरकर ने भारत के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट पूरे किए हैं। उन्होंने 23 मुकाबलों में यह कारनामा किया था।

- **आईपीएल 2025 से पहले कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू किया गया था–** पिछले साल एक रिपोर्ट आई थी उसके मुताबिक, अगरकर का कॉन्ट्रैक्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले रिन्यू किया गया था। एक बीसीसीआई अधिकारी ने बताया, उनके कार्यकाल में भारतीय टीम ने खिताब जीते और बदलाव (टेस्ट और टी-20 में) भी देखा।




# बाबर-फखर चोट के बावजूद वर्ल्डकप में चुने गए थे

### पीसीबी मेडिकल पैनल ने बताया- सिलेक्शन के समय पूरी तरह फिट नहीं थे

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मेडिकल पैनल ने खुलासा किया है कि बाबर आजम और फखर जमान को टी-20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल किए जाने के समय उनकी फिटनेस पूरी तरह ठीक नहीं थी।

पैनल के मुताबिक, दोनों खिलाड़ी चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए थे, इसके बावजूद उनका चयन किया गया। इस मामले को लेकर सीनियर सेलेक्टर आकिब जावेद ने भी पिछले हफ्ते प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल उठाए थे और चयन प्रक्रिया की जांच की मांग की थी।

- **वर्ल्ड कप की बाद के जांच में सामने आया–** पीसीबी से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, यूके के स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ जावेद मुगल ने वर्ल्ड कप के बाद दोनों खिलाड़ियों की जांच के बाद यह चिंता जताई। वे जनवरी से पाकिस्तान टीम के साथ हैं।
- **बाबर ने डोमेस्टिक टी-20 लीग खेलने से मना किया–** मामला तब सामने आया जब बाबर आजम ने वर्ल्ड कप से लौटने के बाद हैमस्ट्रिंग में परेशानी बताकर नेशनल टी-20 चैंपियनशिप में खेलने से मना कर दिया।

वहीं फखर जमान भी लंबे समय से इसी तरह की दिक्कत से जूझ रहे थे। सूत्र ने बताया कि जांच में बाबर की चोट शुरुआती आकलन से ज्यादा गंभीर निकली, जबकि फखर भी महीनों से इसी समस्या से परेशान हैं।

### बाबर अभी रिहैब कर रहे

फिलहाल बाबर आजम नेशनल क्रिकेट अकादमी में मेडिकल पैनल की निगरानी में रिहैब कर रहे हैं।

उनके पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर जाल्मी की कप्तानी करने की उम्मीद है, जिसकी शुरुआत 26 मार्च से हो रही है।

- **हमने पहले ही क्लियरेंस ली थी– सिलेक्शन पैनल–** सिलेक्शन कमेटी ने मेडिकल पैनल को साफ किया कि दोनों खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने से पहले टीम के फिजियो क्लिफ डीकन से फिटनेस क्लियरेंस ली गई थी। हालांकि डीकन पर पहले भी आरोप लग चुके हैं कि उन्होंने खिलाड़ियों से करीबी रिश्तों के कारण हल्की चोट के बावजूद उन्हें खेलने की अनुमति दी।
- **फखर वनडे सीरीज के लिए फिट नहीं थे–** फखर जमान हाल ही में नेशनल टी-20 कप के एक मैच में खेले। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर बताया कि बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में वे पूरी तरह फिट नहीं थे, लेकिन अब टी-20 टूर्नामेंट के लिए तैयार हैं।
- **बांग्लादेश दौरे में दोनों प्लेयर्स नहीं खेले–** दोनों खिलाड़ी बांग्लादेश दौरे से बाहर रहे थे, जिसमें पाकिस्तान को 1-2 से हार मिली। वहीं सूत्रों के मुताबिक, चोट की बात सामने आने से पहले ही चयनकर्ता वर्ल्ड कप में खराब फॉर्म के कारण बाबर को बाहर करने का फैसला कर चुके थे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीपीसीसी ने 93 औद्योगिक इकाइयों को थमाया क्लोजर नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी में औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए



दिल्ली सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने हैदरपुर पुनर्विकास क्षेत्र में चल रही 93 औद्योगिक इकाइयों को बंद करने का नोटिस जारी किया है। अधिकारियों के मुताबिक, ये इकाइयां बिना जरूरी अनुमति के संचालित हो रही थीं। डीपीसीसी द्वारा चलाए गए सत्यापन अभियान के दौरान यह पाया गया कि ये इकाइयां न केवल बिना प्रशासनिक मंजूरी के चल रही थीं, बल्कि प्रदूषण नियमों का भी उल्लंघन कर रही थीं। इसी के बाद प्रवर्तन टीम ने इन पर क्लोजर नोटिस की कार्रवाई की। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, 'दिल्ली सरकार शहर की हवा को सुरक्षित रखने के लिए 100 प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कर रही है। प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ हमारी नीति ''जीरो टॉलरेंस'' की है।' उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि वायु प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों पर तत्काल जुर्माना लगाया जाएगा। बिना अनुमति चलने वाली फैक्ट्रियों को सील भी किया जा सकता है। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करने वालों के प्रति कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। डीपीसीसी की टीमें वर्तमान में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों का लगातार सर्वेक्षण और निरीक्षण कर रही हैं। सरकार का लक्ष्य तकनीक और नीति के माध्यम से प्रदूषण के स्रोतों पर ही लगाम लगाना है। अधिकारियों ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे किसी भी नियम उल्लंघन की सूचना तुरंत दें ताकि सामूहिक सतर्कता से प्रदूषण को कम किया जा सके।

### किसी एक मामले में दी गई सजा की अवधि दूसरे में कम नहीं होगी

नई दिल्ली, एजेंसी। पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने



एक महत्वपूर्ण फैसले में यह तय कर दिया कि कोई भी आरोपित एक ही समय की जेल अवधि का फायदा दो अलग-अलग मामलों में नहीं ले सकता है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरभ प्रताप सिंह लालेर ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पहले से किसी मामले में सजा काट रहा है, तो सजा के उस समय को दूसरे मामले में मिली सजा कम कराने के लिए नहीं जोड़ा जा सकता है। उन्होंने ये फैसला प्राइड स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और जेटवेज ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े एक मामले में सुनाया। इस मामले में आरोपित सुकांत दास ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। मामले के तहत आरोपित पहले से ही एक अन्य मामले में दोषी ठहराया जा चुका था और जेल में सजा काट रहा था। इसी दौरान इस केस में भी ट्रायल चल रहा था। 20 दिसंबर 2023 को आरोपित के जमानतदारों ने अपनी जिम्मेदारी वापस ले ली। इसके बाद कोर्ट ने प्रोडक्शन वारंट जारी कर दिए। इसका मतलब यह हुआ कि भले ही आरोपित पहले से जेल में था, लेकिन अब उसे इस केस में भी कानूनी रूप से हिरासत में माना जाएगा। यहीं से विवाद शुरू हुआ। आरोपित ने दलील दी कि 20 दिसंबर 2023 से 25 जून 2024 तक वह इस केस में भी हिरासत में रहा, इसलिए उसे इस इसलिए इस पूरे समय को उसकी सजा में से घटाया जाए।

# न्याय में अड़चनः उपभोक्ता अदालतों में 40% पद खाली, पांच लाख केस लंबित

## तीन साल से लटकी हैं एक तिहाई शिकायतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत न्याय रिपोर्ट (आईजेआर) की उपभोक्ता न्याय रिपोर्ट चौंकाने वाली है। देश में 2021 से 2025 तक उपभोक्ता अदालतों में 5 लाख से अधिक मामलों का बैकलॉग और भारी संख्या में रिक्त पद उपभोक्ता निवारण प्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। यह उपभोक्ता अदालतों के कामकाज के आकलन पर आधारित अपनी तरह की पहली रिपोर्ट है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों (एससीडीआरसी) में अध्यक्षों और सदस्यों के आधे से अधिक पद खाली पड़े हैं। 2020 और 2024 के बीच, लंबित मामलों की संख्या 21 प्रतिशत बढ़कर 87,545 से 5.15 लाख हो गई। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत मामलों को 3-5 महीने की समयसीमा के अंदर सुलझाने का प्रावधान है, लेकिन रिपोर्ट में पाया गया कि एक-तिहाई से अधिक मामले तीन साल से भी अधिक समय तक अनसुलझे रहे, जो निर्धारित समय-सीमा से कहीं ज्यादा है। केरल, जम्मू-कश्मीर और झारखंड में 70 से 80 फीसदी मामले तीन साल से अधिक समय से लंबित हैं।

रिपोर्ट जारी करते हुए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एसके कौल ने खाली पदों के भारी संकट और लंबित मामलों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई और कहा कि ये उपभोक्ता निवारण तंत्र में उपभोक्ताओं के भरोसे को कम कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता मुख्य रूप से सेवाओं में कमी को लेकर परेशान और असंतुष्ट हैं, विशेष रूप से बीमा, आवास और बैंकिंग क्षेत्रों में।



सूचना के अधिकार और संसदीय जवाबों के जरिये मिले सार्वजनिक डाटा पर आधारित इस रिपोर्ट में पाया गया कि 2025 तक, लगभग आधे राज्य आयोगों और एक-तिहाई जिला आयोगों में कोई मौजूदा अध्यक्ष नहीं था, जबकि 159 स्वीकृत सदस्य पदों में से लगभग 40 प्रतिशत पद खाली थे।

सात राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों (एससीडीआरसी) मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में सदस्यों के पदों पर 60 फीसदी से अधिक रिक्तियां थीं। इसमें कहा गया कि अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश के एससीडीआरसी में कोई भी सदस्य दर्ज नहीं किया गया था।

रिपोर्ट के अनुसार, 20 एससीडीआरसी के उपलब्ध कराए गए आंकड़ों में से, केवल 10 हरियाणा, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और दिल्ली में ही पिछले पांच वर्षों के दौरान लगातार एक अध्यक्ष रहा। इसमें कहा गया है कि राज्य आयोगों में अध्यक्ष के खाली पदों को लेकर एक बढ़ता हुआ रुझान देखने को मिल रहा है। 2021 में जहां केवल दो एससीडीआरसी बिना अध्यक्ष के काम कर रहे थे, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर 10 हो गई।

**मामले निपटाने में आंध्र प्रदेश अव्वलः** रिपोर्ट में राज्यों को उनकी जनसंख्या के आधार पर वर्गीकृत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपभोक्ता मामलों के निपटारे में किस राज्य ने बेहतर प्रदर्शन किया, इसकी तुलना निष्पक्ष रूप से हो सके। 19 बड़े और मध्यम आकार के राज्यों में आंध्र प्रदेश ने पहला स्थान हासिल किया, इसके बाद मध्य प्रदेश राजस्थान रहे। आंध्र प्रदेश में केवल 4.8 प्रतिशत मामले ही तीन साल से अधिक समय से लंबित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि छोटे राज्यों की श्रेणी में मेघालय शीर्ष स्थान पर रहा। इसके बाद सिक्किम और हिमाचल प्रदेश रहे। इसके विपरीत, तेलंगाना (बड़े राज्यों में 19वें स्थान पर) और मणिपुर (छोटे राज्यों में 9वें स्थान पर) जैसे राज्य क्षमता सूचकांक में सबसे नीचे हैं। बड़े राज्यों में, महाराष्ट्र में सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए, लेकिन उसका सीसीआर सबसे कम रहा, क्योंकि 32,382 मामलों में से 65 प्रतिशत मामले अभी भी लंबित हैं।

## खाली सिलिंडर एजेंसी को करना था वापस


# गैस एजेंसी को लौटाने की बजाय अवैध रूप से रखे 223 सिलिंडर, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलपीजी सिलिंडर के अवैध भंडारण को लेकर दक्षिणी पूर्वी जिले की कार्रवाई के एक दिन बाद दक्षिणी जिला पुलिस ने भी 223 सिलिंडर के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामला मैदानगढ़ी थाना क्षेत्र स्थित राजपुर खुर्द गांव का है। आरोपित हितेश राठी और अरविंद कुमार ने एजेंसी को लौटाने की बजाय भारी मात्रा में एलपीजी सिलिंडर निजी गोदाम में छिपा रखे थे। गोदाम हितेश का है, जिसे अरविंद ने किराए पर ले रखा है। केस दर्ज कर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल के मुताबिक 17 मार्च को सूचना मिलने पर स्पेशल स्टाफ की एक टीम ने खसरा संख्या 28/2, जनरेटर वाली गली, गांव राजपुर खुर्द स्थित एक प्लाट पर छापा मारा। तलाशी में पुलिस टीम ने परिसर से कुल 223 इंडेन एलपीजी सिलिंडर बरामद किए। इनमें 16 भरे हुए घरेलू सिलेंडर थे। वहीं 45 खाली घरेलू और 162 खाली कामर्शियल सिलेंडर थे। निजी गोदाम से एक इलेक्ट्रानिक तौल मशीन और आठ सेफ्टी कैप भी जब्त किए। प्राथमिक जांच के दौरान सामने आया कि गोदाम पर बिना किसी वैध लाइसेंस के एलपीजी सिलिंडरों का अवैध भंडारण किया जा रहा था। इतनी बड़ी संख्या में सिलिंडरों का बिना सुरक्षा इंतजाम के रखा जाना घनी आबादी में आस-पास के लोगों के लिए गंभीर खतरा था। मौके से हिरासत में लिए गए आरोपितों हितेश राठी और अरविंद कुमार से सिलेंडर भरने और भंडारण के दस्तावेजों की मांग की। आरोपित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।



पुलिस के मुताबिक सिलिंडर क्षेत्र में आपूर्ति के लिए आए थे। खाली सिलिंडर और बचे हुए घरेलू एलपीजी सिलिंडर एजेंसी को वापस किया जाना था, पर आरोपितों ने अवैध बिक्री के लिए इसे अपने पास ही रखा, जो पूरी तरह से अवैध है। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों और इंडेन गैस कंपनी के प्रतिनिधियों को मौके पर बुलाकर बरामद सिलिंडरों का सत्यापन कराया गया। वहीं मैदानगढ़ी थाने में बीएनएस की धारा 287, 288, 61(2) और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा सात के तहत एफआइआर दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# दिल्ली-एनसीआर में अगले दो दिनों तक बदला रहेगा मौसम का मिजाज, बारिश और आंधी का अलर्ट जारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में बुधवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली। तेज धूल भरी आंधी के साथ गरज-चमक और मूसलाधार बारिश ने लोगों को तीखी गर्मी से राहत पहुंचाई, लेकिन शहर की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। करीब 6 बजे शुरू हुई बूंदाबांदी लगभग 45 मिनट तक चली, जिस दौरान 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और धूल उड़ने से ट्रैफिक प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता को इसका कारण बताया है। बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश और तेज हवाओं ने तापमान में अचानक गिरावट लाई, जिससे गर्मी से परेशान लोग राहत महसूस कर रहे हैं। गुरुवार और शुक्रवार के लिए मौसम विभाग ने 'येलो अलर्ट' जारी किया है। दोनों दिनों गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, साथ ही 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट का अनुमान है। नोएडा सहित आसपास के इलाकों में भी येलो अलर्ट जारी है। बुधवार की आंधी-बारिश से सेक्टर 62, 18, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सेक्टर-71 और 75 जैसे कई क्षेत्रों में करीब एक घंटे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। तेज हवाओं से पेड़ों की टहनियां टूटने और केबल फाल्ट की वजह से बिजली विभाग की टीमें तुरंत सक्रिय हुईं। मौसम विभाग का कहना है कि एक सप्ताह तक अधिकतम तापमान में करीब तीन और न्यूनतम में दो डिग्री सेल्सियस की कमी बनी रह सकती है।

# रेखा गुप्ता सरकार का दूसरा बजटः जनसंवाद से मिल रहे शिक्षा, खेल और सुरक्षा सुधार के सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेखा गुप्ता सरकार 24 मार्च को विधानसभा में अपना दूसरा बजट पेश करेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री जनसंवाद के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव ले रही हैं। उनका कहना है कि पिछली बार की तरह इस बार भी जनभागीदारी से बजट तैयार होगा, जिसमें सभी वर्गों की आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाएगा।

इसी कड़ी में बुधवार को उन्होंने दिल्ली सचिवालय में 'संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया, जिसमें शामिल लोगों ने शिक्षा और खेल सुविधाओं को बेहतर करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में सुधार तथा नागरिक समस्याओं के समाधान के लिए बजट में प्रावधान करने की मांग की। संवाद कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद भी शामिल थे। मुख्यमंत्री और मंत्री से छात्रों ने मिड-डे मील योजना को कक्षा 12 तक बढ़ाने, स्कूलों में नियमित खेल प्रशिक्षण शुरू करने, पढ़ाई व खेल से जुड़ी सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा व्यवहारिक ज्ञान के लिए औद्योगिक इकाइयों के भ्रमण व प्रशिक्षण की व्यवस्था करने की मांग की। कॉलेज के छात्रों



ने नए छात्रावास बनाने, करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकालय में आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। शिक्षकों और महिलाओं ने स्कूलों व आवासीय क्षेत्रों में खेल मैदान बनाने, सुरक्षित सड़क पार करने के लिए फुटओवर ब्रिज (एफओबी) और अंडरपास बनाने तथा जलभराव जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान करने के उपाय करने की मांग की। महिलाओं ने स्कूलों में क्रेच की सुविधा शुरू करने, महिला चालकों को बढ़ावा देने तथा कार्यस्थलों पर मासिक धर्म के दौरान विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने के सुझाव दिए। शिक्षकों ने कौशल विकास के लिए एआइ प्रशिक्षण, स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने तथा शैक्षणिक भ्रमण आयोजित करने के प्रविधान करने का सुझाव दिया। खिलाड़ियों ने स्कूलों में खेल को अनिवार्य बनाने व आवश्यक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने, आवासीय खेल अकादमी स्थापित करने, खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था करने, स्टेडियम के शुल्क को तर्कसंगत बनाने, स्थायी कोच नियुक्त करने तथा महिला कोचों की संख्या बढ़ाने, खिलाड़ियों के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर बनाने, खेल संघों को आर्थिक सहायता देने तथा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भत्ता देने की मांग की।

# वर्ल्ड कप तो खेलेंगे, पर अमेरिका नहीं जाएंगे ईरान ने फीफा के सामने रखी बड़ी शर्त

## मेक्सिको बन सकता है नया वेन्यू

**तेहरान, एजेंसी।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के आयोजन से पहले ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव अब फुटबॉल के मैदान तक पहुंच गया है। ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम (जिसने पहले टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी दी थी अब खेलने को तैयार है। हालांकि ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपने मैच खेलने के लिए अमेरिका की धरती पर कदम नहीं रखेगा। ईरान के फुटबॉल प्रमुख मेहदी ताज ने पुष्टि की है कि उनकी टीम वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटी है। टीम तुर्की में ट्रेनिंग कैंप लगाएगी और वहां दो फ्रेंडली मैच भी खेलेगी। इससे पहले ईरान के खेल मंत्री अहमद दोन्यामाली ने संकेत दिए थे कि सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या के बाद उपजे हालातों के कारण ईरान वर्ल्ड कप से हट सकता है लेकिन अब ईरान ने बहिष्कार का फैसला बदल लिया है। ईरान ने फीफा से मांग की है कि उसके मैच अमेरिका की बजाय किसी और देश में शिफ्ट किए जाएं। इस मांग के पीछे दो मुख्य कारण हैं- सुरक्षा और तनाव- फरवरी के अंत से अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव चरम पर है।

डोनाल्ड ट्रंप का बयान- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए ईरान को सलाह दी थी कि उनके लिए अमेरिका में मैच खेलना उचित नहीं होगा। इसी बयान को आधार बनाकर ईरान अब अमेरिका जाने से बच रहा है। ईरान की इस मुश्किल को देखते हुए मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने 17 मार्च को एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर ईरान चाहे तो अपने ग्रुप मैच मेक्सिको में खेल सकता है। चूंकि वर्ल्ड कप 2026 संयुक्त रूप से अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में हो रहा है इसलिए वेन्यू शिफ्ट करना तकनीकी रूप से संभव है लेकिन अंतिम फैसला फीफा को लेना है। ईरान पहले ही वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है। तय शेड्यूल के अनुसार जून में ईरान को बेल्जियम, मिस्र और न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलने हैं जो फिलहाल अमेरिका में प्रस्तावित हैं। एफआईएफ फुटबॉल की सबसे बड़ी संस्था ने साफ किया है कि वे सभी टीमों के संपर्क में हैं लेकिन फिलहाल शेड्यूल बदलने का कोई इरादा नहीं है।

## ● अमेरिका के लिए पाकिस्तान सबसे बड़ा परमाणु खतरा

# यूएस इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट में बुधवार को प्रस्तुत यूएस इंटेलिजेंस कम्युनिटी के खतरे के आकलन पर वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार भारत और पाकिस्तान के संबंधों के कारण परमाणु संघर्ष का खतरा बना हुआ है। चौंतीस पृष्ठों की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत और पाकिस्तान सीधे संघर्ष शुरू नहीं करना चाहते फिर भी आतंकवादी तत्वों के लिए संकटों को बढ़ावा देने वाली परिस्थितियां मौजूद हैं। दस्तावेज में कहा गया है, भारत-पाकिस्तान संबंध की वजह से परमाणु संघर्ष का खतरा बना हुआ है क्योंकि पूर्व में इन दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच टकराव हुए हैं, जिससे तनाव बढ़ने का खतरा पैदा हुआ है। पिछले साल जम्मू कश्मीर के केंद्र



शासित प्रदेश में पहलगाम के पास हुए आतंकवादी हमले ने संघर्ष को भड़काने वाले आतंकवादी हमलों के खतरों को स्पष्ट कर दिया है। दस्तावेज में कहा गया है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप से हालिया परमाणु तनाव कम हुआ है और हमारा आकलन है कि कोई भी देश खुले संघर्ष में नहीं लौटना चाहता है लेकिन आतंकवादी तत्वों के लिए संकटों को बढ़ावा देने वाली परिस्थितियां मौजूद हैं। दस्तावेज में कहा गया है, पाकिस्तान और तालिबान के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं और सीमा पार झड़पें होती रहती हैं, क्योंकि इस्लामाबाद अफगानिस्तान में पाक विरोधी आतंकवादी समूहों की उपस्थिति से लगातार निराश रहा है, जबकि इस्लामाबाद को बढ़ती आतंकवादी हिंसा का सामना करना पड़ रहा है।

# ईरान पर हमले के बाद अमेरिका को पहुंच रहा दोहरा नुकसान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका का राष्ट्रीय ऋण बुधवार को 39 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया। यह उपलब्धि ऐसे समय में आई है जब अमेरिका-इस्राइल का ईरान के साथ युद्ध शुरू हुए कुछ ही हफ्ते हुए हैं। यह अभूतपूर्व आंकड़ा प्रशासन की प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताओं को उजागर करता है, जिसमें बड़े पैमाने पर कर कानून पारित करना, रक्षा खर्च और आप्रवासन प्रवर्तन को बढ़ावा देना और स्वयं ऋण को कम करना शामिल है। सरकारी जवाबदेही कार्यालय ने बढ़ते सरकारी ऋण के अमेरिकी नागरिकों पर पड़ने वाले प्रभावों को रेखांकित किया है। इनमें बंधक और कारों जैसे सामानों के लिए उधार लेने की उच्च लागत, व्यवसायों के पास निवेश के लिए कम पैसा उपलब्ध होने से मजदूरी में कमी, और वस्तुओं तथा सेवाओं का अधिक महंगा होना शामिल है। संतुलित बजट के पैरोकार यह भी चेतावनी देते हैं कि अधिक उधार लेने और ब्याज का भुगतान करने की दीर्घकालिक प्रवृत्ति अमेरिकियों को भविष्य में कठिन वित्तीय समझौतों का सामना करने के लिए मजबूर करेगी।

पीटर जी. पीटरसन फाउंडेशन के अध्यक्ष और सीईओ माइकल पीटरसन ने एक बयान में कहा हमें विकास की इस चिंताजनक दर और अगली पीढ़ी पर पड़ने वाले महत्वपूर्ण वित्तीय बोझ को पहचानना चाहिए। उन्होंने आगे कहा वर्तमान विकास दर पर, हम इस शरद ऋतु के चुनावों से पहले राष्ट्रीय ऋण में आश्चर्यजनक 40 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएंगे। बिना किसी योजना के इस तेज गति से खरबों का उधार लेना अस्थिरता की परिभाषा है। व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने अनुमान लगाया है कि ईरान में युद्ध पर अब तक 12 अरब डॉलर से अधिक खर्च हो चुका है। यह स्पष्ट नहीं है कि युद्ध कब समाप्त होगा।

यह ध्यान देने योग्य है कि संघीय ऋण रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों राष्ट्रपतियों के कार्यकाल में बढ़ा है और हाल ही में युद्धों, बड़े पैमाने पर महामारी खर्च और करों में कटौती से इसे बढ़ावा मिला है। अमेरिकी राष्ट्रीय ऋण पांच महीने पहले 38 ट्रिलियन डॉलर और उससे दो महीने पहले 37 ट्रिलियन डॉलर था।

# ट्रंप के टैरिफ का उल्टा असरः अमेरिकी उद्योगों को नुकसान

## श्रमिक वर्ग भी नाराज; उद्योगपतियों ने उठाए सवाल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप के समर्थक उद्योगपति जे. एलन ने कहा, उद्योगपतियों ने इस भरोसे के साथ ट्रंप को वोट दिया था कि रिपब्लिकन नेता करों में कटौती और नियमों में ढील देंगे, जिससे उनके विनिर्माण व्यवसाय को मदद मिलेगी। लेकिन ट्रंप के आर्थिक एजेंडे के मूल में मौजूद टैरिफ ने उनकी कंपनी एलन इंजीनियरिंग कॉर्प को चौपट किया है। आयात करों ने विदेशों में बने इंजनों, स्टील, गियरबॉक्स और क्लच की लागत भी बढ़ा दी है। इसके चलते पावर ट्रॉवेल निर्माण के दाम एक लाख डॉलर तक हो सकते हैं। ट्रंप ने टैरिफ को अमेरिकी कारखानों की मदद करने वाला बताया था लेकिन देखने में आ रहा है कि वे वास्तव में देशभर के कई उद्योगों और उत्पादन इकाइयों को कुचल रहे हैं। ट्रंप प्रशासन फरवरी में सुप्रीम कोर्ट से अवैध घोषित आयात करों के स्थान पर नए टैरिफ बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इससे हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

देश के विनिर्माण उद्योगपति क्रेसन क्रू ने कहा, टैरिफ के कारण उन्होंने 2025 में अपनी कंपनी को घाटे में चलाया।



उनके यहां कर्मचारियों की संख्या 205 से घटकर 140 रह गई। बिक्री में कमी पर भी उन्होंने कीमतें 8-10% बढ़ाई हैं।

**कंपनियों के लिए योजना बनाना भी मुश्किल**

अगले दशक में संघीय घाटे में वृद्धि होने का अनुमान है। आर्थिक नीति समूह एम्प्लाई अमेरिका के ईडी स्कंदा अमरनाथ ने कहा, ट्रंप के टैरिफ से विनिर्माण में कोई वृद्धि नहीं दिखती। इस क्षेत्र में कोई नया पुनर्जागरण भी नहीं हो रहा है। टैरिफ पर अनिश्चितता ने निवेश को हतोत्साहित किया है। टैरिफ लगाने के लिए कांग्रेस को दरकिनार करने से छोटी विनिर्माण कंपनियों को योजना बनाना भी मुश्किल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने चेताया कि संघीय जजों की निजी आलोचना खतरनाक है और इसे रोकना होगा। यह चेतावनी उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा प्रशासन के खिलाफ फैसला सुनाने वाले एक संघीय जज को सनकी, नीच, बेईमान और पूरी तरह से बेकाबू कहने के दो दिन बाद दी। रॉबर्ट्स ने ट्रंप या किसी और को निशाना बनाने से परहेज किया और जोर दिया कि जजों पर हमले किसी एक राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं हो रहे हैं। रॉबर्ट्स ने ह्यूस्टन में कहा, न्यायिक राय की आलोचना न्यायिक पेशे का हिस्सा है और यह स्वस्थ भी हो सकती है। लेकिन जब आलोचना कानूनी विश्लेषण से हटकर दूसरी दिशा में चली जाती है तो मामला अलग हो जाता है।

ट्रंप ने न्यायाधीश बोसबर्ग के बारे में लिखा कि वह एक सनकी, दुष्ट, बेईमान और पूरी तरह से बेकाबू जज हैं, जो ट्रंप डिरेंजमेंट सिंड्रोम के उच्चतम स्तर से पीड़ित हैं और वर्षों से मेरे लोगों और मेरे पीछे पड़े हैं। पिछले साल, रॉबर्ट्स ने सार्वजनिक रूप से ट्रंप की बोसबर्ग के महाभियोग की मांग को खारिज कर दिया था।

# रामनवमी-ईद को लेकर पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारियों ने की बैठक

## सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील, शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को झारनेट स्थित सभागार में आगामी रामनवमी एवं ईद पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल सुनील भास्कर, पुलिस उप महानिरीक्षक कोयला प्रक्षेत्र आनंद प्रकाश, उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार आदि ने हिस्सा लिया।

**सतर्कता एवं समन्वय पर दिया जोर**

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल ने विशेष सतर्कता बरतने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया, ताकि दोनों पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें। वहीं, बैठक में उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ सभी पर्व मनाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी समाज के प्रमुख लोगों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या तनाव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

**शोभा यात्रा की वीडियोग्राफी अनिवार्य**

रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली सभी अखाड़ा समितियों को निर्देश दिया कि वे अपनी शोभा यात्रा की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराएं। इससे किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में साक्ष्य उपलब्ध रहेगा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहायता मिलेगी।

**भड़काऊ गीतों पर रोक, धार्मिक गीतों का ही करें उपयोग**

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि शोभा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के भड़काऊ या आपत्तिजनक गीतों का प्रयोग नहीं किया जाए। केवल भजन-कीर्तन जैसे धार्मिक गीतों का ही उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उच्च न्यायालय के आदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अंत में उपायुक्त ने पुनः सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन के साथ मिलकर सभी लोग मिल-जुलकर पर्व मनाएं और जिले में शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनाए रखें।

# 22 से 25 मार्च तक मजदूर मैदान में बोकारो सखी महोत्सव का आयोजन

**स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों का होगा प्रदर्शन**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन, बोकारो द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने तथा उनके द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बोकारो सखी महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 22 मार्च से 25 मार्च 2026 तक मजदूर मैदान बोकारो में आयोजित होगा। इस महोत्सव में जिले के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, पारंपरिक खाद्य उत्पाद, हस्तनिर्मित वस्त्र, सजावटी सामान तथा अन्य स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी। यह आयोजन महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। गुरुवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि बोकारो सखी महोत्सव, महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध कराने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक सशक्तता को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय उत्पादों को भी नई पहचान मिलेगी। जिला प्रशासन इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### उकड़ीद और बाड़ी कापरेटिव मोड़ का एनएचआइ की टीम ने किया निरीक्षण

**सड़क दुर्घटनाएं कम करने को लेकर उपायों पर किया मंथन**





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एनएच स्थित उकड़ीद मोड़ - बाड़ी कापरेटिव मोड़ का गुरुवार को राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण (एनएचआइ) के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस मोड़ पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया। निरीक्षण में पाया गया कि तेज मोड़, कम संकेतक, और रात में कम रोशनी दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं। इसके अलावा तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी भी हादसों को बढ़ा रही है। दुर्घटनाएं कम करने के लिए यहां साइन बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर बनाने, लाइटिंग सुधारने और पुलिस की निगरानी बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने लोगों से सावधानी से वाहन चलाने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की है। निरीक्षण के दौरान एनएचआइ की टीम समेत कार्यपालक दंडाधिकारी सत्यबाला सिन्हा, थाना प्रभारी सेक्टर 12 एवं माराफाड़ी थाना के थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

### संस्कार भारती बोकारो जिला इकाई ने मनाया हिन्दू नववर्ष

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय साहित्य व ललित कलाओं को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई द्वारा गुरुवार की सुबह सेक्टर 4 जी स्थित काली मंदिर परिसर में हिन्दू नववर्ष सह चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कार भारती के बोकारो जिला इकाई के अध्यक्ष अमरजी सिन्हा व महामंत्री स्वरूप शेखर पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए सभी को हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष अमरजी सिन्हा, महामंत्री स्वरूप शेखर पांडेय के साथ ही साहित्य प्रमुख अरुण पाठक, नृत्य प्रमुख रजनी पाढ़ी, संगीतज्ञ संजीव मजुमदार, रेवंत जयेंद्र, आन्वी आशी आदि ने भगवान सूर्य को जल अर्पण करने के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम में तबले पर रेवंत जयेंद्र व हारमोनियम पर अमरजी सिन्हा ने अच्छी संगति की। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए स्वरूप शेखर पांडेय ने काली मंदिर के पुजारी गिरनारी बाबा, मंदिर प्रबंधन समिति सहित सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताया।

### चलकरी में कोयला की अवैध सुरंगों पर की गई कार्रवाई

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित पेटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत चलकारी मे लगातार अवैध कोयला का कारोबार चल रहा है। बोकारो जिले के पुलिस कप्तान एसपी हरबिंदर सिंह ने पेटरवार थाने को कार्रवाई का आदेश दिया है। पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुण्डा दल बल के साथ गंत्वय स्थान पर पहुंचे और अवैध कोयला के सुरंगो को जेसीबी चलाकर बंद कराया। अवैध मुहाने को बंद कराने के समय सीसीएल के अधिकारी भी उपस्थित रहे है। लोडर एवं जेसीबी मशीन के द्वारा अवैध मुहाने को बंद किया जा रहा है। एस पी हरबिंदर सिंह कहा कि इस तरह के अवैध कोयला का धंधा जो चल रहा उसे जल्द बंद कर दे। जहां भी अवैध कारोबारी सतर्क हो जाये नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाई।

### क्षतिग्रस्त आवासों के निवासियों हेतु रिक्त क्वार्टरों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के नगर प्रशासन विभाग द्वारा उन पूर्व कर्मचारियों, मृत कर्मचारियों के पति या पत्नी एवं उनके आश्रितों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है, जो वर्तमान में लाइसेंस पर आवंटित ऐसे आवासों में रह रहे हैं जिन्हें टीए सिविल विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त और मरम्मत के अयोग्य घोषित कर दिया गया है. बीएसएल द्वारा इन क्षतिग्रस्त ब्लॉकों के आवासों के बदले रिक्त ई/एफ/ई एफ प्रकार के क्वार्टरों के आवंटन की घोषणा की गई है. आवंटन हेतु उपलब्ध रिक्त आवासों की विस्तृत सूची आधिकारिक पोर्टल तथा लीज और लाइसेंस अनुभाग के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की गई है. ऐसे पात्र आवासधारी 20 मार्च से 31 मार्च 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं. ऑनलाइन आवेदन के पश्चात हस्ताक्षरित आवेदन रसीद जमा करने की अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है. विस्तृत जानकारी अथवा किसी भी प्रकार की सहायता के लिए आवेदक नगर प्रशासन विभाग के आवास आवंटन अनुभाग से संपर्क कर सकते हैं.

# निगम डीसिल्टिंग चेंबर के कार्य को 30 अप्रैल तक कराए पूरा: उपायुक्त

**नदी किनारे हाथियों के विचरण वाले क्षेत्रों की बेहतरी के लिए भी वन विभाग एवं नमामि गंगे टीम तैयार करें प्रस्ताव**





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में दामोदर/गरगा नदी एवं अन्य जल श्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता को लेकर प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में गुरुवार को गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जिला गंगा समिति की बैठक में सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित समय सीमा में अपने कार्य पूर्ण करें और दामोदर/गंगा एवं अन्य जल श्रोतों के संरक्षण के प्रयासों को तेजी से लागू करें। मौके पर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार ने क्रमवार पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों उसके अनुपालन की प्रगति से सभी को अवगत कराया।

**डिसेल्टिंग चेंबर का कार्य 30 अप्रैल तक करें पूरा**

बैठक में निर्देश दिया गया कि चास नगर निगम प्रबंधन चिन्हित 16 स्थानों पर डिसेल्टिंग चेंबर का कार्य 30 अप्रैल तक पूरा करें। इससे नदी में जल प्रवाह सुगम होगा और स्वच्छता सुनिश्चित होगी।

**एसटीपी और सड़क परियोजनाओं के लिए समयबद्ध योजना**

बैठक में एसटीपी निर्माण और सड़क परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। निगम 05 अप्रैल तक एसटीपी का डीपीआर तैयार करेगा, सीओ चास 15 अप्रैल तक सड़क निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करेंगे, जबकि बीएसएल प्रबंधन 20 अप्रैल तक एसटीपी निर्माण का टेंडर अंतिम रूप देगा।

**गंगा स्वच्छता पखवारा और जागरूकता अभियान**

जिला प्रशासन गंगा स्वच्छता पखवारे को व्यापक और भव्य रूप से मनाएगा। औद्योगिक और बाजार क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही वर्कशॉप, वाकथान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय लोगों, उद्योगपतियों और छात्रों को गंगा संरक्षण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**कसमार गरगा नदी उद्गम स्थल का करें निरीक्षण**

जिला प्रशासन ने कसमार गरगा नदी के उद्गम स्थल का निरीक्षण करने के लिए जांच कमेटी गठित की है। निरीक्षण के बाद नदी की वर्तमान स्थिति का विस्तृत प्रतिवेदन कार्यालय को प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही, दामोदर नदी के तेलमच्चो नदी किनारे घाट निर्माण व सड़क निर्माण को लेकर भी प्रस्ताव तैयार करने को कहा।

**हाथियों वितरण क्षेत्र संरक्षण के लिए तैयार करें प्रस्ताव**

जिले में नदी किनारे हाथियों के विचरण वाले क्षेत्रों की बेहतरी के लिए वन विभाग और नमामि गंगे टीम मिलकर प्रस्ताव तैयार करेंगे। इसमें हाथियों के ठहरने, पानी की उपलब्धता और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के उपाय शामिल होंगे। इससे मानव और वन्य जीव संघर्ष में कमी आएगी। बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समय पर पूर्ण हों और गंगा संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रयास तेजी से लागू किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जनता, उद्योग और स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी इन पहलों को और प्रभावी बनाएगी। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, वन पदाधिकारी संदीप शिंदे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त चास नगर निगम स्मिता कुमारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे प्रीतम कुमार, बीएसएल नगर सेवा के प्रतिनिधि, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य, फुसरो नगर परिषद के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी बोकारो में भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा,विक्रम संवत -2083 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया गया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह, सदस्य अरुण केसरी एवं प्राचार्य राजेंद्र कामत ने पूरे विद्यालय परिवार व भैया-बहनों को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। विद्यालय के आचार्य जितेन्द्र कुमार मिश्र ने नववर्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा -भारतीय संस्कृति एवं कालगणना विश्व में सबसे प्राचीन एवं वैज्ञानिक है। भारत संस्कृति, सभ्यता,धर्म एवं विज्ञान का देश है। जगत पिता ब्रह्माजी ने इसी दिन सृष्टि का निर्माण किया था। सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन विक्रमी संवत का शुभारंभ किया था। सम्राट युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी आज ही के दिन संपन्न हुआ था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक परम पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी आज ही के दिन हुआ था। प्राचार्य ने कहा कि इस माह में प्रकृति में नयापन दृष्टिगोचर होने लगता है। फूल खिलकर अपनी सुगंध वातावरण में बिखेरने लगते हैं। अपने आस - पास के परिवारों को नववर्ष की शुभकामनाएं दें, मंदिर में और घर में दीप अवश्य जलाएं । साथ ही भारत के भविष्य को संवारने का पुण्य काम जो ईश्वर ने हमें सौंपा है, उस कार्य में नई ऊर्जा के साथ विद्यालय के भैया - बहनों के सर्वांगीण विकास हेतु लग जाएं । गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह ने सभी को नववर्ष शुभकामनाएँ देते हुए नित्य प्रगतिशील बनने की कामना की। अरूण केसरी जी ने कहा कि इस नववर्ष को सभी हर्षोल्लास से मनाएं।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

### बीएसएल द्वारा पहली बार आयोजित होगी 'फूड स्ट्रीट'

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा शहरवासियों के लिए एक अभिनव एवं आकर्षक पहल के तहत 22 मार्च 2026 को एक दिवसीय 'फूड स्ट्रीट' का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन सेक्टर-4 स्थित गांधी चौक से बोकारो मॉल जाने वाली मुख्य सड़क पर आयोजित होगा, जहाँ शहरवासियों को स्वाद, संस्कृति और मनोरंजन का एक अनूठा अनुभव प्राप्त होगा. इस कार्यक्रम की तैयारियाँ बीएसएल द्वारा प्रारंभ कर दी गई हैं तथा इसका औपचारिक शुभारंभ रविवार, 22 मार्च 2026 को संध्या लगभग 05:00 बजे किया जाएगा. बीएसएल द्वारा पहली बार आयोजित किया जा रहा यह कार्यक्रम शहर के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन को और अधिक जीवंत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के आकर्षक फूड स्टॉल लगाए जाएंगे।

# झंडों, ध्वज-दंडों और साउंड सिस्टम की अधिकतम ऊँचाई 4 मीटर



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने बोकारो जिले में रामनवमी शोभा यात्राओं को लेकर विशेष सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं। इन निदेर्शों का उद्देश्य यात्राओं को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाना है।

**उच्च न्यायालय और एसओपी के अनुसार ऊँचाई सीमा।**

- झंडों, ध्वज-डंडों और साउंड सिस्टम की अधिकतम ऊँचाई 4 मीटर (लगभग 13 फीट) निर्धारित की गई है।
- यह सीमा हाईकोर्ट के आदेश और प्रशासन द्वारा जारी एसओपी के अनुरूप है, ताकि बिजली के उच्च-टेंशन तारों से संपर्क और संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

**आयोजकों और समितियों के लिए निर्देश**

- सभी आयोजक और समितियां निर्धारित ऊँचाई सीमा का सख्ती से पालन करें।
- वाहनों पर लगाए जाने वाले झंडे और लाउडस्पीकर 4 मीटर से अधिक ऊँचे नहीं होने चाहिए।
- शोभा यात्रा के मार्ग पर सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण सुनिश्चित करें।

**नागरिकों और श्रद्धालुओं के लिए अपील**

- यातायात नियमों और सुरक्षा उपायों का पालन करें।
- किसी भी असुरक्षित गतिविधि की तुरंत सूचना स्थानीय प्रशासन या पुलिस को दें।
- उत्सव को भक्ति भाव से मनाएं, लेकिन सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी नागरिकों और आयोजकों से अनुरोध किया है कि वे रामनवमी उत्सव को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

# इंटर-स्टील बैडमिंटन चैंपियनशिप में बीएसएल बना विजेता




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र ने इंटर-स्टील बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025-26 के पुरुष टीम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया. खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में बोकारो इस्पात संयंत्र ने आरआईएनएल, विशाखापट्टनम को 2-1 से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की. मुकाबले के दौरान बीएसएल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और उच्च स्तरीय खेल-कौशल का परिचय देते हुए टीम को विजयी बनाया. फाइनल में अरिजीत बनर्जी एवं स्नेहाशीष पात्रा ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए निर्णायक जीत सुनिश्चित की. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं साथ में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी एवं कार्यकारी अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस. के. भारद्वाज, महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) चौधरी रत्नेश कुमार सुधांशु, उप महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं खेल-प्रेमी उपस्थित थे. मुख्य अतिथि सुश्री बनर्जी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

# पेटरवार में धूमधाम से मनाया गया हिंदू नव वर्ष, निकली रैली




**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल के पेटरवार प्रखंड मेला टांड़ दुर्गा मंडप के प्रांगण में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष के अवसर पर हिन्दू सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसका संचालन शशिकांत सिंघला ने किया। इस सम्मलेन में सनातन धर्म,भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय चेतना के बारे में लोगो को संक्षिप्त में बताया गया। वहीं पेटरवार संघ के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला ,पुरुष बढ़ चढ़ कर भाग लिया। वही गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो शामिल होकर पेटरवार की जनता को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज ज्योति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य नवीन कुमार ने विधालय के छात्रों के साथ इस हिन्दू नव वर्ष सम्मलेन व रैली में भाग लिया। वहीं हिन्दू नव वर्ष के मौके पर राम भक्तो का जन सैलाब जय श्री राम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। वहीं ढोल नगाड़ा के धुन और हाथों में भगवा झंडा लिए रामभक्त जय श्री राम का नारा लगाते हुए पेटरवार के मेला टांड़ से मंदिर टोला, छत्रु राम महतो चौक, एन एच 23, न्यू बस स्टैंड, बाजार टांड़, मठ टोला, बक्सी टोला, खत्री टोला, ठाकुर मोहल्ला सहित विभिन्न मार्ग भ्रमण करते हुए मेला टांड दुर्गा मंदिर के प्रांगण में पहुंचे। वहीं पूरे रास्ते में दोनों तरफ से महिलाएं छोटे-छोटे बच्चियों फूलों का बरसात करते रहे। मेला टांड़ प्रांगण में पहुंचते ही भक्ति मय हो गया और जय श्री राम के उद्घोष के नारे घंटो लगते रहें। वहीं जगह जगह पर पेटरवार पुलिस प्रसासन साथ साथ चल रहे थे। राम भक्तो ने कहा आज हिंदू सामाज हर्षोल्लास के साथ हिन्दू नव वर्ष मना रहें। वही रैली के त्तपश्चात विराट हिन्दू सम्मलेन में प्रवर्तित हो गया। वहीं सम्मलेन में सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्र चेतना की जानकारी दी। वही राष्ट्रीय स्वयं सेवक के प्रचारक विजय घोस ने कहा कि आज के दिन पुरे देश के हर प्रखंडों में विराट हिंदू सम्मेलन किया जा रहा है। वहीं घोस ने कहा कि हिंदू को तोड़ने का जो काम किया जा रहा है विभिन्न जाति के नाम पर,संघ के नाम पर, समुदाय के नाम पर, इस भूमि में जो जन्म लिया है वह भारत माता का संतान है।

# बीजीएच में लैप्रोस्कोपिक हर्निया कार्यशाला का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जनरल हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर कॉम्प्लेक्स में आज एक लैप्रोस्कोपिक हर्निया कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया. इस कार्यशाला का उद्देश्य डॉक्टरों एवं स्नातकोत्तर प्रशिक्षुओं के शल्य कौशल को उन्नत करना था. कार्यशाला में उन्नत न्यूनतम इनवेसिव हर्निया रिपेयर तकनीकों जैसे टोटली एक्स्ट्रापेरिटोनियल रिपेयर, ट्रांसएब्डोमिनल प्रीपेरिटोनियल रिपेयर - इन्गुइनल हर्निया के लिए, तथा इंट्रापेरिटोनियल ऑनले मेश रिपेयर झ्र इन्सीजनल/वेंट्रल हर्निया के लिए विशेष रूप से शामिल थीं. इस कार्यशाला में अतिथि संकाय के रूप में गुरुग्राम स्थित मेदांता हॉस्पिटल के प्रख्यात जीआई सर्जन डॉ. वैभव शर्मा ने भाग लिया तथा उपस्थित सर्जनों के साथ अपना अनुभव एवं विशेषज्ञता साझा की. कार्यक्रम में लाइव सर्जिकल डेमोंस्ट्रेशन, विशेषज्ञ व्याख्यान तथा इंटरएक्टिव चर्चाएं आयोजित की गईं, जिनमें लैप्रोस्कोपिक हर्निया सर्जरी में नवीनतम नवाचारों एवं श्रेष्ठ प्रथाओं पर प्रकाश डाला गया. यह कार्यशाला बोकारो जनरल हॉस्पिटल की उन्नत शल्य शिक्षा को बढ़ावा देने तथा इन्गुइनल एवं इन्सीजनल/वेंट्रल हर्निया के उपचार में आधुनिक न्यूनतम इनवेसिव तकनीकों के माध्यम से मरीजों की देखभाल में सुधार के प्रति उसकी सतत प्रतिबद्धता को दशार्ती है. बोकारो जनरल हॉस्पिटल के जनरल सर्जरी विभाग में डॉ. आनंद प्रकाश एवं उनकी टीम द्वारा नियमित रूप से लैप्रोस्कोपिक सर्जरी (जैसे लैप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी, लैप्रोस्कोपिक एपेंडेक्टॉमी, लैप्रोस्कोपिक अम्बिलिकल हर्निया रिपेयर, स्टेपलर हेमोरॉयडेक्टॉमी तथा बच्चों में स्टेपलर सर्कम्सीजन) सफलतापूर्वक की जा रही है. इस कार्यशाला के पश्चात विभाग को आशा है कि वे लैप्रोस्कोपिक हर्निया सर्जरी तथा अन्य न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी में अपने शल्य कौशल को और अधिक उन्नत कर सकेंगे. कार्यशाला का समन्वयन डॉ. अनिंद मंडल (सीएमओ), डॉ. आनंद प्रकाश (एचओडी, जनरल सर्जरी), डॉ. श्रवण कुमार (डिप्टी सीएमओ) एवं डॉ. निलय कुमार (चीफ कंसल्टेंट) द्वारा किया गया. यह कार्यक्रम डॉ. बी.बी. करुणामय (ईडी, एम एंड एचएस), डॉ. आनंद कुमार (सीएमओ), डॉ. इन्द्राणी चौधरी (सीएमओ) तथा डॉ. ए.के. दाम (एचओडी, एनेस्थीसिया) के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ. इस कार्यशाला में जनरल सर्जनों, डीएनबी रेजिडेंट्स तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया और हर्निया सर्जरी की विकसित होती तकनीकों पर व्यावहारिक एवं उपयोगी जानकारी प्राप्त की.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com